भोपाल
सोमवार, 13 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 13, अंक : 102
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 26

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मप्र की सबसे बड़ी साइबर ठगी

## ग्वालियर के बुजुर्ग सीए से 21 करोड़ रु. हड़पे


अशोक विजयवर्गीय

लड़की ने ऑनलाइन निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया

हरिभूमि न्यूज ग्वालियर

हैलो... मैं दिव्या बोल रही हूं, सोशल मीडिया पर आए इसी एक मैसेज से शुरू हुई चैटिंग ने मध्य प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अशोक विजयवर्गीय को कंगाल बना दिया। ऑनलाइन निवेश और भारी मुनाफे का झांसा देकर शातिर साइबर ठगों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग सीए से 21 करोड़ 6 लाख रुपए हड़प लिए। इसे प्रदेश शेष पेज 6 पर

## नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली पहुंचे, नितिन नबीन के सामने रखा अपना पक्ष

# नरोत्तम बोले- भाजपा में पैदा हुआ, यहीं मरूंगा, इधर-उधर की कोई बात ही नहीं

- रविवार को समर्थन में बंद रहा दतिया बाजार
- आज आशुतोष के नामांकन में शामिल होंगे

विशेष प्रतिनिधि भोपाल

शनिवार को राजधानी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रभारी संगठन महामंत्री अजय जामवाल से मुलाकात के बाद दतिया के टिकट से वंचित पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा रविवार को दिल्ली पहुंच गए। समर्थकों के उत्पात के बाद केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें तलब किया था।

दिल्ली में उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकत कर अपना पक्ष रखा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्हें जिससे मिलना था, मिल चुका। अब वापस दतिया जा रहा हूं और सोमवार को भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के नामांकन के दौरान साथ रहूंगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में पैदा हुआ हूं और भाजपा में ही मरूंगा। इधर-उधर की कोई बात ही नहीं। न निर्दलीय न आजाद, भाजपा के लिए काम करूंगा। उधर, दतिया में समर्थक भी शांत हो गए हैं। मप्र भवन में मीडिया से चर्चा में नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मैंने उनको समझाया है वो मान भी गए हैं। वो क्षणिक आवेश था। इधर, भाजपा ने दतिया में डैमेज कंट्रोल शुरू कर दिया है। भाजपा शेष पेज 6 पर, पढ़ें पेज 05 भी


नरोत्तम मिश्रा

### नरोत्तम के काम आगे बढ़ाऊंगा : आशुतोष

भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद आशुतोष तिवारी रविवार को पहली बार पीतांबरा पीठ पहुंचे। मां पीतांबरा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और चुनाव अभियान की शुरुआत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने क्षेत्र के विकास के लिए जो काम किए हैं, चुनाव जीतने के बाद उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा।

### बसपा नहीं लड़ रही चुनाव, सपा कांग्रेस के साथ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने दतिया उपचुनाव से दूरी बनाते हुए मध्य प्रदेश इकाई को साल 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस करने के निर्देश दिए हैं। यहां बसपा के चुनाव न लड़ने का बड़ा फायदा आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को मिल सकता है, जो दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटों के बिखराव को रोककर शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नीमच में लग्जरी बस से 105 किलो डोडाचूरा जब्त

**नीमच।** फोरलेन पर लग्जरी बस से 105 किलोग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने बस, डोडाचूरा और मोबाइल सहित कुल 65.85 लाख रुपए का मशरूका जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम ने फार्म फिल्स ढाबे के पास घेराबंदी कर बस को रोका।



### महिला से अश्लील हरकत करने वाला एजेंट गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** मराठहल्ली थाना क्षेत्र में एक डिलीवरी एजेंट द्वारा अकेली रहने वाली महिला के फ्लैट में जबरदस्ती घुसकर अश्लील हरकत करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विजय मल्लिकार्जुन कामत (22) को गिरफ्तार कर लिया है।



## मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में ट्रांसफर किए 1835 करोड़ रुपए

# मप्र में इसी महीने से लागू होगी समान नागरिक संहिता : सीएम

प्रदेश भर से समिति के पास यूसीसी के लिए दस लाख से ज्यादा सुझाव आए

हरिभूमि न्यूज भोपाल

सीएम ने कहा कि कांग्रेसी बेशर्मी से बोलते हैं कि लाड़ली बहनों को पैसे मत दो, कांग्रेस अध्यक्ष को डूब मरना चाहिए। ये माता-बहनों का अपमान है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में एक देश-एक विधान-एक प्रधान-एक राष्ट्रगान होना चाहिए। हिंदू-मुस्लिम-ईसाई का कानून अलग-अलग नहीं हो सकता। किसी को दो-तीन-चार शादियों का हक न हो। उन्होंने कहा कि इसी महीने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेंगे। मप्र उन बड़े राज्यों में से होगा, जिसका कानून सबको समानता का अधिकार देगा। इसमें मुस्लिम बहनों की भी जिंदगी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि हमारी समिति पूरे प्रदेश में घूमी। उसके पास यूसीसी के लिए दस लाख से ज्यादा सुझाव आए। इन सुझावों में मुस्लिम बहनों के भी सुझाव आए। उन्होंने कहा कि भैया ये कानून जल्दी लागू करो। इस कानून से हमारी जिंदगी सुरक्षित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को भिंड जिले के लहार से लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1835 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। उन्होंने भिंड जिले को बड़ी सौगात दी। उन्होंने 322.29 करोड़ के 56 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर भिंड को 4 सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिलेगी। लहार के कॉलेज में पीजी कोर्स शुरू किया जाएगा।

मुस्लिम बहनों ने कहा भैया इसे जल्दी लागू करें


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंगल क्लिक से बहनों के खातों में पैसे ट्रांसफर करते हुए

- *मुख्यमंत्री ने किया 56 विकास कार्यों का भूमि-पूजन, लोकार्पण*
- *भिंड को दी 322.29 करोड़ की सौगात*
- *भिंड जिले के लहार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन*

### कांग्रेसी बहनों के कष्ट में कभी शामिल नहीं हुए

सीएम ने कहा कि कांग्रेसियों के परिवार ने गरीबी नहीं देखी, बहनों के कष्ट में भी कभी शामिल नहीं हुए। किसी लाड़ली बहना के परिवार में जाकर कांग्रेसी पूछें कि पैसे का क्या महत्व होता है। हमने कई बार कहा है कि लाड़ली बहनों के लिए जो बन पड़ेगा, वो सब करेंगे। कांग्रेसी बेशर्मी से बोलते हैं कि लाड़ली बहनों को पैसे मत दो, वो इन रुपयों से शराब पीती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष को डूब मरना चाहिए। ये माता-बहनों का अपमान है। कांग्रेस की नीति और नीयत सदैव इसी भावना की रहती है। शेष पेज 6 पर, पढ़ें पेज 05 भी

### सरकारी बस सेवा इसी महीने से शुरू होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। जब से हमारी सरकार आई है, हमने किसानों से अन्न खरीदा। कांग्रेस के शासनकाल में 55 साल में गेहूं का भाव 400 रुपए भी नहीं बढ़ा। जबकि, हमारी सरकार के 20 साल के कार्यकाल में गेहूं 2625 रुपए क्विंटल खरीद रहे हैं। आप गोशाला संचालित करेंगे, तो सरकार आपकी सहायता करेगी। कांग्रेस के शासनकाल में सरकारी बसें बंद हो गई थीं, लेकिन हमारी सरकार इसी महीने इसे दोबारा शुरू कर रही है। हमारी सरकार सब वर्गों के लिए काम कर रही है।

यदि कोई पीएम और सीएम जेल जाए तो...

## संसदीय समिति की सिफारिश हटाने के बजाए हो 'निलंबन'

संसदीय समिति रिपोर्ट के जल्द स्वीकृत किए जाने के आसार

एजेंसी नई दिल्ली



विपक्षी दलों की चिंताओं के बीच संसद की एक कमेटी ने सिफारिश की है कि यदि प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री किसी गंभीर अपराध के आरोप में लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखे जाते हैं, तो उन्हें उनके पद से हटाने की जगह निलंबित किया जाना चाहिए। कमेटी ने एक ऐसी व्यवस्था का भी प्रपोजल दिया है, जिसके अंतर्गत अगर ऐसे लोगों को आरोपों से बरी कर दिया जाता है या मुकदमे की कार्यवाही तय समयसीमा के अंदर आगे नहीं बढ़ती है, तो निलंबन खुद ही खत्म हो जाएगा। दरअसल, 130वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा कर रही पार्लियामेंट की ज्वॉइंट कमेटी ने 2 खास और 3 सामान्य शेष पेज 6 पर

गैंगरेप-डकैती के विरोध में फूटा गुस्सा

## नगर बंद कर निकाली बाइक रैली- दोषियों को 'फांसी' दो

इंदौर में जिंदगी की जंग लड़ रही पीड़िता

हरिभूमि न्यूज आलीराजपुर

जिले के बोरी थाना क्षेत्र में एक बेवा महिला के साथ गैंगरेप, डकैती और अमानवीय बर्बरता के खिलाफ रविवार को जनता का भारी आक्रोश फूट पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने एकजुट होकर विशाल बाइक रैली निकाली और पूरे नगर को बंद रखा। प्रदर्शनकारियों ने पीड़िता को न्याय दो और दोषियों को फांसी दो के शेष पेज 6 पर


बाइक से प्रदर्शन

### कांग्रेस ने गठित की जांच कमेटी

इस संवेदनशील मामले पर अब सियासी पारा भी चढ़ गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने घटना की जमीनी हकीकत और पुलिस कार्रवाई की जांच के लिए पांच सदस्यीय विशेष समिति का गठन किया है, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

जहरीले पदार्थ का किया सेवन

## विवाहिता ने की आत्महत्या मेहंदी में बयां किया दर्द

हरिभूमि न्यूज छिंदवाड़ा



महिला ने सुसाइड से पहले अपने हाथों पर लिखा

चौरई इलाके में 32 वर्षीय विवाहिता प्रीति वर्मा ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। चौंकाने वाली बात यह है कि कदम उठाने से पहले महिला ने अपने हाथों पर मेहंदी से अपना दुख-दर्द लिखा, जिसे पुलिस अब सुसाइड नोट मानकर जांच कर रही है। 13 वर्ष पहले शादीशुदा प्रीति शेष पेज 6 पर

दिल्ली एम्स की रिपोर्ट में खुलासा

## जिम्नास्टिक बेल्ट पर मिले स्किन टिशू, रिपोर्ट सीबीआई को सौंपी

हरिभूमि न्यूज भोपाल




न्यायपालिका के लिए होगा अहम सबूत

ट्विशा शर्मा मौत मामले में दिल्ली एम्स की फॉरेंसिक टीम ने अपनी 11 पन्नों की अंतिम गोपनीय रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है। इस रिपोर्ट में एक ऐसा चौंकाने वाला खुलासा हुआ है, जो केस की पूरी दिशा बदल सकता है। हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच में फंदे के रूप में इस्तेमाल की गई शेष पेज 6 पर

## फीफा वर्ल्ड कप 2026: सेमीफाइनल का रोमांचक मोड़



### अर्जेंटीना के सामने इंग्लैंड और फ्रांस से भिड़ेगा स्पेन

चारों टीम जबरदस्त फॉर्म में

**नई दिल्ली।** 48 टीमों की कड़ी चुनौती के बाद फीफा वर्ल्ड कप 2026 अब अपने अंतिम रोमांचक दौर में पहुंच चुका है। टूर्नामेंट में अब सिर्फ चार महाशक्तियां बची हैं। फुटबॉल के इस महाकुंभ के सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का सामना इंग्लैंड से होगा, जबकि दूसरे हाई-प्रोफाइल मुकाबले में पूर्व चैंपियन फ्रांस के सामने स्पेन की चुनौती होगी। लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना ने शानदार रणनीति और दमदार खेल के दम पर अंतिम चार में जगह बनाई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम भी जबरदस्त शेष पेज 6 पर

### मां-बेटे के संदिग्ध हालात में मिले शव

**देवास।** लसुल्डिया नरसला काकड़ गांव में रविवार सुबह 45 वर्षीय राधेश्याम और उनकी 70 वर्षीय मां उमराव बाई के शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक कच्ची सड़क पर पड़े मिले। पास ही खड़ी उनकी बाइक से एक बोतल मिली है, जिसमें जहरीला पदार्थ होने की आशंका है। परिजनों के मुताबिक, राधेश्याम का पत्नी से विवाद चल रहा था, वह मां के साथ इंदौर में अपनी बहन के घर रह रहा था। शनिवार शाम दोनों शिप्रा जाने का कहकर निकले थे।



पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी की किताब में बड़ा खुलासा

# मैं आत्महत्या कर लूंगा, ऐसा क्यों बोले थे डॉ. मनमोहन?

एजेंसी नई दिल्ली

'मैं आत्महत्या कर लूंगा...', ये शब्द 2012 में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) एस वाई कुरैशी से तब कहे थे, जब निर्वाचन आयोग के कामकाज को लेकर कुछ मंत्रियों की 'बेतुकी बयानबाजी' से आहत कुरैशी ने अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी।

सिंह ने कुरैशी से यह भी कहा था कि निर्वाचन आयोग केवल 'भारत का गौरव' नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र की 'आत्मा' है और 'अगर हमने इसे खो दिया तो सबकुछ खो देंगे। इस दिलचस्प बातचीत का जिक्र कुरैशी ने अपनी आगामी पुस्तक 'इंडिया एंड आईः ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर' में किया है। अपनी किताब में पूर्व मुख्य चुनाव शेष पेज 6 पर

### क्यों हुई थी मुलाकात?

कुरैशी के मुताबिक, उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ कुछ केंद्रीय मंत्रियों की टिप्पणी पर अपनी नाराजगी प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई थी। इसके बाद मनमोहन सिंह ने उन्हें तुरंत मिलने के लिए बुलाया। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्रियों के बयानों की जानकारी नहीं थी और अगर पहले पता चलता तो वे उन्हें फटकार लगाते। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है और उसकी गरिमा हर हाल में बनी रहनी चाहिए।



### क्या है पूरा विवाद?

किताब के मुताबिक, यह मामला जनवरी 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का है। उस समय तत्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने चुनाव प्रचार के दौरान मुस्लिमों के लिए 4.5 फीसदी उप-कोटा बढ़ाकर 9 फीसदी करने का वादा किया था। भाजपा ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग में शिकायत की। सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने सलमान खुर्शीद को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद कांग्रेस के कुछ नेताओं और मंत्रियों शेष पेज 6 पर

### *कुरैशी की किताब में क्या-क्या?*

*कुरैशी की पुस्तक इंडिया एंड आईः ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट ए मेमॉयर में सार्वजनिक जीवन के कई ऐसे अनुभवों का जिक्र किया गया है, जो पहले सामने नहीं आए थे। मनमोहन सिंह से जुड़ा यह प्रसंग भी उन्हीं संस्मरणों में शामिल है और इसे लेखक ने सांविधानिक संस्थाओं के प्रति तत्कालीन प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता का उदाहरण बताया है।*



प्रति सिलेंडर वितरक कमीशन में तत्काल की जाए 75 रुपए की वृद्धि

# एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स का सरकार को अल्टीमेटम मांगें नहीं मानीं तो अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन

वाणिज्य संवाददाता ▶▶ भोपाल

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (आई) के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के रसोई गैस वितरकों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। भोपाल में आयोजित अधिवेशन में देश के लगभग सभी राज्यों से करीब 600 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए और सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं हुआ तो अक्टूबर 2026 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा।

राष्ट्रीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित



एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स की नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन।

## तत्काल मांगों को करें पूरा

इसके बाद भी समाधान नहीं निकलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। अधिवेशन में वितरकों ने सरकार से डेनोवो स्टडी की अनुशंसाओं को तत्काल लागू करने की मांग की। एसोसिएशन का कहना है कि मौजूदा परिस्थितियों में एलपीजी वितरण की लागत लगातार बढ़ रही है, इसलिए प्रति सिलेंडर वितरक कमीशन में 75 रुपए की तत्काल वृद्धि की जाए। उनका तर्क है कि मौजूदा कमीशन से संचालन व्यय निकालना भी मुश्किल हो गया है।

## तेल कंपनियों पर शोषण के आरोप

एसोसिएशन ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर वितरकों के शोषण का आरोप लगाया। अधिवेशन में कहा गया कि कंपनियां वितरकों पर एनएफआर-एआरबी, सुरक्षा होज, लाइटर, चूल्हे और अन्य उपभोक्ता उत्पादों की बिक्री का अनावश्यक दबाव बना रही हैं। प्रतिनिधियों ने ऐसी व्यवस्था को तुरंत समाप्त करने की मांग की।

## पीएनजी नीति और अन्य मांगें

*वितरकों ने सरकार से पीएनजी को अनिवार्य बनाने संबंधी आदेश वापस लेने, बिना मांग के वितरकों के इंडेंट में बदलाव नहीं करने तथा 19 किलोग्राम, 5 किलोग्राम और कमर्शियल सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। साथ ही अतिरिक्त कार्यों के लिए उचित पारिश्रमिक देने और ग्रामीण व शहरी उपभोक्ताओं के बीच पीएनजी उपलब्धता के समय में अंतर समाप्त करने की भी मांग की गई।*

## जंतर-मंतर पर करेंगे प्रदर्शन

*राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस शर्मा ने कहा कि यदि सरकार ने वितरकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो देशभर के एलपीजी वितरक अक्टूबर में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। इसके बावजूद समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष बने कपिल, योगेश महामंत्री



**भोपाल।** मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की बैठक यांत्रिकी भवन, में आयोजित हुई। इस दौरान वर्तमान प्रांताध्यक्ष आरपी शर्मा के सेवानिवृत्त होने के कारण रिक्त पद के लिए बैठक में चर्चा की गई, चर्चा बाद सर्वसम्मति से वर्तमान महामंत्री कपिल त्यागी, लोक निर्माण विभाग को प्रांताध्यक्ष मनोनीत किया गया। त्यागी के प्रांताध्यक्ष मनोनीत होने से रिक्त हुए महामंत्री पद पर योगेश उपाध्याय, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को मनोनीत किया गया हैं। बैठक में वर्तमान में विभागों में चल रही प्रमोशन प्रक्रिया एवं उसमें आ रही समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं निराकरण के लिए सभी तकनीकी विभागों के विभाग प्रमुखों एवं प्रमुख अभियंताओं से मिलकर समस्याओं से अवगत करवाकर निराकृत के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। सांगठनिक ढांचे एवं निष्क्रिय जिलों एवं क्षेत्रीय समितियों के कामकाज की समीक्षा की गई।

### एमपी ट्रांसको के ट्रेनीज असिस्टेंट इंजीनियरों को दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के सहायक अभियंता (अस्सिटेंट इंजीनियर) प्रशिक्षुओं ने 132 केवी भोपाल–बगरोदा ट्रांसमिशन लाइन पर फ्लैशओवर से प्रभावित डिस्क इंसुलेटर के रिप्लेसमेंट के लिए गए शटडाउन कार्य के दौरान महत्वपूर्ण व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया
प्रशिक्षुओं ने शटडाउन लेने की संपूर्ण प्रक्रिया, सुरक्षा मानकों, वर्क परमिट व्यवस्था, लाइन को सुरक्षित रूप से आइसोलेट करने की कार्रवाई तथा कार्यस्थल पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न टूल्स की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने डिस्क इंसुलेटर बदलने की वास्तविक प्रक्रिया को निकट से देखा और ट्रांसमिशन लाइन के मेंटेनेंस कार्यों की तकनीकी बारीकियों को समझा। विद्युत क्षेत्र के अभियंताओं के लिए इस प्रकार के फील्ड प्रशिक्षण में सुरक्षा प्रक्रियाओं एवं उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

राष्ट्रीय ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन ज्योतिषाचार्यों की भविष्यवाणी...

# उप्र में भाजपा सरकार बनने के संकेत, शनि भारी होने से ईरान को युद्ध में होगी क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) सभागार नेहरू नगर में चल रहे दो दिवसीय कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया। इसमें देशभर से करीब 400 ज्योतिषाचार्य शामिल हुए। इस मौके पर विश्व में कई देशों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर भी चर्चा की गई।

इसमें कई ज्योतिषाचार्य ने कहा यह केवल अहंकार की लड़ाई है। तेल को लेकर भी लड़ाई है। आने वाले समय में भारत निर्णायक भूमिका इस युद्ध में निभाने वाला है। सम्मेलन के संयोजक ज्योतिषाचार्य पं. विनोद गौतम ने बताया कि लोगों के मन में ज्योतिष को लेकर भ्रम है। इस सम्मेलन से इनको दूर करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में कई प्रदेशों से लोग शामिल हुए हैं। कई ऐसी भी ज्योतिष विद्याएं हैं, जिनके बारे में अभी लोगों को ज्यादा समझ नहीं है। इसलिए लोग अक्सर गलत लोगों से जुड़ जाते हैं।


राष्ट्रीय ज्योतिष विज्ञान सम्मेलन में मौजूद विद्वान।


सम्मेलन को संबोधित करते ज्योतिषाचार्य।

## एआई आने से बदली ज्योतिष विद्या

सम्मेलन के दूसरे दिन भी ज्योतिषाचार्यों ने एआई को लेकर चर्चा की। इस दौरान ज्योतिषाचार्यों का कहा था कि पहले हम काफी गणना करते थे, बाकी सब चीजें करने में भी समय लगता था। हम एआई पर भरोसा नहीं कर सकते। क्योंकि सही गणना केवल खुद से होती है। सटीक जवाब आपको खुद गणना करने से ही मिलता है। लोग भी एआई पर अभी उतना विश्वास नहीं करते हैं।

### वृंदावन के नित्यानंद ने की इस संबंध में भविष्यवाणी

*इस राष्ट्रीय सम्मेलन में वृंदावन से आए प्रख्यात नित्यानंद गिरी ने भविष्यवाणी कर कहा कि ग्रहों की इस समय जो दिशा है। उसके हिसाब से यूपी में फिर भाजपा की सरकार आ सकती है।*

## ईरान का शनि भारी, उसे युद्ध में नुकसान होगा

इस मौके पर पंडित कृपाराम उपाध्याय ने ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध को लेकर भी कई महत्वपूर्ण भविष्यवाणियां कीं। उन्होंने इस संबंध में कहा कि ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध पर कहा कि चूंकि ईरान तेल का व्यापार करता है, उसका शनि भारी है। इसके चलते उसे आगे नुकसान होगा।

रहवासी बोले- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

भेल नगर में बन रही सीसी रोड, पर नहीं हटाया गया पेड़

# सड़क के बीचों-बीच लगा आम का पेड़ बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वार्ड क्रमांक 64 स्थित भेल नगर कॉलोनी में पीडब्ल्यूडी द्वारा 80 फीट सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य के बीच सड़क के बीचों-बीच खड़ा आम का पेड़ लोगों के लिए परेशानी और हादसों का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि मकान नंबर 43/ए के सामने सड़क के बीच मौजूद इस पेड़ के कारण बड़े वाहन आसानी से नहीं निकल पा रहे हैं। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।


भेल नगर कॉलोनी में सीसी रोड के बीचोंबीच लगा आम का पेड़।



## रहवासी बोले...

सड़क निर्माण से पहले ही इस समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई थी। तेज सिंह ठाकुर सहित कॉलोनी के लोगों ने ठेकेदार, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों, क्षेत्रीय पार्षद, नगर निगम आयुक्त और मंत्री कृष्णा गौर को भी आवेदन देकर पेड़ को सुरक्षित तरीके से हटाने या स्थानांतरित करने की मांग की थी, इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मानसिक रोगों पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

# मानसिक रोगों के उपचार की नई तकनीक ज्यादा बेहतर: डॉ. परेश


मानसिक रोगों पर आयोजित कार्यशाला में उद्बोधन देते डॉ. परेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसिक रोगों के उपचार में तेजी से उभर रही रिपीटेटिव ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन एवं डीप तकनीकों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को हुआ।

इस दौरान अनेक मनोरोग विशेषज्ञों, चिकित्सा से जुड़े छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रो. (डॉ.) आरएन साहू, डायरेक्टर, भोपाल न्यूरो साइकियाट्रिक क्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, भोपाल तथा प्रो. (डॉ.) परेश दोशी, डायरेक्टर, न्यूरो सर्जरी विभाग, जसलोक हॉस्पिटल, मुंबई शामिल हुए।

## अत्याधुनिक प्रणाली को विस्तारपूर्वक समझाया

जिन्होंने मानसिक रोग के उपचार में अत्याधुनिक प्रणाली को विस्तार से समझाया और उनके फायदे बताए। मानसिक रोग से संबंधित चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत नई पीढ़ी के चिकित्सकों को मेन्टल हेल्थ के उपचार की अत्याधुनिक जानकारी देने के लिए प्रमुख वक्ता के तौर पर प्रो. निशांत गोयल, डॉ. समीर कुमार प्रहराज, डॉ. श्याम सुंदर अरुमुगम एवं डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी मौजूद थे।



मालवा और राजकोट एक्सप्रेस को मिला है स्टॉपेज

# रेलवे बोर्ड की मंजूरी, मंडल सांसदों की बैठक में चर्चा के 9 माह बाद भी शुरू नहीं हुआ निशातपुरा स्टेशन रेल ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल सांसदों की बैठक में चर्चा के 9 माह बाद व रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिलने के करीब एक महीने बाद भी निशातपुरा रेलवे स्टेशन का संचालन शुरू नहीं हो सका है। स्टेशन शुरू होने में हो रही देरी यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। तो वहीं स्थानीय स्तर पर राजनीतिक हस्तक्षेप की बातें भी सामने आ रही हैं। इसके साथ ही अब जुलाई अंत व अगस्त के पहले सप्ताह में रेल यातायात शुरू करने की बात रेलवे अधिकारियों द्वारा कहीं जा रही है।

इस माह के अंत या अगस्त में रेल यातायात शुरू होने की चल रही तैयारी


फाइल फोटो

## यात्रियों को हो रही परेशानी

*निशातपुरा और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले यात्रियों को इसका सीधा असर झेलना पड़ रहा है। वर्तमान में ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को भोपाल या रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे यात्रा में समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। दैनिक यात्रियों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निशातपुरा स्टेशन के शुरू होने के बाद आसपास के क्षेत्रों के लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए शहर के दूसरे हिस्सों तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय, किराया और अतिरिक्त यात्रा की परेशानी कम होगी। इसके अलावा भोपाल और रानी कमलापति स्टेशन पर यात्रियों का दबाव भी कुछ हद तक कम होने की संभावना है। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, स्थानीय व्यापार और आवागमन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।*

## इन ट्रेनों को मिला स्टॉपेज

मालवा एवं राजकोट एक्सप्रेस शुरू होने के बाद यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यहां दो ट्रेनों के स्टापेज तय किए गए हैं। इन ट्रेनों के ठहराव से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### जुलाई के अंत तक शुरू होने की संभावना

निशातपुरा रेलवे स्टेशन पूरी तरह तैयार हो चुका है। यहां दो ट्रेनों का स्टापेज भी तय किया जा चुका है। अब केवल उद्घाटन बाकी है, जो जुलाई के अंतिम सप्ताह तक होने की संभावना है।

**हर्षित श्रीवास्तव,** सीपीआरओ पमरे जोन

### केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा है...

निशातपुरा रेलवे स्टेशन को जल्द शुरू करने के लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा है, उम्मीद है कि जल्द ही तिथि तय होने के साथ ही स्वीकृति मिल जाएगी।

**आलोक शर्मा,** सांसद




## 3 एकड़ में फैले पार्क में होंगी इको-फ्रेंडली सुविधाएं, सौर ऊर्जा आधारित लाइटिंग, वॉकिंग ट्रैक

# लालघाटी में आठ करोड़ रुपए की लागत से बन रहे नमो उपवन में 3 करोड़ रुपए से लगेंगी देश के महान महापुरुषों की प्रतिमाएं

### महापौर ने दिए अधूरे काम जल्द पूरा करने के निर्देश, कहा- निमार्ण कार्यों में गुणवत्ता का रखा जाए ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के लालघाटी क्षेत्र में तीन एकड में करीब आठ करोड़ रुपए से विकसित हो रहे नमो उपवन पार्क में जहां इको-फ्रेंडली सुविधाएं होंगी तो वहीं जल्द ही देश के महान महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने का काम शुरू होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष निधि से तैयार हो रहे नमो उपवन में महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए नगर निगम ने 2025-26 के बजट में तीन करोड रुपए का प्रावधान किया है।

पार्क में महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इन प्रतिमाओं के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में महापुरुषों के योगदान से परिचित कराया जाएगा।

*पार्क में फव्वारे और बच्चों के लिए झूले जैसी आधुनिक व्यवस्था होगी*

*आने वाली पीढ़ी को महापुरुषों के योगदान से परिचित कराया जाएगा*

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नमो उपवन**



पार्क में पहले से स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष निधि से तैयार हो रहे नमो उपवन में लोगों के लिए वॉकिंग ट्रैक, एक्यूप्रेशर पाथ-वे, योग केंद्र, ओपन जिम और बच्चों के लिए आधुनिक झूले विकसित किए जा रहे हैं। पार्क में आकर्षक फव्वारे और खूबसूरत लैंडस्केपिंग भी इसकी सुंदरता बढ़ाएगी।

**पूरा पार्क सौर ऊर्जा से होगा रोशन**

पूरे पार्क को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। इन्हीं के माध्यम से पार्क की लाइटिंग संचालित होगी। इससे ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।



**सीसीटीवी कैमरों से होगी सुरक्षा, गार्ड रूम बनेगा**

*पार्क की सुरक्षा के लिए हर हिस्से में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सुरक्षा गार्डों की तैनाती के साथ गार्ड रूम भी बनाया जाएगा। आगंतुकों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल सुविधा रहेगी।*

**महापौर का तर्क जल्द बनकर तैयार हो जाएगा पार्क**

महापौर मालती राय का कहना है कि नमो उपवन का निर्माण तेजी से चल रहा है। पार्क परिसर में महापुरुषों की प्रतिमाएं लगाने के लिए निगम ने अपने बजट में राशि का प्रावधान किया है। पार्क के बाकी रह गए कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अब फुटपाथ नहीं, तय स्थान पर लगेगा बाजार, न्यू मार्केट में कल से बड़ा एक्शन

**भोपाल।** रक्षाबंधन और आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए राजधानी के सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र न्यू मार्केट को अतिक्रमण मुक्त बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार से नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम बड़े स्तर पर कार्रवाई शुरू करेगी। अभियान के तहत बाजार की सड़कों और फुटपाथों पर वर्षों से अस्थायी दुकानें लगाकर बैठे कारोबारियों को हटाकर टीटी नगर स्टेडियम के समीप निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य त्योहारों के दौरान खरीदारों को जाम और अव्यवस्था से राहत दिलाना है। प्रशासन का मानना है कि रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और अन्य प्रमुख त्योहारों के दौरान न्यू मार्केट में हजारों लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे समय फुटपाथ और सड़क पर लगी अस्थाई दुकानों के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। इससे यातायात प्रभावित होने के साथ व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा है कि कब्जे हटाए जाने के बाद यदि कोई अस्थायी दुकानदार दोबारा सड़क या फुटपाथ पर दुकान लगाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सरकारी आवासीय टॉवर के लोकार्पण के कुछ समय बाद ही खुली दावों की पोल

# 116 करोड़ के टॉवर में सिस्टम फेल: मेंटेनेंस गायब, लिफ्ट बंद

रखरखाव की जिम्मेदारी अब तक किसी एजेंसी को सौंपी ही नहीं गई

13-13 मंजिला तीन सरकारी आवासीय टॉवरों में रहने वाले कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर में 116 करोड़ रुपए की लागत से बने सरकारी आवासीय टॉवरों में सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे अब खोखले साबित होने लगे हैं। करोड़ों रुपए खर्च कर तैयार की गई 13 मंजिला इमारतों में लिफ्ट बंद पड़ी हैं, जबकि रखरखाव की जिम्मेदारी अब तक किसी एजेंसी को सौंपी ही नहीं गई। नतीजा यह है कि यहां रहने वाले सरकारी कर्मचारियों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

टीटी नगर में 116 करोड़ रुपए की लागत से बने 13-13 मंजिला तीन सरकारी आवासीय टॉवरों में मेंटेनेंस व्यवस्था शुरू होने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों की परियोजना का लोकार्पण तो हो गया, लेकिन रखरखाव की जिम्मेदारी तय करना जिम्मेदार विभाग भूल गए। हालात यह हैं कि कई जगह लिफ्ट बंद हो चुकी हैं।

**अग्निशमन प्रणाली, डोर कैमरे, पार्क की सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई**



तीन टॉवरों के निवासियों को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

करीब 6.34 एकड़ क्षेत्र में बने इस आवासीय परिसर में जी-टाइप के 364 फ्लैट सरकारी कर्मचारियों को आवंटित किए गए हैं। वहीं 336 फ्लैट्स वाले तीन और टॉवर निर्माणाधीन हैं। पूरे प्रोजेक्ट पर 243.13 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लोकार्पण के समय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिसर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की घोषणा की थी। उस समय आधुनिक सुविधाओं का दावा भी किया गया था। दावे के मुताबिक हर टॉवर में दो लिफ्ट, अग्निशमन प्रणाली, डोर कैमरे, पार्क और बच्चों के झूले जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, लेकिन मेंटेनेंस एजेंसी तय नहीं होने से व्यवस्थाएं चरमराने लगी हैं।

**बैठक में स्मार्ट सिटी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी रहे मौन**

विधायक भगवानदास सबनानी ने समीक्षा बैठक में बंद लिफ्ट और मेंटेनेंस का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लोकार्पण के बाद भी रखरखाव नहीं हो रहा है। बैठक में स्मार्ट सिटी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी जिम्मेदारी तय करने के बजाय एक-दूसरे पर जवाबदेही डालते नजर आए। सवाल यह है कि जब करोड़ों रुपए खर्च कर इमारतें बना दी गईं, तो उनके रखरखाव की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

### त्योहारी सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 11 नंबर में परमार डेयरी, बिट्टन मार्केट में मुरैना डेयरी की जांच, घी-मावा की होगी लैब में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

त्योहारी सीजन से पहले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तय करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने शहर में निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। उपभोक्ता से प्राप्त शिकायत के आधार पर रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 11 नंबर स्थित परमार डेयरी एंड स्वीट्स और बिट्टन मार्केट स्थित मुरैना डेयरी का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के वैधानिक नमूने लिए। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

अभिहित अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने पारमार डेयरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण किया। उपभोक्ता शिकायत की गंभीरता को देखते हुए यहां से दही और बेसन के वैधानिक नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं भी सामने आईं, जिसके बाद प्रतिष्ठान संचालक को इम्प्रूवमेंट नोटिस और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने संचालक को निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी कमियों का दो दिन के भीतर निराकरण कर विभाग के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समय में संतोषजनक सुधार नहीं किया गया तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

*अधिकारियों ने दो डेयरियों से लिए सामग्री के नमूने*

*निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं*



डेयरी का निरीक्षण करते खाद्य विभाग के अधिकारी।

**सैंपल को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा**

इसी तरह बिट्टन मार्केट स्थित मुरैना डेयरी का भी निरीक्षण किया गया। यहां से तृप्ति शुद्ध घी और मावा के वैधानिक नमूने लेकर उन्हें भी राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# परिवहन विभाग के 35 अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी, 2 साल का प्रोबेशन पीरियड लागू

*शर्मा बने अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी-सीनियर डीटीओ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार की ओर से अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के तहत परिवहन विभाग ने राज्य शासन स्तर द्वारा नियुक्त 25 सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को पदोन्नति देकर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी-परिक्षेत्रीय जिला परिवहन अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। तो वहीं दस अन्य परिवहन विभाग के अधिकारियों को सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के रूप में प्रमोशन किया गया। परिवहन आयुक्तालय के आदेश अनुसार यह पदोन्नति मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1961 के तहत दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए होगी। यह पदोन्नति मध्यप्रदेश लोक सेवा आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के अनुसार की गई है। पदोन्नत अधिकारियों में भोपाल में सहायक आरटीओ के पद पर पदस्थ जितेन्द्र कुमार शर्मा को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी-सीनियर डीटीओ बनाया गया है।

इसके अलावा जिन लोगों को प्रमोशन मिला है, उनमें रमा दुबे, सुनील कुमार शुक्ला, विमलेश कुमार गुप्ता, विक्रम सिंह राठौर, मनोज कुमार तेहनगुरिया, राजेश गुप्ता, रंजना कुशवाह, जगदीश बिल्लोरे, ज्ञानेंद्र वैश्य, सुरेंद्र सिंह गौतम, देवेश बाथम, अनुराग शुक्ला, रीतेश तिवारी, रितु अग्रवाल, दीपक मांझी, हृदेश यादव, जया बसावा, बरखा गौड़, रिंकू शर्मा, मनीष कुमार त्रिपाठी, स्वाति पाठक, आशुतोष सिंह भदौरिया, अनिमेष गढपाल और कृतिका मोहटा का नाम शामिल हैं। इसी तरह सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के पद पर गिरिजेश वर्मा, भारती चौधरी, प्रमोद कापसे, आरके स्वर्णकार, प्रवीण नाहर को पदोन्नत किया गया।

जांच-पड़ताल में खुलेंगी हेराफेरी की परतें

# प्रॉपर्टी टैक्स घोटाला: राजस्व विभाग विधानसभावार संपत्ति कर के संदिग्ध खातों का खंगाल रहा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के राजस्व विभाग ने प्रॉपर्टी टैक्स से जुड़े रिकॉर्ड की व्यापक जांच शुरू कर दी है। शुरुआती पड़ताल में 460 से ज्यादा ऐसे खाते सामने आए हैं, जिनमें कर निर्धारण और रिकॉर्ड संधारण में अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है।

बीते दिनों टैक्स में हेराफेरी करने के मामले का खुलासा होने और एफआईआर दर्ज होने के बाद निगम के राजस्व विभाग ने संदिग्ध खातों के रिकार्ड की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान कई मामलों में संपत्तियों का दर्ज क्षेत्रफल वास्तविक स्थिति से कम दर्ज मिलने की बात सामने आई है। वहीं कुछ प्रकरणों में निगम के खाते में राशि जमा हुए बिना ही कर जमा होने की रसीद जारी किए जाने की भी आशंका व्यक्त की गई है।

इन मामलों की पुष्टि के लिए दस्तावेजों, ऑनलाइन रिकॉर्ड और भुगतान संबंधी जानकारी का मिलान किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी के लिए निगम आयुक्त से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

*क्षेत्रफल में बदलाव बिना भुगतान रसीद जारी होने के मामलों में मिल रही गड़बड़ियां*

*दस्तावेज, ऑनलाइन रिकॉर्ड और भुगतान संबंधी जानकारी का हो रहा मिलान*

**छह जोन में कई प्रकरण जांच के दायरे में**

प्रारंभिक ऑडिट में जोन-1 के वार्ड-3 से सबसे अधिक करीब 130 संदिग्ध खाते सामने आए हैं। इसके अलावा जोन-2, 6, 7, 10, 13 और 17 में भी कई प्रकरण जांच के दायरे में हैं। राजस्व विभाग अब प्रत्येक खाते की अलग-अलग जांच कर यह पता लगाने में जुटा है कि रिकॉर्ड में बदलाव किस स्तर पर और किन परिस्थितियों में किए गए।

**क्षेत्रफल में भी हेराफेरी से निगम को नुकसान**

जांच के दौरान इस तरह मामला भी सामने आया है, जिसमें संबंधित संपत्ति का दर्ज क्षेत्रफल रिकॉर्ड में कम कर दिया गया, जिससे प्रॉपर्टी टैक्स की राशि में लाखों रुपए की कमी आ गई।

## टनकपुर-नांदेड़ वीकली एक्सप्रेस हुई प्रारंभ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र के रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेलवे प्रशासन ने ट्रेन संख्या 17631/17632 नांदेड़-टनकपुर-नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस के नियमित संचालन की घोषणा कर दी है। यह ट्रेन 12 जुलाई से नियमित रूप से संचालित होने लगी है। नई रेल सेवा से ग्वालियर, झांसी, बीना, इटारसी, खंडवा और अकोला सहित कई प्रमुख शहरों को सीधा रेल संपर्क मिलेगा। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 17631 नांदेड़-टनकपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार रात 11:40 बजे नांदेड़ से रवाना होगी। यह ट्रेन पूर्णा, अकोला, खंडवा, इटारसी, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा, कासगंज, बदायूं, बरेली, इज्जतनगर, पीलीभीत और खटीमा होते हुए मंगलवार सुबह 5:55 बजे टनकपुर पहुंचेगी। नई साप्ताहिक एक्सप्रेस के शुरू होने से उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क और मजबूत होगा। खासतौर पर भोपाल मंडल के आरकेएमपी, इटारसी, बीना स्टेशन पर हाल्ट से मिले से भोपाल के यात्रियों सहित मंडल के हजारों यात्रियों को लाभ मिलेगा। इन क्षेत्र के यात्रियों को अब टनकपुर और नांदेड़ के लिए बिना ट्रेन बदले सीधी यात्रा की सुविधा मिलेगी। इससे धार्मिक यात्राओं, व्यापार, शिक्षा और अन्य कार्यों से यात्रा करने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेगा।

### पांच साल में नसबंदी और टीकाकरण पर 8.56 करोड़ खर्च, लेकिन स्ट्रीट डॉग की संख्या में कमी नहीं

# चिंताजनक: हर रोज 70 राजधानीवासी डॉग बाइट के हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने स्कूल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन और पार्क जैसे सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन भोपाल में हालात अब भी चिंताजनक बने हुए हैं। शहर में करीब 1.20 लाख आवारा कुत्ते हैं, जबकि नगर निगम के पास एक भी डॉग शेल्टर नहीं है। डॉग बाइट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

औसतन हर दिन करीब 70 लोग कुत्तों के हमले का शिकार हो रहे हैं। जेपी और हमीदिया अस्पताल में रोजाना बच्चे, बुजुर्ग और अन्य लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। निगम को भी प्रतिदिन 12 से 15 शिकायतें मिल रही हैं।

**इन इलाकों में सबसे ज्यादा खतरा...**



नीलम पार्क में सो रहे आवारा कुत्ते और आम आदमी।

नीलम पार्क, कमला पार्क, फिरदौस पार्क, अशोका गार्डन, अयोध्या बायपास, रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी और न्यू मार्केट के आसपास रात के समय आवारा कुत्तों के झुंड सबसे ज्यादा दिखाई देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगह पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

**पार्कों में लोग के हाथों से झपट रहे सामान**

शहर के कई पार्कों में सुबह-शाम टहलने आने वाले लोग अब कुत्तों के डर से आने से बच रहे हैं। लोगों का कहना है कि जैसे ही कोई खाने-पीने का सामान निकालता है, कुत्तों का झुंड घेर लेता है। नीलम पार्क में एक परिवार ने बताया कि कई बार कुत्ते हाथ से सामान झपट लेते हैं। पार्क में टहलने आए संतोष यादव ने कहा कि जल्द व्यवस्था नहीं हुई तो पार्कों में आने वालों की संख्या और घट जाएगी।

**600 की क्षमता, लेकिन कुत्ते एक लाख ज्यादा**

निगम के अरवलिया, आदमपुर छावनी और कजलीखेड़ा में तीन एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर हैं। इनकी कुल क्षमता सिर्फ 600 कुत्तों की है। यहां प्रतिदिन केवल 40 से 50 कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण हो पाता है। वहीं शहर में कुत्ते की संख्या एक लाख से ज्यादा है।

**पार्कों में विशेष टीम भेजेंगे**

नगर निगम के डॉग स्कावयड प्रभारी योगेश दुबे का कहना है कि स्ट्रीट डाग को पकडने की कार्रवाई रोज हो रही है। पार्कों में विशेष मुहिम चलाएंगें। नीलम पार्क सहित अन्य पार्कों में टीम पहुंचेगी।

**8.56 करोड़ खर्च, फिर भी समस्या जस की तस**

*नगर निगम के अनुसार पिछले साढ़े पांच वर्षों में नसबंदी और टीकाकरण पर लगभग 9.50 करोड़ रुपए खर्च किए गए और 82,309 कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण किया गया। इसके बावजूद शहर की सड़कों, गलियों और कचरा स्थलों पर आवारा कुत्तों के झुंड दिखाई देते हैं। ऐसे में डॉग बाइट की बढ़ती घटनाओं ने निगम के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।*

## सागर रॉयल होम्स की पार्किंग में देर रात विवाद, तीन युवकों ने मारपीट कर रिवॉल्वर छीनी

# गेट पर खड़ी थार हटाने के लिए बजाया हॉर्न, विवाद के बाद किसान को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सागर रॉयल होम्स में मल्टी के मुख्य गेट पर खड़ी थार हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर थार में बैठे तीन युवकों ने किसान से गालीगलौज करते हुए उनसे मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने किसान से उसकी ही रिवाल्वर छीनकर फायर कर दिया।

आरोपियों ने दो फायर किए थे। एक फायर किसान के पैर लगने से पैर फैक्चर हुआ है, जबकि दूसरा फायर मिस हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

## देर रात एक से दो बजे के बीच गाड़ी से कॉलोनी पहुंचे थे

थाना प्रभारी विमलेश राय ने बताया कि हरीश कुमार राय (33) ब्लॉक ए-306, सागर रॉयल होम्स मिसरोद में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। शनिवार देर रात एक से दो बजे के बीच वह अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से घर पहुंचे। इस दौरान सागर रॉयल होम्स के मुख्य गेट पर थार खड़ी थी। थार में मल्टी में रहने वाले हर्षित पटेल, अनुभव चौबे और लोकेश रघुवंशी बैठे हुए थे। हरीश ने थार हटाने के लिए हॉर्न बजाया, लेकिन थार में मौजूद हर्षित, अनुभव और लोकेश ने थार नहीं हटाई। बार बार हॉर्न बजाने पर भी उन्होंने अपनी थार नहीं हटाई। लिहाजा हरीश घूमकर दूसरे वाले गेट से अंदर पार्किंग में पहुंच गए। इस पर आरोपी थार लेकर अंदर आ गए। वह पार्किंग में पहुंचकर हरीश से विवाद करने लगे। हरीश का कहना था कि मुख्य गेट पर थार खड़ी करने का क्या मतलब है। इस पर आरोपी गालीगलौज करने लगे और डंडे से हरीश के साथ मारपीट की। मारपीट के बीच एक हर्षित ने हरीश के पास रखी लायसेंस रिवाल्वर छीन ली। रिवाल्वर छीनने के बाद आरोपी ने उन पर फायर कर दिए।

### तीनों आरोपी गिरफ्तार

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद घटनास्थल से चली हुई कारतूस के दो खोखे बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी हर्षित पटेल (21) सागर रॉयल होम्स अनुभव चौबे (19) सागर रॉयल होम्स और लोकेश रघुवंशी (24) गांव बारंगी, केवलारी, नर्मदापुरम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी प्राइवेट जॉब करते हैं। थार हर्षित पटेल की है।

भोपाल नेटवर्क को लेकर जांच तेज

# महादेव एप मामले में तीसरे साथी का नाम सामने आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुचर्चित अंतरराष्ट्रीय महादेव ऐप सट्टा मामले में मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर के साथ भोपाल नेटवर्क संभालने वाले एक तीसरे कथित साथी का नाम सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक उसकी पहचान कुणाल अग्रवाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुणाल अग्रवाल को रायपुर स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। इसके बाद उससे 15 दिनों तक महादेव एप नेटवर्क से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की गई थी।

सूत्रों का दावा है कि कुणाल अग्रवाल भोपाल में महादेव एप की ब्रांच का संचालन करता था और मध्यप्रदेश में ब्रांच पैनल वितरित करने के साथ कमीशन आधारित नेटवर्क तैयार करने में सक्रिय था। बताया जा रहा है कि उसने 40 से 50 युवकों का एक पैनल तैयार किया था, जो कमीशन के आधार पर काम करता था। कुणाल अग्रवाल पूर्व में रायसेन कोतवाली पुलिस द्वारा भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

इधर, राजधानी के दो सगे भाइयों विशाल आहूजा और धीरज आहूजा के खिलाफ भी सीबीआई द्वारा चार्जशीट पेश किए जाने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक दोनों इस नेटवर्क से जुड़े लोगों के संपर्क में रहे हैं। यह भी दावा किया जा रहा है कि कुणाल अग्रवाल और पवन नथनी लंबे समय से भोपाल में महादेव ऐप की ब्रांच और पैनल संचालन में सक्रिय थे तथा विशाल और धीरज आहूजा से जुड़े कार्यों का समन्वय भी करते रहे।

## खबर संक्षेप



### बांसुरी वादक बल्लू भैया का किया भव्य स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** अपनी बांसुरी की धुन से धूम मचाने वाले बांसुरी वादक बल्लू भैया इंदौर वाले गत रात्रि औबेदुल्लागंज में जय प्रकाश शर्मा के निवास पर आए। जयप्रकाश शर्मा मित्र मंडल ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विनोद नागर, बंटी तिवारी, डैनी साहू, राम अग्रवाल, मनीष गोशिंदे आदि उपस्थित रहे।

### शर्मा को पटवा ने दी जन्मदिन की बधाई

**औबेदुल्लागंज।** जिले के पूर्व



उपाध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने उनको बधाई दी। विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, माखन परमार, कन्हैया नंदवंशी, डॉ. कैलाश विनय, डॉ.भूपेंद्र नागर, माधव यादव, लोकेश परमार, उमेश नागर, रामेश्वर नागर, मनीष गोसिंदे, मनोज चौरसिया, जीतू नंदवंशी आदि ने शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी।

### दिल्ली में हुई बैठक में मदान हुए शामिल



**औबेदुल्लागंज।** पूजनीय बहावलपुरी समाज की राष्ट्रीय बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया गया, जिसमें नगर के विशाल मदान शामिल हुए। बैठक में अपने विचार मदान ने रखे।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | --- | -- | --- |
| रातः | --- | -- | --- |
| ताराः | | | |
| दिनः | --- | -- | --- |
| रातः | --- | -- | --- |

## परवलिया के ग्राम झिरनिया की घटना, चार आरोपी गिरफ्तार किए

# संतान होने का प्रलोभन देकर जालसाज महिलाओं ने नव विवाहिता से ठगे जेवर

- चांदी का मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया पायल समेत 25 हजार के जेवर ऐंठे
- गांव-गांव जड़ी-बूटी बेचने के बहाने ठगी करती हैं आरोपी महिलाएं
- ग्रामीणों ने महिलाओं को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया थाना क्षेत्र स्थित गांव झिरनिया में जालसाज महिलाओं ने नव विवाहिता को संतान होने का प्रलोभन देकर चांदी का मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया और चांदी की पायल समेत 25 हजार रुपए के जेवरात हड़प लिए। घटना शनिवार दोपहर की है। आरोपी महिलाओं ने श्मशान घाट में उतारा करने के बाद जेवरात लौटाने का कहा था, लेकिन वह जेवर लेकर फरार हो गई। ग्रामीणों ने तलाश करने के बाद दोनों महिलाओं को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। महिलाओं ने अपनी दो साथी महिलाओं के नामों का खुलासा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेवरात लेकर भागी दो अन्य महिलाओं को भी हिरासत में लेकर जेवरात बरामद कर लिए हैं। आरोपी महिलाएं गांव-गांव जड़ी-बूटी बेचने के बहाने धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देती थीं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार नई बस्ती ग्राम झिरनिया निवासी महेश गौड़ और उसकी पत्नी बबीता गौड़ (22) मजदूरी करते हैं। वर्ष 2023 में उनकी शादी हुई थी। शादी के तीन साल बाद भी उनके घर संतान नहीं हुई। दंपती डॉक्टर से परामर्श ले चुके हैं। साथ ही तांत्रिक-बाबाओं के चक्कर भी


आरोपी महिलाएं।

काट चुके हैं। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे बबीता अपने घर के काम कर रही थी। इस बीच जड़ी-बूटी बेचने वाली दो बुजुर्ग महिलाएं वहां से गुजरीं। बबीता को देखते ही उन महिलाओं ने कहा कि तू तो बहुत परेशान दिख रही है। तुझ पर तो काली का साया है। तेरे तो बच्चे भी नहीं है। यह सुनकर बबीता दंग रह गई। उसने कहा कि आपको कैसे पता चला कि मेरे बच्चे नहीं हैं। चमत्कारी महिलाएं समझकर बबीता ने दोनों को अपने घर के आंगन में बिठा लिया। दोनों महिलाओं ने बबीता गौड़ से कहा कि तुम हमें 11 सौ रुपए दे दो। हम पूजा-पाठ करेंगे। तुम्हारे घर संतान पैदा हो जाएगी। इस पर बबीता ने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं हैं। तब दोनों महिलाओं ने कहा कि तुम अपना चांदी का मंगलसूत्र, पायल और बिछिया हमें दे दो।

### श्मशान घाट से नहीं लौटीं तो नवविवाहिता को हुआ संदेह


दोनों महिलाएं जेवरात लेकर गायब हो गईं। काफी देर बाद जब महिलाएं नहीं लौटीं तो बबीता ने अपने पति और गांव के अन्य लोगों को जानकारी दी। खोजबीन करने पर गांव के लोगों को कुछ दूरी पर दोनों महिलाएं बीना बाई गौड़ (55) और चिकला बाई गौड़ (55) मिल गईं। ग्रामीणों ने उनसे पूछताछ की तो बताया कि उनकी दो साथी महिलाएं शीला बाई गौड़ (58) और निल्जरा गौड़ (65) भी उनके साथ थीं। वे दोनों जेवरात लेकर गई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और बीना बाई व चिकला बाई की निशानदेही पर शीला बाई व निल्जरा बाई को भी हिरासत में लेकर चांदी के जेवरात बरामद कर लिए। चारों आरोपी महिलाएं गौड़ बस्ती गांधी नगर की रहने वाली हैं।

### बहन से जेवर लेकर गया भाई, जीजा ने वापस मांगे तो मारा चाकू

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित मल्टी वाजपेयी नगर में साले ने जीजा पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू हाथ में लगने से जीजा को गंभीर चोट आई है। घटना शनिवार रात करीब दस बजे की है। दरअसल, आरोपी बहन से जेवर लेकर गया था। जीजा ने उससे जेवर वापस मांगे तो विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी साले और उसके साथी पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 30 साल का सुनील मल्टी वाजपेयी नगर में रहता है और मजदूरी करता है। उसका साला हर्ष भी वाजपेयी नगर मल्टी में रहता है। हर्ष ने अपनी बहन से जेवर मांगे थे। बहन ने जेवर दे दिए। लंबा समय हो जाने के बाद भी हर्ष ने जेवर नहीं लौटाए। सुनील ने हर्ष से जेवर देने का कहा। जेवर की बात को लेकर शनिवार रात करीब दस बजे सुनील और हर्ष के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर हर्ष ने साथी विक्की के साथ मिलकर जीजा सुनील से मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

## घटनास्थल एसपी ऑफिस के बिल्कुल नज़दीक

# हाईटेक हुए चोर, एसयूवी कार से आए, दुकान से चोरी किया सामान



चोरी की घटना कैमरे में हुई कैद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

चोर अब इतने हाईटेक हो गए एक कि वे फ़िल्म अंदाज़ में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। गांधी नगर में बीती रात ऐसी ही चोरी की वारदात हुई है। जिसमें चोर एसयूवी गाड़ी से फ़िल्म अंदाज़ में आते हैं और हाथों कटर व रॉड व लेकर एक दुकान में सफलता न मिलने पर उसके पास की दूसरी दुकान में धावा बोल कर चोरी की घटना अंजाम देकर आराम से निकल जाते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि घटनास्थल भी एसपी ऑफिस के बिल्कुल नज़दीक है। इस घटना से से पुलिस गश्त पर कई सवाल उठ रहे हैं। चोर हाईटेक तरीके से एसयूवी कार में फ़िल्मी अंदाज़ में चोरी की घटना को अंजाम देकर रफू चक्कर हो गए।

**कटर रॉड लेकर दुकान में घुसे फिर दूसरी दुकान को बनाया निशाना**

गांधी नगर में रेडीमेड कपड़े की और मोबाइल की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया।

गांधी नगर स्थित हर्ष मोबाइल की दुकान पर सफलता नहीं मिलने पर समीप ही एटू जेड कलेक्शन से 90 हजार चोरी करने में सफल हुए। चोर कटर से मेन शटर के ताले काटते हुए सीसीटीवी में नजर आ रहे है। हर्ष मोबाइल के और रेडीमेंट दुकान के संचालक ने गांधी नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजस्व निरीक्षक शर्मा को निलंबित करने का नौ पार्षदों ने किया स्वागत

# बाजार बैठकी की वसूली की उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद में सीएमओ किरण रहंगडाले ने राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा को निलंबित किया। इसका 9 पार्षदों और वार्ड 13, 14 एवं वार्ड 15 के नागरिकों ने स्वागत किया। प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक ने कहा कि नामांतरण एवं मांग पंजी (मकान टैक्स) के रजिस्टर में भारी अनिमितताएं सामने आई हैं।

खटीक ने बताया कि राजकुमार शर्मा बाजार बैठकी के टैक्स वसूली प्रभारी थे। बाजार बैठकी वसूली में 25% नगर परिषद में जमा करते थे एवं 75% वसूली में गड़बड़ी करते थे। उन्होंने बाजार बैठकी की वसूली की उच्च स्तर पर जांच की मांग की है। 5 फरवरी से 20 अप्रैल 2025 तक सीएमओ का प्रभार राजकुमार शर्मा के पास रहा है। 9 पार्षदों एवं




नगर परिषद के कर्मचारियों में चर्चा है कि इस दौरान भी कई चेक काटे हैं। जो कार्यों के लिए चेक काटे हैं, उन कार्यों की उच्च स्तर पर जांच की मांग वरिष्ठ भाजपा नेता वचन लोधी, पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष आरती यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान आदि ने सीएमओ रहंगडाले से की है।

### मकान टैक्स में गड़बड़ी

पार्षदों ने नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, पार्षद हेमलता चौरसिया ने मांग की है कि सस्पेंड के समय राजकुमार शर्मा को औबेदुल्लागंज से हटाकर कहीं अन्य जगह भेजा जाए। नपा उपाध्यक्ष वार्ड 15 की पार्षद नमिता अग्रवाल ने फोन पर बताया कि नामांतरण मांग पंजी (मकान टैक्स) एवं बाजार बैठकी एवं चेक काटने में अनियमितताओं की उच्च स्तर पर जांच की जाए। पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने बताया कि मेरे वार्ड के कई लोगों के मकान टैक्स जमा करने में गड़बड़ी हुई है, इसकी उच्च स्तर पर जांच हो। सीएमओ किरण रहंगडाले ने फोन पर बताया कि राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा की लगातार शिकायत आ रही है। मैं इसकी जांच कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराऊंगी।

### शेयर मार्केट टर्मिनल के प्रोपराइटर ने निवेश के साढ़े पांच लाख हड़पे

**भोपाल।** कोतवाली पुलिस ने शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने वाले इंवेस्टर की शिकायत पर शेयर मार्केट टर्मिनल के प्रोपराइटर के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी ने एमपी नगर स्थित टर्मिनल में मई माह से अब तक कुल पांच लाख 40 हजार रुपए निवेश किए थे। अब जब फरियादी ने पैसा लौटाने के लिए कहा तो आरोपी प्रोपराइटर जगवीर सिंह ने इनकार कर दिया। पुलिस ने नामजद प्रकरण दर्ज कर है। पुलिस के मुताबिक नदीम रोड लखेरापुरा निवासी नमन बंसल (23) निवेशक हैं और शेयर मार्केट में निवेश करते हैं। उन्होंने 12 अप्रैल 2026 से अब तक एमपी नगर स्थित ग्लोबल एफएस शेयर मार्केट टर्मिनल में पांच लाख 40 हजार रुपए इंवेस्ट किए थे।

## आयोजन में 12 संस्थाओं ने सहभागिता की

# सब जेल गौहरगंज में 120 पौधे रोपे, देखभाल की शपथ भी ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

पर्यावरण प्रहरी अभियान अंतर्गत सब जेल गौहरगंज में सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 12 सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जेल परिसर में 120 पौधे रोपे। इस अवसर पर जेलर यशवंत शिल्पकार एवं डॉ. धर्मेंद्र गौर की उपस्थिति में जीवताशा फाउंडेशन, सहयोग समूह, लक्ष्य फाउंडेशन, हेल्पिंग पॉज, दिशांजलि, नमस्ते सेवा फाउंडेशन सहित सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

जीवताशा फाउंडेशन के सचिव कार्तिक जैन एवं अभियान से जुड़े उमेश सोनी ने संस्था के बारे में बताया। उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित रखने का संदेश दिया।



### पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आरती ने किया पौधरोपण

रविवार को पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आरती यादव ने पौधरोपण किया। इस मौके पर शिक्षक राकेश दुबे मौजूद रहे। दीपक नागर, ज्वालाप्रसाद मिश्रा ने भी पौधरोपण किया।

## सिंधी व्यंजनों का स्वाद और सुगंध का भव्य मुकाबला

## सिंधी मेला समिति ने किया आयोजन

# सिंधी व्यंजनों के कई लजीज पकवान बना कर महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग कॉम्पटीशन के दूसरे दिन भी महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें महिलाओं ने विशेष रूप से पेठे की सब्जी, बीय जा पकोड़ा, कुट्टी साग, आलू जा टुक, बेसण जे चिल्ले जी भाजी जैसे अनेक सिंधी व्यंजन को इस प्रतियोगिता में शामिल कर इस इस कूकिंग कॉम्पीटिशन को और भी आकर्षक बना दिया गया, जिससे उपस्थित निर्णायक मंडल को काफी असामंजस्य में डाल दिया जो इस प्रतियोगिता में चर्चा का विषय बना रहा।



### दो हज़ार से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया

यह कॉम्पिटिशन सिंधी कॉलोनी, संत कवरराम कॉलोनी, मेपल ट्री, ग्रीन एकर्स, वैभव गार्डन कोलार, स्वागत गार्डन, ऐयरोसिटी, सिंधी कम्यूनिटी हाल, बावड़ियाँ कला में आयोजित की गई, जिसमें सिंधी समाज की लगभग दो हज़ार से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस वर्ष सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग कंप्टीशन में महिलाओं का अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## नेत्र शिविर में हुई जांच

### 50 मोतियाबिंद मरीजों का होगा निःशुल्क ऑपरेशन

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने रविवार को राजधानी के भानपुर क्षेत्र स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया। शिविर का शुभांरभ भोपाल उत्सव मेला समिति के पदाधिकारी और सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी ने किया। शिविर में 155 रोगियों ने अपनी आंखों की जांच करवाई नेत्र जांच में 50 व्यक्तियों को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हें एंबुलेंस से सेवा सदन



नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया है। सोमवार को इनके मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जायेंगे। जिन रोगियों को मोतियाबिंद की शिकायत नहीं पाई गई, उन्हें दवाईयां दी गईं।

### वाल्वो बस के हेल्पर ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में वाल्वो बस के हेल्पर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार राजकुमार प्रजापति पिता सूरज प्रजापति (36) शिव नगर छोला में रहता था और वाल्वो बस में हेल्परी करता था। उसकी शादी हो चुकी है। परिवार में पत्नी और दो बच्चे के अलाा माता पिता है। राजकुमार की पत्नी और मां बाहर गए हुए हैं। घर पर राजकुमार और बीमार पिता थे। शनिवार रात राजकुमार ने खाना खाया और कमरे में सोने चले गया। रविवार सुबह पिता कमरे में पहुंचे तो राजकुमार का शव पंखे पर लटके देखा।

# टास्क पूरा करने का झांसा देकर युवक से सवा तीन लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वाट्सएप ग्रुप पर टास्क पूरा करने पर डबल मुनाफा देने का झांसा देकर साइबर सालसाज ने एक व्यक्ति को 3 लाख 21 हजार 90 रुपए का चूना लगा दिया। साइबर सेल ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी टीटी नगर पुलिस को भेजी है। पुलिस ने असल पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस के मुताबिक सरस्वती नगर जवाहर चौक निवासी पुरुषोत्तम परमार (36) प्राइवेट नौकरी करते हैं। विगत 26 जून को अज्ञात साइबर जालसाज ने उन्हें एक वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया। उस ग्रुप पर करीब 98 लोग पहले से एड थे। ग्रुप पर छोटे-छोटे टास्क पूरा करने पर डबल मुनाफा होने का झांसा दिया गया। शुरू में फरियादी को थोड़ा बहुत प्रॉफिट दिखने लगा। फिर उनसे बड़ा टास्क और बड़ा मुनाफा होने का झांसा देकर तीन लाख 21 हजार रुपए इंवेस्ट करा लिए। मुनाफा नजर आने पर जब उन्होंने पैसे निकालने का प्रयास किया तो उनसे और अधिक पैसा जमा करने के लिए कहा गया। इसके बाद वाट्सएप ग्रुप बंद कर लिया गया। ठगी का आभास होने पर फरियादी ने साइबर सेल में शिकायत की थी।

# भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व आज दतिया में दाखिल कराएगा आशुतोष का नामांकन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं वरिष्ठ नेता डॉ नरोत्तम मिश्रा सहित पार्टी के तमाम नेता सोमवार 13 जुलाई को प्रातः 11 बजे दतिया कलेक्ट्रेट पहुंचकर दतिया उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी का नामांकन दाखिल कराएंगे।

इसके बाद दोपहर एक बजे किला चौक पर विशाल आमसभा आयोजित होगी। जनसभा को मुख्यमंत्री डॉ यादव सहित ये सभी वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। दूसरी तरफ रविवार को दतिया में पार्टी नेताओं ने एक विशेष बैठक लेकर भाजपा के आशुतोष को जिताने और नामांकन रैली को सफल बनाने की रणनीति बनाई।

### मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी एवं अन्य नेता करेंगे जनसभा को संबोधित

### दतिया में बैठक कर भरा कार्यकर्ताओं में उत्साह, भाजपा को जिताने बनाई रणनीति


आशुतोष तिवारी।

### जीत के लिए सभी कार्यकर्ता हों एकजुट

दतिया से भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने कहा कि दतिया में भाजपा का परचम फहराने के लिए आप सभी कार्यकर्ता जुट जाएं। कार्यकर्ता बैठक को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एंदल सिंह कंषाना, पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, सांसद संध्या राय, दतिया जिला अध्यक्ष रघुवीर शरण कुशवाह ने भी सम्बोधित किया।

### भाजपा में कमल का फूल ही उम्मीदवार

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही हमारे संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा में कोई व्यक्ति प्रत्याशी नहीं होता, कमल का फूल ही वास्तविक उम्मीदवार होता है। भाजपा में प्रत्याशी के साथ देवतुल्य सभी कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं।

### भाजपा प्रत्याशी को विजय की माला पहनाएं

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतमाला और सागरमाला बना रहे हैं। आप सभी पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर विजय की माला पहनाएं। मोदी जी भारत को विकसित भारत बना रहे हैं। विकसित भारत के साथ विकसित दतिया बनाने के लिए कमल के फूल को विजयी बनाएं। दतिया की जनता ने ठान लिया है कि दतिया के सर्वांगीण विकास के लिए कमल के फूल को जिताना है। आप सभी पार्टी कार्यकर्ता भाजपा का प्रत्याशी बनकर हर गली-मोहल्ले में जाएं और अपने बूथ को ऐतिहासिक मतों से जीतने में जुट जाएं।


महेन्द्र सिंह।

## दिल्ली नहीं, डबरा जाएं नरोत्तम उपचुनाव पर सिंघार का तंज


उमंग सिंघार।

मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने दतिया विधानसभा उपचुनाव और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा की दिल्ली यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछले तीन महीने से दतिया उपचुनाव की तैयारी कर रही है, जबकि भाजपा को अपनी चिंता करनी चाहिए। सिंघार ने कहा कि कांग्रेस ने व्यापक सर्वे के आधार पर प्रत्याशी का चयन किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने राजेंद्र भारती और अवधेश नायक की सहमति से टिकट तय किया है और सभी नेता मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि नरोत्तम मिश्रा दिल्ली जाने के बजाय डबरा जाएं।

### नक्सल उन्मूलन में सेवाएं दे चुके बीएसएफ के 2 जवानों को दिए जाएंगे 2-2 लाख रुपए

# 21 लाख पौधरोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन इकाइयों का अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार भी हैं और वसुधा का श्रृंगार भी। वृक्ष ऋषि मुनियों के समान एक ही स्थान पर रहकर साधना करते हैं। यह हमारी नकारात्मक ऊर्जा को स्वयं ग्रहण कर हमें सकारात्मक ऊर्जा (प्राण वायु) देने वाले उदार साधक होते हैं। उन्होंने कहा कि बंजर भूमि को हरियाली की चादर ओढ़ाना प्रकृति माता को हरी चुनरी ओढ़ाने जैसा है।

प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर चलाया जा रहा है 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान कोई शासकीय कार्यक्रम नहीं, ये जीवन के लिए सांसों का स्थायी प्रबंध करने का अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के ग्राम बुढ़ानिया स्थित सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां अपनी पूजनीय माता स्व. लीला बाई यादव की स्मृति में संतरे का फलदार पौधा लगाकर इन्दौर में 21 लाख पौधारोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन इकाइयों की स्थापना (निर्माण) कार्य के महाभियान का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

### मुख्यमंत्री ने अपनी माताश्री की स्मृति में संतरे का पौधा लगाकर किया महाभियान का शुभारंभ

**खास बातें**

- ये जीवन के लिए सांसों का स्थायी प्रबंध करने का अभियान
- पर्यावरण संरक्षण की दिशा होगी तय


पौधरोपण करते मुख्यमंत्री।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह कदम बेहद सराहनीय



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि इन्दौर प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने के साथ अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा तय कर रहा है। 'एक पेड़ - मां के नाम' के तहत 21 लाख पौधे लगाने के संकल्प का महाभियान निःसंदेह बेहद सराहनीय है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि धरती माता ने हमें जल, जंगल, जैव संपदा और खनिजों का अमूल्य आर्शीवाद दिया है। हमारा मध्यप्रदेश प्रकृति पुत्र है।

### समाज की सहयोगी सामाजिक संस्था पृथ्वी का किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौधरोपण एवं जल संचयन में सरकार और समाज की सहयोगी सामाजिक संस्था पृथ्वी को प्रोत्साहन स्वरूप 2 लाख रुपए और प्रदेश में चलाए गए नक्सल उन्मूलन अभियान में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले बीएसएफ के दो जवानों को मंच से सम्मानित कर 2-2 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

### इंदौर ने दिखाई जल संरक्षण में बेहतर करने की दिशा

डॉ. यादव ने कहा कि मां अहिल्या की नगरी इंदौर अतीत के उस गौरवशाली पृष्ठ के रूप में जानी जाती है, जिसने सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित किया। देवी अहिल्या माता ने अपने शासनकाल में अपने मूल उत्तरदायित्व के साथ-साथ प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कई स्थानों पर कुंए और बावड़ियां बनाई। इंदौर में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण का काम हुआ।

### जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# मुख्यमंत्री आज भोपाल में करेंगे एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 13 जुलाई को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 : जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर का शुभारंभ करेंगे। वे राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास के विजन को साझा कर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठक कर निवेश, परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं भावी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री कॉनक्लेव परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित टेकग्रोथ कॉनक्लेव 3.0 का उद्देश्य उच्च-विकास वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश को गति देना और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रदेश को देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों में स्थापित करना है। कॉनक्लेव में मप्र की प्रौद्योगिकी विकास यात्रा पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही अग्रणी कंपनियों के विशेषज्ञ जीसीसी विस्तार, डेटा सेंटर विकास और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम से जुड़े अवसरों पर अपने विचार साझा करेंगे।

### निवेश एवं सहयोग की संभावनाओं पर अपने विचार रखेंगे

कॉन्क्लेव में देश और विदेश की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों, उद्योग संगठनों, निवेशकों, स्टार्टअप्स, इनक्यूबेटर्स, शोध एवं शैक्षणिक संस्थानों और नीति विशेषज्ञों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सीटीआरएलएस डेटासेंटर्स, केन्स टेक्नोलॉजीस, फुजियामा पॉवर और न्योबोल्ट लिमिटेड सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में निवेश एवं सहयोग की संभावनाओं पर अपने विचार रखेंगे। आईआईएसईआर और आईआईएम इंदौर सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थान भी नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और उद्योग-शैक्षणिक सहयोग पर आयोजित सत्रों में सहभागिता करेंगे। कॉन्क्लेव में सेमीकंडक्टर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स एवं डेटा सेंटर्स विषयों पर केंद्रित राउंडटेबल चर्चाएं आयोजित होंगी। इनमें वरिष्ठ उद्योग प्रतिनिधि, नीति-निर्माता और शिक्षाविद् राज्य में निवेश की संभावनाओं, नीतिगत सहयोग और भविष्य की आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श करेंगे। चर्चा के प्रमुख विषयों में मप्र में एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का विकास, राज्य को भारत के अगले प्रमुख जीसीसी गंतव्य के रूप में स्थापित करना और डिजिटल अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाना शामिल है।

### 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले

एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के पहले दो संस्करणों ने प्रदेश में प्रौद्योगिकी निवेश को नई गति प्रदान की है। कॉन्क्लेव 1.0 में 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 75 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। कॉन्क्लेव 2.0 में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 48 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। कॉन्क्लेव 3.0 का उद्देश्य इस निवेश यात्रा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उद्योगों की भागीदारी को और सुदृढ़ बनाना है।

## महिला सहकारिता सम्मेलन में महापौर ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**भोपाल।** सहकार भारती मप्र द्वारा आयोजित महिला सहकारिता सम्मेलन में नारी शक्ति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं महापौर मालती राय ने सम्मेलन में भाग लेने वाली महिलाओं को श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से महिलाएं आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बन रही हैं। ऐसे आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के साथ समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं।




### कितनी असान होगी आशुतोष की राह?

इधर, नरोत्तम मिश्रा भोपाल आए और उधर पार्टी के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह दतिया पहुंच कर डैमेज कंट्रोल में जुट गए। उनके सामने ही इस्तीफा देने वाले जिलाध्यक्ष के सुर भी बदले नजर आए। पर बड़ा सवाल है क्या जैसा दिख रहा है वही सच है या दतिया में आशुतोष तिवारी की जीत की राह कठिन है। राजनीति के जानकारों को मालूम है कि न नरोत्तम शांत बैठ कर तमाशा देखने वाले, न ही उनके समर्थक आशुतोष के लिए काम करने वाले। नरोत्तम ने पूरे क्षेत्र में ऐसा नेटवर्क बिछा रखा है कि भाजपा में उनके अलावा किसी अन्य के लिए जगह सीमित है। वे जानते हैं कि यदि आशुतोष जीत गए तो ढाई साल बाद विधानसभा चुनाव में भी उनका टिकट खतरे में है। भाजपा नेतृत्व भी इस सच से वाकिफ है। इसीलिए, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को दतिया चुनाव का प्रभारी बनाने में देर नहीं की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संगठन के लिए भी प्रतिष्ठा का चुनाव होगा।

### अब नरोत्तम का क्या होगा?

नरोत्तम मिश्रा को केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर भरोसा था। वे दतिया उप चुनाव में टिकट को लेकर आश्वस्त थे। प्रचार अभियान शुरू कर चुके थे, लेकिन ऐनवक्त पर पत्ता कट गया। यह भ्रम भी टूट गया कि वे अमित शाह के खास हैं। क्या मान लिया जाए कि भाजपा में नरोत्तम की राजनीतिक पारी खात्मे की ओर है? 2023 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में होने वाले चुनाव के प्रचार में उन्हें भेजा गया लेकिन, कोई महत्वपूर्ण दायित्व नहीं सौंपा गया। नरोत्तम का नाम पहले प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चला, इसके बाद राज्यसभा के लिए लेकिन नेतृत्व ने मौका नहीं दिया। ऐसे हालात में नरोत्तम का क्या होगा, कह पाना कठिन है।

### घनश्याम का कितना साथ देंगे राजेंद्र अवधेश?

पूर्व विधायक राजेंद्र भारती और अवधेश नायक कांग्रेस के घनश्याम सिंह की राह का कांटा बन सकते हैं। सच यह है कि राजेंद्र और घनश्याम सिंह की आपस में कभी नहीं बनी। घनश्याम के कारण उन्हें पार्टियां बदल कर चुनाव लड़ना पड़े। वे एक दूसरे के पुराने प्रतिद्वंद्वी हैं। दूसरी तरफ अवधेश के साथ लगातार दूसरी बार अन्याय हुआ है। वे पिछले चुनाव से पहले भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए थे। 2023 में उनका टिकट घोषित हो गया था, लेकिन बाद में उनके स्थान पर राजेंद्र को मैदान में उतार दिया गया। इस बार उनका स्वाभाविक दावा था, लेकिन बाजी घनश्याम मार ले गए। ऐसे हालात में राजेंद्र और अवधेश कांग्रेस के लिए काम करेंगे, इसे लेकर आशंका है।

### अब दल-बदल कर भी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे भारती

दतिया से कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती की चुनावी राजनीति पर फुल स्टाप लगता दिख रहा है। एफडी घोटाला मामले में 3 साल की सजा होने के बाद उनकी विधायकी तो गई ही, वे 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी घोषित हो गए। राजेंद्र 68 साल के हो चुके हैं और 6 साल बाद उनकी उम्र 74 होगी। जाहिर है, इसके बाद कांग्रेस या कोई अन्य दल उन पर दांव नहीं लगाना चाहेगा। हां, यदि कांग्रेस उनके प्रति सहानुभूति का लाभ लेने के उद्देश्य से उनकी पत्नी को उप चुनाव में टिकट देती तो वे मुख्य धारा में बने रह सकते थे। राजेंद्र दतिया से 7 चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन, वे पार्टी के प्रति कभी ज्यादा निष्ठावान नहीं रहे। कांग्रेस ने जब भी टिकट काटा तो उन्होंने दल बदलने में कोई हिचक नहीं दिखाई। इसलिए वे सपा और बसपा जैसे दलों से टिकट लेकर भी चुनाव मैदान में उतरे। यह बात अलग है कि जीते वे कांग्रेस के टिकट पर ही। अब वे दल बदल कर भी चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

### ऐसे दबाव में मंत्री की जांच कर पाएगी छानबीन समिति

प्रदेश सरकार की एक राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी पहले अपने भाई के अपराध में शामिल होने और अपने विवादित बयानों के कारण विवादों में थीं, अब अपने जाति प्रमाण पत्र के कारण चर्चा में हैं। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार की शिकायत पर अनुसूचित जाति मामलों की राज्य स्तरीय छानबीन समिति उनके जाति प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई कर रही है। अहिरवार ने आरोप लगाया है कि प्रतिमा बागरी राजपूत समाज में आती हैं। अनुसूचित जाति का उनका प्रमाण पत्र फर्जी है। प्रतिमा ने अपने तर्क दिए हैं। लेकिन प्रदेश सरकार के 6 मंत्रियों ने उनके समर्थन में नौकरशाही के खिलाफ मोर्चा खोल कर मामले को पेचीदा बना दिया है। इन्होंने सीधे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर जांच करने वाले अफसरों द्वारा मुनादी कराने की शिकायत की है। जब इतने मंत्री मुख्यमंत्री से मिल कर दबाव बनाएंगे तो क्या सरकार की कोई समिति किसी मंत्री के मामले की निष्पक्ष जांच कर पाएगी?

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

### जल्द घोषित की जाएगी दूसरी सूची, तैयारी लगभग पूरी

# मध्य प्रदेश पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर हुए प्रमोशन, 168 सब इंस्पेक्टर बन गए इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने बड़े पैमाने पर पदोन्नति आदेश जारी कर दिए हैं। पहले चरण में प्रदेशभर के करीब 168 सब इंस्पेक्टरों को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है।

इसके साथ ही सूबेदार से रिजर्व इंस्पेक्टर पद पर भी पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। पदोन्नति के साथ कई अधिकारियों के तबादला आदेश भी जारी किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशों की खास बात यह है कि अब तक कार्यवाहक के रूप में इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी निभा रहे अधिकारियों को नियमित रूप से इंस्पेक्टर का पद दे दिया गया है। इससे लंबे समय से लंबित पदोन्नति का इंतजार कर रहे अधिकारियों को बड़ी राहत मिली है। विभाग का मानना है कि नियमित पदोन्नति से अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रशासनिक व्यवस्था भी अधिक प्रभावी होगी। सूत्रों के अनुसार, यह प्रक्रिया यहीं नहीं रुकेगी। पुलिस विभाग ने पदोन्नति के लिए एक विभागीय समिति का गठन किया है, जो जल्द ही दूसरी सूची जारी करेगी। इस सूची में बड़ी संख्या में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पदोन्नति मिलने की संभावना है। विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

### बड़े स्तर पर तबादले के भी आसार




जानकारी के मुताबिक, आगामी चरण में आरक्षक से प्रधान आरक्षक, प्रधान आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) तथा एएसआई से उपनिरीक्षक (एसआई) पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। इससे पुलिस बल के हजारों कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि पदोन्नति के साथ-साथ पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर तबादले भी किए जाएंगे। नई पदस्थापनाओं के अनुरूप अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न जिलों एवं इकाइयों में नियुक्त किया जाएगा। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस मुख्यालय की ओर से तबादलों और पदोन्नति की नई सूची जारी होने के बाद प्रदेश के पुलिस महकमे में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिलेगा। इससे विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ लंबे समय से लंबित पदोन्नति के मामलों का भी समाधान होगा।

### मुख्य वन संरक्षक ने तलब की परफार्मेंस रिपोर्ट

# किराए के वाहनों के दुरुपयोग पर वन विभाग वसूल करेगा राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश वन विभाग ने कैंपा (सीएएमपीए) मद से किराये पर लिए गए वाहनों के दुरुपयोग को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने सभी वनमंडल अधिकारियों, टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्यों के अधिकारियों से वाहनों के उपयोग की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तलब की है।

विभागीय समीक्षा में सामने आया कि कई स्थानों पर कैंपा मद से उपलब्ध कराए गए वाहनों का उपयोग वन संरक्षण और प्रबंधन से जुड़े निर्धारित कार्यों के बजाय अन्य गतिविधियों में किया गया। इसे वित्तीय नियमों का उल्लंघन मानते हुए विभाग ने स्पष्ट किया है कि किराये के वाहनों का उपयोग केवल वन क्षेत्रों में गश्त, अतिक्रमण हटाने, अवैध कटाई रोकने, वन अपराधों की रोकथाम, वन्यजीव संरक्षण तथा जंगलों में आग की रोकथाम जैसे कार्यों के लिए ही किया जाएगा।

### आदेश जारी

जारी आदेश के अनुसार जिन अधिकारियों ने निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप वाहनों का उपयोग नहीं किया है या समय पर उपयोग संबंधी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई है, उनसे वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस मद से जारी की गई राशि की वसूली की जाएगी। साथ ही भविष्य में किराये के वाहनों का भुगतान केवल परफॉर्मेंस रिपोर्ट के आधार पर ही स्वीकृत किया जाएगा। वन विभाग ने 25 जून 2026 को जारी इस आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश सभी क्षेत्रीय वन अधिकारियों, वनमंडल अधिकारियों, टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य प्रबंधन को दिए हैं। विभाग का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य कैंपा निधि का पारदर्शी और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना तथा वन संरक्षण संबंधी गतिविधियों को अधिक मजबूत बनाना है।

### यूसीसी के संवैधानिक, कानूनी और सामाजिक प्रभावों पर हुई चर्चा

ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने किया यूसीसी का बायकॉट, कोहेफिजा में हुई बैठक

# यूनिफॉर्म सिविल कोड को किसी भी समुदाय पर जबरदस्ती नहीं थोपा जा सकता: अंसारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर रविवार को ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक कोहेफिजा स्थित मेजबान शादी हॉल में हुई, जिसमें विभिन्न मुस्लिम संगठनों, उलेमा, अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में यूसीसी के संवैधानिक, कानूनी और सामाजिक प्रभावों पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व डीजीपी एमडब्ल्यू अंसारी ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड को किसी भी समुदाय पर जबरन नहीं थोपा जा सकता। उन्होंने कहा कि संविधान के नीति-निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का उल्लेख अवश्य है, लेकिन इसे लागू करने से पहले सभी समुदायों और हितधारकों की सहमति तथा व्यापक संवाद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यूसीसी का प्रभाव केवल मुस्लिम समाज पर ही नहीं, बल्कि ईसाई, आदिवासी और अन्य समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों और परंपराओं पर भी पड़ेगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर समाज में ध्रुवीकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि यूसीसी का मुद्दा भी राजनीतिक उद्देश्य से आगे बढ़ाया जा रहा है। बैठक में एडवोकेट साजिद अली, पूर्व महापौर दीपचंद यादव, एआईएमआईएम मध्य प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे।



यूसीसी की बैठक में शामिल प्रतिनिधि।

### निकाह, तलाक या विरासत तक सीमित नहीं

काजी अनस ने कहा कि यूसीसी केवल निकाह, तलाक या विरासत तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत कानूनों से भी जुड़ा हुआ मामला है। उन्होंने भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति और विविधता को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि किसी भी बड़े कानूनी बदलाव से पहले सभी वर्गों से व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

### जिला स्तर पर होंगे जनजागरण अभियान

जबैठक में वक्ताओं ने कहा कि यूसीसी के प्रस्तावित स्वरूप के विरोध में जिला स्तर पर बैठकें, जनजागरण अभियान और ज्ञापन जैसे लोकतांत्रिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही लोगों से संविधान और कानून के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने की अपील की गई।

## पेज एक का शेष...

### नरोत्तम बोले- भाजपा ...

के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह शनिवार को ही पहुंच गए थे। रविवार को वहां प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद संध्या राय, दतिया के प्रभारी मंत्री एंदल सिंह कंसाना, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी और आशीष अग्रवाल सहित तमाम नेताओं ने डेरा डाल दिया। बैठक में आशुतोष की नामांकन रैली को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति बनाई गई।

### बसपा नहीं लड़ ...

अपने पाले में करने की स्थिति में आ गए हैं। समाजवादी पार्टी 'इंडिया गठबंधन' के धर्म का पालन कर रही है। पार्टी इस उपचुनाव में अपना प्रत्याशी उतारने के बजाए कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह का समर्थन करेगी।

### ग्वालियर के बुजुर्ग ...

के इतिहास में ऑनलाइन निवेश के नाम पर हुई अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी माना जा रहा है। राज्य साइबर सेल के डीएसपी संजीव नयन शर्मा ने बताया कि पीड़ित अशोक विजयवर्गीय को क्रिप्टो और यूएसडीटी ट्रेडिंग के नाम पर जाल में फंसाया गया था। शुरुआत में भरोसा जीतने के लिए ठगों ने निवेश पर काल्पनिक रिटर्न दिखाया, जिससे झांसे में आकर पीड़ित लगातार बड़ी रकम ट्रांसफर करते गए। जब उन्होंने अपनी रकम निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने हाथ खड़े कर दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। साइबर सेल ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेसी बहनों के...

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में बहनों को फूटी कौड़ी नहीं दी। डॉ. यादव ने कहा कि जब हम बात करते हैं, तो कांग्रेसियों की छाती पर सांप लोट जाते हैं। वे हाय रे-हाय रे चिल्लाने लगते हैं। उनको हमारे देवी-देवताओं में भी वोट का नफा-नुकसान दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां रसखान जैसे भक्त भी हुए हैं, लेकिन कांग्रेस केवल हिंदू धर्म को बदनाम करती है।

### संसदीय समिति की ...

सिफारिशें कीं। अगस्त, 2025 में पेश किए गए इस बिल में यह प्रावधान था कि यदि प्रधानमंत्री, मंत्री या मुख्यमंत्री हिरासत में रहने के 31वें दिन तक खुद त्यागपत्र नहीं देते हैं, तो उन्हें स्वतः उनके पद से हटा दिया जाएगा। हालांकि, विपक्ष ने इस बिल को विपक्षी पार्टियों की सरकारों को अस्थिर करने का एक माध्यम बताया था। विपक्ष के ज्यादातर दलों ने इस बिल की समीक्षा करने वाली ज्वॉइंट कमेटी से दूरी बना ली थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में प्रपोजल दिया है कि पद से हटाना शब्द को निलंबन से बदला जाए, मतलब कि जिन मंत्रियों पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं, उन्हें कानूनी कार्यवाही का फैसला आने तक स्थायी तौर पर पद से हटाने की जगह निलंबित किया जाना चाहिए। उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों से जुड़े केस की सुनवाई त्वरित या स्पेशल कोर्ट में होनी चाहिए। प्रस्तावित कानून में एक अलग अनुसूची होनी चाहिए जिसमें 5 वर्ष या उससे ज्यादा की सजा वाले अपराध शामिल हों, ताकि उन अपराधों की स्पष्ट पहचान हो सके, जिनकी वजह से निलंबन हो सकता है। यह बिल यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पेश किया गया था कि सरकारें जेल के अंदर से न चलाई जाएं। यदि सिफारिशें मान ली जाती हैं, तो गृह मंत्रालय प्रस्तावित संशोधनों के साथ यूनियन कैबिनेट के पास जाएगा और बाद में लोकसभा में आधिकारिक रूप से संशोधन विधेयक पेश किया जाएगा।

### नगर बंद कर....

नारों के साथ क्षेत्र को गुंजा दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर अमित दलाल के अनुसार पीड़िता के शरीर, हाथ, पैर और जांघों पर गंभीर चोट और संघर्ष के निशान हैं। उसके गुप्त अंगों पर किसी कठोर लकड़ी से हमला किया गया है, जिससे अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोट और सूजन है। पीड़िता को गंभीर हालत में पहले जिला अस्पताल और फिर इंदौर के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। फिलहाल पुलिस महिला के देवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### विवाहिता ने की ...

कुछ समय पूर्व अपने बेटे की मौत के बाद से गहरे मानसिक तनाव में थी। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि पति लखन वर्मा और ससुराल वाले उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे थे, जिसकी शिकायत पहले भी थाने में की गई थी। लगातार हो रही मारपीट से तंग आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिम्नास्टिक बेल्ट पर...

जिम्नास्टिक बेल्ट पर मृतका के स्किन टिशू (त्वचा के नमूने) मिले हैं, जो ट्विशा की गर्दन की चोटों से पूरी तरह मेल खा रहे हैं। दरअसल, पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह वैज्ञानिक संबंध स्थापित नहीं हो पाया था क्योंकि तब जांच अधिकारी मेडिकल बोर्ड के सामने बेल्ट पेश नहीं कर सके थे। इसके बाद मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने दोबारा जांच शुरू की। एम्स के फॉरेंसिक विभाग के प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता ने बताया कि करीब एक महीने तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स का अध्ययन करने और वैज्ञानिक तर्कों को परखने के बाद यह स्पष्ट राय दी गई है, जो न्यायपालिका के लिए तस्वीर पूरी तरह साफ कर देगी।

### अर्जेंटीना के सामने ...

फॉर्म में है। उसने क्वार्टर फाइनल में नॉर्वे के खिलाफ पिछड़ने के बाद जूड बेलिंगहम के जादुई खेल की बदौलत शानदार वापसी कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। दूसरी तरफ, डलास में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में किलियन एम्बाप्पे की मजबूत फ्रांस टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। स्पेन ने राउंड ऑफ 16 में पुर्तगाल और क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 2-1 से हराकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। इन चारों दिग्गजों में से कोई एक ही इस बार विश्व विजेता की ट्रॉफी उठाएगा।

### मैं आत्महत्या कर...

आयुक्त ने मनमोहन सिंह को ऐसे नेता के रूप में याद किया है, जिनके लिए संवैधानिक मर्यादा केवल भाषणों तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह उनके आचरण और सोच का अभिन्न हिस्सा थी। कुरैशी के मुताबिक, जनवरी 2012 में उत्तर प्रदेश में चुनाव हो रहा था। उस समय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने एक चुनावी रैली में वादा किया कि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो नौकरियों में मुसलमानों के लिए आरक्षण 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर नौ प्रतिशत कर दिया जाएगा। 'हैचेट इंडिया' द्वारा प्रकाशित और जल्द बाजार में आने वाली पुस्तक में कुरैशी लिखते हैं, भारतीय जनता पार्टी ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए तुरंत चुनाव आयोग में शिकायत की कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी नयी योजना की घोषणा नहीं की जा सकती। उन्होंने लिखा, हमने चार दिन तक सुनवाई की। कांग्रेस की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा की ओर से अरुण जेटली ने पक्ष रखा। आखिरकार निर्वाचन आयोग ने खुर्शीद की निंदा की। कुरैशी के अनुसार, आदर्श आचार संहिता के तहत आयोग के पास उपलब्ध यह सबसे कड़ी कार्रवाई थी।

**2004 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री रहे मनमोहन:** डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे और उन्हें शांत, संयमित तथा संस्थाओं का सम्मान करने वाले नेता के रूप में जाना जाता है। वहीं एसवाई कुरैशी जुलाई 2010 से जून 2012 तक भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। उनके कार्यकाल में बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर समेत कई बड़े राज्यों के विधानसभा चुनाव संपन्न हुए।

### क्या है पूरा ...

ने चुनाव आयोग की आलोचना करते हुए उसके फैसले पर सवाल उठाए। यही बयानबाजी चुनाव आयोग और सरकार के बीच तनाव की वजह बनी। कुरैशी का दावा है कि प्रधानमंत्री ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया और बाद में मंत्रियों तक अपना सख्त संदेश पहुंचाया, जिसके बाद चुनाव आयोग के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी बंद हो गई।

## सेज यूनिवर्सिटी में 107वीं आरएएफ इंटर सेक्टर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता

# पुष्पलता बरे बेस्ट फीमेल, अभि अर्जुन रहे बेस्ट मेल एथलीट





हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सेज यूनिवर्सिटी में के परिसर में 107वीं आरएएफ इंटर सेक्टर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता का सफल आयोजन 107वीं आरएएफ इंटर बटालियन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में साउदर्न सेक्टर, जेकेडी सेक्टर, जोरहाट सेक्टर, सीजी सेक्टर, टीपीए सेक्टर,एनडब्ल्यूएस सेक्टर, केके, आरएएफ, एमपीतथा ओडिशा सेक्टर सहित देश के विभिन्न आरएएफ सेक्टरों की टीमों ने भाग लिया। ट्रायथलॉन प्रतियोगिता के अंतर्गत स्विमिंग, साइक्लिंग एवं रनिंग की तीन स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी फिटनेस, सहनशक्ति और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का उच्च स्तर देखने को मिला।

### अतिथियों ने वितरित किए पुरस्कार

समापन समारोह में सीआरपीएफ की महानिरीक्षक (आईजी) नीतू भट्टाचार्य, 107वीं आरएएफ इंटर बटालियन के कमांडेंट (सीओ) जे.पी. बलाई तथा सेज विवि के कुलपति प्रो. अनिल एम. बिसेन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए तथा सेज विवि के आधुनिक खेल परिसर और विश्वस्तरीय खेल अधोसंरचना की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। प्रतियोगिता में पुष्पलता बरे को बेस्ट फीमेल एथलीट, अभि अर्जुन को बेस्ट मेल एथलीट तथा आरएएफ सेक्टर को बेस्ट रिले टीम का पुरस्कार प्रदान किया गया।

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में नीरू ढांडा ने जीता स्वर्ण



- एमपी शूटिंग अकादमी की मनीषा ने भी शीर्ष-10 में बनाई जगह

**भोपाल।** इटली के लोनाटो शहर में 3 जुलाई से 13 जुलाई तक आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन में मप्र राज्य शूटिंग शॉटगन अकादमी की खिलाड़ी नीरू ढांडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं अकादमी की दूसरी खिलाड़ी मनीषा ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दसवां स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के साथ-साथ मध्यप्रदेश का गौरव भी बढ़ाया है। विश्व की शीर्ष निशानेबाजों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नीरू ढांडा ने पूरे मुकाबले के दौरान बेहतरीन एकाग्रता, तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

## एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मप्र के विनोद सिंह ने जीता कांस्य पदक

**भोपाल।** मप्र एथलेटिक्स अकादमी के प्रतिभाशाली धावक विनोद सिंह ने चीन के ओरदोस में आयोजित प्रथम एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 14:23.67 मिनट का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया। चैंपियनशिप के 5000 मीटर फाइनल में एशिया के सर्वश्रेष्ठ युवा धावकों के बीच हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में विनोद सिंह ने उत्कृष्ट धैर्य, गति और रणनीति का परिचय देते हुए तीसरा स्थान हासिल किया।




**शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, रायसेन**

Approved by AICTE/ Affiliated to R.G.P.V. Bhopal

Admissions Open: Professional Diploma Courses (College Level Counselling)

10वीं के आधार पर डिप्लोमा प्रथम वर्ष एवं 12वीं के आधार पर डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में छात्र/छात्राओं हेतु कॉलेज लेवल (CLC) से ऑन-द-स्पॉट एडमिशन (ALL INDIA STUDENTS ELIGIBLE)

लोकल काउंसिलिंग की तिथि प्रति सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को उपस्थित होकर प्रवेश का अवसर।

**शासन द्वारा संस्था में उपलब्ध सुविधायें:-**

- AICTE द्वारा प्रगति, सक्षम, स्वनाथ छात्रवृत्ति के अंतर्गत रू. 50,000/- प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति तथा यशस्वी छात्रवृत्ति में रू. 30,000/- प्रतिवर्ष।
- SC/ST/OBC/अल्पसंख्यक के विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार पोस्ट-मेट्रिक तथा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति लगभग रु. 10,000/- प्रति वर्ष।
- सामान्य वर्ग के संबल कार्ड धारकों के बच्चो को मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के तहत निःशुल्क शिक्षा।
- डिप्लोमा के साथ 11 वीं / 12 वीं अलग से करना चाहते हैं, उन्हें NIOS के माध्यम से परीक्षा की तैयारी, कोचिंग की सुविधा।
- साथी पोर्टल के माध्यम से डिप्लोमा के साथ JEE/अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में मार्गदर्शन।
- डिप्लोमा के दो वर्ष उत्तीर्ण होने पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के तहत 12वीं की समकक्षता।
- डिप्लोमा के पश्चात प्रदेश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में B-tech Lateral entry से द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर।

अंतिम तिथि- प्रथम वर्ष एवं लेट्रल इंट्री हेतु 14 अगस्त 2026 (दोपहर 12:30 बजे तक)

**संस्था में वर्तमान में उपलब्ध सीटों का विवरण:-**

| प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ब्रांचवार उपलब्ध सीटें (10वी मेरिट के आधार पर प्रवेश) | द्वितीय वर्ष लेट्रल इंट्री से प्रवेश हेतु ब्रांचवार उपलब्ध सीटें (आई.टी.आई./ 12वी गणित पास हेतु) |
|---|---|
| इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्यू, इंजी.-18, EWS-03 | इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्यू, इंजी.- 03 |
| सिविल इंजी.-66, EWS-07 | सिविल इंजी. - 04 |
| मैकेनिकल इंजी.-52, EWS-07 | मैकेनिकल इंजी.-06 |
| इलेक्ट्रीकल इंजी.-30, EWS-07 | इलेक्ट्रीकल इंजी.-03 |

10वीं/ 12वीं द्वितीय अवसर रूक जाना नही स्कीम से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिप्लोमा का सुनहरा अवसर

नोट - EWS अनारक्षित वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर पात्र विद्यार्थी SDM कार्यालय में संपर्क कर EWS प्रमाण पत्र बनवाकर EWS की सीटों का लाभ ले सकते है।

प्रवेश पंजीयन एवं प्रवेश हेतु अधिक जानकारी के लिए https://dte.mponline.gov.in पर देखा जा सकता है अथवा महाविद्यालय में आकर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा प्रवेश समिति के सदस्यों से उनके मोबाइल नं. 9329443475, 9826705903,9827666729, 9654929463, 9575110404, 7987234232, पर संपर्क कर सकते है।

जी - 15549/26 — स्वच्छता ही सेवा — प्राचार्य, शा. पोलीटेकनिक महा. रायसेन



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड

संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330

R-01-06-2026,to 23-07-26

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2025 से लागू


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै राधाकिशन पुत्र श्री हेमराज सिंह आयु 55 वर्ष निवासी-कुमदावाडा, मैना, जिला-सीहोर म.प्र. का निवासी हूँ। मेरे पुत्र के शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे उसका नाम अक्षत (Akshat) पुत्र श्री राधाकिशन (Radhakishan) दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे उसका नाम त्रुटिवश (akhachhat) पुत्र (Sarita Mewada) दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही नाम अक्षत (Akshat) पुत्र राधाकिशन (Radhakishan) है जो सही एवं सत्य है एवं भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जायेगा है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरा नाम राजू अत्तरदे पिता दौलत अत्तरदे आयु वयस्क, निवासी 213, ग्राम सिबल, तहसील नेपानगर, जिला बुरहानपुर म.प्र. आधार कार्ड नं.3278 6519 2744 है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम राजेन्द्र पिता दौलत (RAJENDRA S/O DOULAT) अंकित हो गया है एवं मेरा सरनेम दर्ज नही है। मेरा वास्तविक नाम एवं सरनेम राजू अत्तरदे पिता दौलत अत्तरदे (RAJUATTARDE S/O DOULAT ATTARDE) है जो सही व सत्य है मैं इसी नाम एवं सरनेम से जाना पहचाना जाता हूँ। मेरे सभी शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम एवं सरनेम राजू अत्तरदे पिता दौलत अत्तरदे (RAJUATTARDE S/O DOULAT ATTARDE) दर्ज किया जावें। अतः प्रकाशन उपरांत मेरा नाम एवं सरनेम राजू अत्तरदे पिता दौलत अत्तरदे (RAJU ATTARDE S/O DOULAT ATTARDE) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।


JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED — ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश,
जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6285

**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-6284 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6295

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6294 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### एजेस फेडरल ने लांच किया इंडिजीनियस फंड

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने आज 'इंडिजीनियस फंड' लांच करने की घोषणा की। यह अपनी तरह का अनोखा थीमैटिक इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन है, जो कंपनी के यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान के माध्यम से उपलब्ध होगा। यह फंड एक डाइवर्सिफाइड (विविध) इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो के जरिए तीन दीर्घकालिक संरचनात्मक विषयों -भारत की विकास गाथा, स्वदेशीकरण, और सरलता/प्रतिभा से जुड़े व्यवसायों में निवेश करता है।

### फ्लिपकार्ट और ई-नाम से हुए समझौते

**नई दिल्ली।** मेघालय सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य राज्य के प्रीमियम गुणवत्ता वाले अनानास को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाना, किसानों को बड़े खरीदारों, रिटेल कंपनियों, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और निर्यातकों से जोड़ना है। महोत्सव के दौरान फ्लिपकार्ट और नेशनल एग्रीकल्चर मार्केटिंग लिमिटेड (ई-नाम ) के साथ महत्वपूर्ण समझौते भी किए गए।

### सैमसंग का बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पेश

**मुंबई।** सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पेश किए हैं। एआई तकनीक, स्मार्ट फीचर्स और स्वच्छ हवा की सुविधा से लैस ये एयर कंडीशनर्स हर मौसम में बेहतर कूलिंग और आरामदायक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। सैमसंग के नए एसी में दिया गया 3-इन-1 मानसून केयर फीचर खास तौर पर बारिश के मौसम की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### बर्गंडी हुरुन इंडिया 500 की पांचवीं सूची जारी

**मुंबई।** एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग व्यवसाय बर्गंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने '2025 बर्गंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' रिपोर्ट का पांचवां संस्करण जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की 500 सबसे मूल्यवान गैर-सरकारी कंपनियों का संयुक्त मूल्य 3.4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो कई प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बराबर है।

### एयू जैगल को-ब्रांडेड रिटेल क्रेडिट कार्ड लांच

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने जैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड के साथ मिलकर एयू जैगल को-ब्रांडेड रिटेल क्रेडिट कार्ड लांच करने की घोषणा की। यह एक विशिष्ट पेशकश है जो आज के बदलते ग्राहकों के लिए बेहतर रिवॉर्ड्स, कस्टमाइज़ेबल लाभ और एक सहज डिजिटल अनुभव को एक साथ लाती है। यह कार्ड एक इनोवेटिव ज़ैग कॉइन्स-टू-कैशबैक प्रस्ताव पेश करता है।

### अमेजन का 10वां प्राइम डे बना सबसे तेज

**मुंबई।** अमेजन इंडिया ने दावा किया है कि उसका 10वां प्राइम डे संस्करण अब तक का सबसे तेज और सबसे सफल रहा। कंपनी के अनुसार इस बार प्राइम मेंबरशिप के 70 प्रतिशत से अधिक नए साइन-अप टियर-2 और टियर-3 शहरों से आए। छोटे और मध्यम कारोबारियों की भी अब तक की सबसे अधिक भागीदारी रही और रिकॉर्ड संख्या में विक्रेताओं ने 10 लाख रुपए से अधिक की बिक्री का आंकड़ा पार किया।

### अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** अल्पाइन टेक्सवर्ल्ड लिमिटेड अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (मेनबोर्ड आईपीओ) मंगलवार, 14 जुलाई, 2026 को खोलने का प्रस्ताव कर रही है। अपर प्राइस बैंड पर कंपनी का लक्ष्य 1,262.52 मिलियन तक जुटाने का है। इश्यू का आकार 1,262.52 मिलियन तक है तथा प्राइस बैंड 100 से 105 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह इश्यू मंगलवार, 14 जुलाई 2026 को खुलेगा और गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को बंद होगा।

*मानसून की अनिश्चितता यूं ही रही तो उत्पादन घटेगा*

# मानसून का छलावाः कमजोर बारिश से खेती पर संकट के बादल

*सक्रिय सुपर अल नीनो का प्रभाव इस बार मानसून को कमजोर और धीमा कर रहा*

*जुलाई और अगस्त का महीना ही खेती- बाड़ी की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जून माह में कमजोर और लगभग गतिहीन रहे दक्षिण-पश्चिम मानसून ने जुलाई माह में भी वर्षा की भारी कमी पैदा कर दी, जिसका सीधा असर खरीफ फसलों की बुआई पर पड़ा है। खरीफ फसलों का रकबा बीते साल की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक घट गया है। जुलाई के प्रारंभ में मानसून ने कुछ रफ्तार पकड़ी है और कई राज्यों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है, लेकिन मौसम विशेषज्ञों के अनुमान भविष्य को लेकर चिंता बढ़ा रहे हैं। सक्रिय सुपर अल नीनो का प्रभाव इस बार मानसून को कमजोर और धीमा कर रहा है।

गौरतलब है कि जुलाई और अगस्त खेती- बाड़ी की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण महीने माने जाते हैं, क्योंकि इसी दौरान सबसे अधिक वर्षा होती है और खरीफ फसलों की अधिकांश बुआई पूरी होती है। यदि इन महीनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था दोनों पर गंभीर असर पड़ सकता है। यदि आने वाले सप्ताहों में मानसून ने अपेक्षित गति नहीं पकड़ी, तो इस वर्ष कई राज्यों में मानसून उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाएगा। ऐसे में किसानों की निगाहें अब जुलाई माह आगामी 15 दिन और अगस्त की बारिश पर टिकी हैं, क्योंकि यही महीने इस खरीफ सीजन और देश की कृषि अर्थव्यवस्था की दिशा तय करेंगे।



खरीफ सीजन दो महीने ही देश के कृषि अर्थव्यवस्था की दिशा तय करेंगे

### समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित : पाटीदार



कृषि उपज मंडी समिति भोपाल के पूर्व मंडी अध्यक्ष भागीरथ पाटीदार ने कहा कि इस बार मानसून की अनिश्चितता ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। कई क्षेत्रों में समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बुआई प्रभावित हुई है, जबकि जिन किसानों ने बुआई कर दी है, वे अब लगातार बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जुलाई और अगस्त में भी अच्छी वर्षा नहीं हुई तो फसलों की वृद्धि प्रभावित होगी, उत्पादन घटेगा और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

### असमान वर्षा के कारण बन सकती है दोबारा बुआई की स्थिति



किसान भगवान सिंह परमार ने कहा कि यदि जुलाई और अगस्त में पर्याप्त एवं समान रूप से वर्षा नहीं हुई तो खरीफ फसलों के उत्पादन पर व्यापक असर पड़ सकता है। कई क्षेत्रों में किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जबकि कहीं-कहीं असमान वर्षा के कारण दोबारा बुआई की स्थिति बन सकती है। किसान संगठनों के पदाधिकारी और किसान नेता त्रिवेणी दत्त त्रिपाठी ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग की है कि संभावित सूखे की स्थिति को देखते हुए जिला स्तर पर आकस्मिक योजनाओं को तत्काल लागू किया जाए। सिंचाई के वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराए जाएं, किसानों को पर्याप्त बिजली, बीज और उर्वरक समय पर मिलें तथा फसल बीमा दावों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। किसानों कहा कि यदि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियां बनी रहती हैं तो किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज और ब्याज मुक्त सहायता की भी व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि कृषि और किसानों की आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सके।

## अब तक 176 उत्पादों को मिला जीआई टैग, 538 जीआई उत्पादों पर चल रहा काम

# नाबार्ड ने 28 नए उत्पादों को दिलाया जीआई टैग, घरेलू और वैश्विक बाजार में मिली पहचान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने देश की पारंपरिक कला, शिल्प और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए 28 नए उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) पंजीकरण दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही नाबार्ड अब तक 176 उत्पादों को जीआई टैग दिलाने में सहयोग कर चुका है, जबकि देशभर में 538 जीआई उत्पादों के संवर्धन के लिए विभिन्न संस्थाओं के साथ काम कर रहा है। नए जीआई पंजीकरण प्राप्त उत्पादों में बिहार की नालंदा बावनबूटी साड़ी, गया पत्थरकट्टी शिल्प, झारखंड की कुचाई सिल्क साड़ी, असम का बा बांस शिल्प और बिहू पेपा, हिमाचल प्रदेश की वुड कार्विंग तथा मध्य प्रदेश का खजुराहो धातु शिल्प सहित कई पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा, धातु एवं बांस शिल्प शामिल हैं। इन उत्पादों को जीआई टैग मिलने से उन्हें कानूनी संरक्षण के साथ घरेलू और वैश्विक बाजार में नई पहचान मिलेगी।

*मप्र का खजुराहो धातु शिल्प सहित कई पारंपरिक हस्तशिल्प हथकरघा, धातु एवं बांस शिल्प शामिल*




नाबार्ड का उद्देश्य ब्रांडिंग मजबूत बनाना

### 13 हजार से ज्यादा लोगों को बाजारों से जोड़ा

नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ. शाजी कृष्णन वी. ने कहा कि जीआई पंजीकरण पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और ग्रामीण उत्पादकों के लिए बेहतर आय का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड उत्पादकों के सामूहिकीकरण, कौशल विकास, ब्रांडिंग, बाजार से जुड़ाव और निर्यात को बढ़ावा देकर जीआई आधारित मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नाबार्ड की जीआई आधारित पहलों से अब तक 13 हजार से अधिक कारीगरों और उत्पादकों को उच्च मूल्य वाले बाजारों से जोड़ा गया है, जबकि 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। वर्तमान में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक और गुजरात में 14 ग्रामीण उद्यम उत्पादक संगठन विभिन्न जीआई उत्पादों के उत्पादन और विपणन पर कार्य कर रहे हैं।

### जीआई प्रमाणित उत्पादों को उपलब्ध कराया विशेष मंच

जीआई उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड ने अहमदाबाद, बिहार और तमिलनाडु में जीआई सुविधा केंद्र स्थापित करने में सहयोग दिया है। इसके अलावा कर्नाटक के ऐहोल में जीआई स्टोर की स्थापना कर जीआई प्रमाणित उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के लिए विशेष मंच उपलब्ध कराया गया है। नाबार्ड का उद्देश्य ब्रांडिंग, गुणवत्ता सुधार, डिजिटल मार्केटिंग और संस्थागत सुदृढ़ीकरण के माध्यम से पारंपरिक उत्पादों को बेहतर बाजार, उचित मूल्य और वैश्विक पहचान दिलाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है।

## जरूरत को ध्यान में रख,विकसित किए वाहन

# टाटा मोटर्स ने लांच की नई 'अल्ट्रा प्राइम' और 'स्टारबस प्राइम' रेंज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने भारतीय बाजार के लिए अपनी नई अल्ट्रा प्राइम और स्टारबस प्राइम बस रेंज लांच की है। बसों की इस नई रेंज को हाल ही में आयोजित प्रवास 5.0 कार्यक्रम में लांच किया गया। टाटा मोटर्स ने एलपीओ 1620 सीएनजी, अल्ट्रा प्राइम एलपीओ 412, अल्ट्रा स्कूल 9/9 ईवी, मैजिक ईवी, विंगर प्लस और अल्ट्रा प्राइम आरई कॉन्सेप्ट सहित कई नए मॉडल पेश किए। ये वाहन इंटर-सिटी, इंट्रा-सिटी, स्कूल, स्टाफ, टूरिज्म और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी जैसी विभिन्न परिवहन जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किए गए हैं। टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड आनंद एस ने कहा कि 'प्रवास' कंपनी के लिए फ्लीट ऑपरेटर्स और उद्योग से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने बताया कि एलपीओ 1620 सीएनजी कम परिचालन लागत उपलब्ध कराता है, जबकि नई अल्ट्रा प्राइम रेंज बेहतर सुरक्षा और आराम प्रदान करती है। वहीं अल्ट्रा स्कूल 9/9 ईवी और मैजिक ईवी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।



## मध्यप्रदेश में स्वराज का नया प्रोटेक ट्रैक्टर लांच

**भोपाल।** महिंद्रा समूह की कंपनी और देश के प्रमुख ट्रैक्टर ब्रांडों में शामिल स्वराज ट्रैक्टर्स ने मध्य प्रदेश में अपना नया स्वराज प्रोटेक ट्रैक्टर लांच किया है। शुरूआती कीमत 9.45 लाख रुपए से 10.45 लाख रुपए तक है। आधुनिक तकनीक से लैस यह ट्रैक्टर किसानों के साथ-साथ व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर प्रदर्शन, अधिक उत्पादकता और आसान संचालन का अनुभव प्रदान करेगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के स्वराज डिवीजन के सीईओ गगनजोत सिंह ने कहा कि खेती का भविष्य ऐसी तकनीक पर आधारित होगा, जो किसानों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप भरोसेमंद और उपयोगी हो।



## बिजनेस न्यूज

### दी ओरिएंटल स्कूल में 5वां शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**भोपाल ।** दी ओरिएंटल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए 5वां शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन दी ओरिएंटल कॉलेज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कमांडर आयुष डोडानी , कमांडिंग ऑफिसर, प्रथम मध्य प्रदेश नौसेना एनसीसी इकाई, भोपाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव ठकराल, उपाध्यक्ष, ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशaस ने की। इस अवसर पर श्रीमती सोनिया ठकराल, प्रबंध निदेशक तथा विद्यालय की प्राचार्या स्वप्ना आफले विशेष रूप से उपस्थित रहीं। नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए विद्यालय के आदर्शों, अनुशासन एवं उत्तरदायित्वों के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। समारोह का प्रमुख आकर्षण विद्यालय की नई पहल 'विरासत मार्गदर्शक ' रही। इस पहल के अंतर्गत वरिष्ठ विद्यार्थियों को साहित्य एवं संचार, खेल, कला एवं संस्कृति, विद्यार्थी सहभागिता, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा सतत विकास एवं पर्यावरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कनिष्ठ विद्यार्थियों के मार्गदर्शन का दायित्व सौंपा गया।




### मानसरोवर में इन्वेस्टीचर सेरेमनी संपन्न, छात्र नेताओ ने ली पद की शपथ



**भोपाल।** मानसरोवर पब्लिक स्कूल में सत्र 2026-27 के लिए इन्वेस्टीचर सेरेमनी (पदग्रहण समारोह) का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान नव नियुक्त कैबिनेट ने अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना और उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सांई ग्रामोत्थान समिति के उपाध्यक्ष डॉ. कर्नल एम.के. तिवारी और विशिष्ट अतिथि मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर कर्नल एच. आर. रुहिल, मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सोजन जॉसफ, डीन लॉ डॉ. ताई चौरसिया और वरिष्ठ शिक्षिका लता श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूल के सर्वोच्च पदों पर मनीष यादव को हेड बॉय और इशिका बागड़े को हेड गर्ल चुना गया। वहीं वैदिक तिवारी असिस्टेंट हेड बॉय और समृद्धि त्रिपाठी को असिस्टेंट हेड गर्ल चुना गया। इसके साथ ही अनुश्री अत्रे को डिसिप्लिन मिनिस्टर, रुद्रांश शर्मा को एजुकेशन मिनिस्टर, सागर राठौर को स्पोर्ट्स मिनिस्टर, अंश शर्मा को एनवायरनमेंट मिनिस्टर, नव्या मसरम को कल्चरल मिनिस्टर और वैष्णवी राजपूत को हेल्थ एंड वेलनेस मिनिस्टर नियुक्त किया गया।

### उपमुख्यमंत्री ने किया डॉ. युगल किशोर को सम्मानित



**भोपाल।** मणिपाल हॉस्पिटल्स के मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंसेज के चेयरमैन डॉ. युगल किशोर मिश्रा को 25,000 सफल हृदय सर्जरी पूरी करने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भोपाल में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि डॉ. मिश्रा की 25 हजार सफल हार्ट सर्जरी का रिकॉर्ड देश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्रा ने कार्डियक केयर के क्षेत्र में नई दिशा दी है और हजारों मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए डॉ. मिश्रा और एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

### एलएंडटी फाइनेंस का शुद्ध लाभ 902 करोड़ रु. हुआ

**मुंबई।** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (30 जून 2026 तक) में 902 करोड़ रुपए का समेकित कर पश्चात लाभ दर्ज किया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की समेकित लोन बुक भी 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,29,634 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ सुदीप्तारॉय ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, महंगाई और ऊंची उधारी लागत जैसी चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने अनुशासित रणनीति के साथ मजबूत कारोबार और स्वस्थ वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि कंपनी का प्रदर्शन 'लक्ष्य 31' रणनीतिक योजना के अनुरूप रहा।कंपनी की रिटेल लोन बुक 28 प्रतिशत बढ़कर 1,27,535 करोड़ रुपए पहुंच गई, जबकि पहली तिमाही में 23,852 करोड़ रुपये का रिटेल वितरण किया गया, जो सालाना आधार पर 36 प्रतिशत अधिक है।

### हर्बालाइफ का फॉर्मूला 1 न्यूट्रिशनल शेक का नया डेट्स कैरेमल फ्लेवर लांच

**बेंगलुरु।** हेल्थ और वेलनेस क्षेत्र की कंपनी हर्बालाइफ इंडिया ने अपने फॉर्मूला 1 न्यूट्रिशनल शेक मिक्स का नया डेट्स कैरेमल फ्लेवर लांच किया है। कंपनी के अनुसार, इस नए वैरिएंट में खजूर और कैरेमल के स्वाद के साथ डेट क्रंच शामिल किए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को स्वाद के साथ संतुलित पोषण भी मिल सके। कंपनी का कहना है कि बदलती जीवनशैली और व्यस्त दिनचर्या को ध्यान में रखते हुए यह नया फ्लेवर तैयार किया गया है। इससे पहले फॉर्मूला 1 शेक वनीला, डच चॉकलेट, मैंगो, कुल्फी और रोज खीर जैसे फ्लेवर में उपलब्ध है। हर्बालाइफ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय खन्ना ने कहा कि आज के उपभोक्ता ऐसे पोषण उत्पाद चाहते हैं जो स्वादिष्ट होने के साथ इस्तेमाल में आसान हों और बेहतर स्वास्थ्य में भी मदद करें। उन्होंने कहा कि डेट्स कैरेमल फ्लेवर ग्राहकों की बदलती पसंद को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।

## जियो फाइनेंस पर टैक्स प्लानिंग सेवा दोबारा शुरू

# 24 रुपए से शुरू होगी आईटीआर फाइलिंग, फीस पर 25 फीसदी तक जियो प्वॉइंट्स का मिलेगा लाभ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टैक्स फाइलिंग सीजन के बीच जियो फाइनेंस ने अपने ग्राहकों के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइलिंग और टैक्स प्लानिंग सेवा दोबारा शुरू कर दी है। इस बार कंपनी ने टैक्स फाइलिंग को और किफायती बनाते हुए सिर्फ 24 रुपए की शुरुआती कीमत पर आईटीआर फाइलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है।

साथ ही ग्राहकों को फाइलिंग शुल्क पर 25 प्रतिशत तक जियोप्वाइंट्स का रिवॉर्ड भी मिलेगा। कंपनी के अनुसारजियोप्वाइंट्स का उपयोग विभिन्न ब्रांड वाउचर, शॉपिंग ऑफर्स और पार्टनर डील्स में किया जा सकेगा। यह सेवा टैक्सबडी के साथ साझेदारी में शुरू की गई है, जो आयकर विभाग का पंजीकृत ई-रिटर्न इंटरमीडियरी है।

### टैक्स विशेषज्ञ की वाली सेवा 649 रुपए से शुरू




जियोफाइनेंस ऐप पर ग्राहकों को टैक्स प्लानिंग, आईटीआर फाइलिंग, टैक्स बचत के विकल्प, विभिन्न टैक्स रिजीम की तुलना और रिफंड स्टेटस ट्रैक करने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। ऐप पर खुद से फाइलिंग और एक्सपर्ट-असिस्टेड दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। खुद से फाइलिंग प्लान की शुरुआती कीमत 24 रुपए है, जबकि टैक्स विशेषज्ञ की सहायता वाली सेवा 649 रुपए से शुरू होती है। जियो फाइनेंस प्लेटफॉर्म एंड सर्विस लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरभे एस. शर्मा ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य जटिल वित्तीय प्रक्रियाओं को सरल, सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि कम कीमत, सुरक्षित प्लेटफॉर्म और जियोप्वाइंट्स रिवॉर्ड्स के साथ टैक्स फाइलिंग का अनुभव पहले से अधिक सुविधाजनक और लाभदायक बनाया गया है। वहीं, टैक्सबडी के सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि यह साझेदारी देशभर के करदाताओं को सुरक्षित, आसान और भरोसेमंद तरीके से आईटीआर फाइल करने में मदद करेगी।

### न्युवोको का सूरत में लिमला सीमेंट प्लांट शुरू

**सूरत।** न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड ने गुजरात के सूरत स्थित लिमला सीमेंट प्लांट का संचालन शुरू कर दिया है। इस प्लांट के साथ कंपनी ने गुजरात में अपनी औपचारिक एंट्री करते हुए पश्चिम भारत में अपने कारोबार के विस्तार की दिशा में अहम कदम बढ़ाया है। न्युवोको विस्टास ने जून 2025 में कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी रेजॉल्यूशन प्रोसेस के तहत करीब 1,800 करोड़ रुप, में किया था।

### एचएफसीएल का ऑप्टिक एआई ब्रांड पेश

**नई दिल्ली।** एचएफसीएल ने अपने एंड-टू-एंड ऑप्टिकल कनेक्टिविटी पोर्टफोलियो के लिए नया ब्रांड ऑप्टिक एआई लांच किया है। यह ब्रांड विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड और हाइपरस्केल डेटा सेंटरों की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है।

## कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम

*सीआईआई ने तैयार किए गए अपने स्किल डेवलपमेंट मॉडल की जानकारी दी*

# उद्योग मंत्री माउविन ने किया सीआईआई मल्टी स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का दौरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) मल्टी स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का दौरा कर गोवा सरकार के उद्योग मंत्री माउविन गोडिन्हो ने उद्योग आधारित कौशल विकास मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गोवा में कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विस्तार पर चर्चा की। दौरे के दौरान सीआईआई ने उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए अपने स्किल डेवलपमेंट मॉडल की जानकारी दी।

संस्थान में उद्योगों की भागीदारी से संचालित प्रशिक्षण, मॉडल करियर सेंटर, मल्टी स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट तथा रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा से सीधे रोजगार तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कौशल उपलब्ध कराना है। मंत्री गोडिन्हो को आतिथ्य, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल तकनीक, एनीमेशन, गेमिंग और अन्य उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसरों की जानकारी भी दी गई। सीआईआई ने बताया कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार पाठ्यक्रम, आधुनिक प्रयोगशालाएं और व्यावहारिक प्रशिक्षण के कारण प्रशिक्षित युवाओं का प्लेसमेंट और रोजगार में टिकाव बेहतर रहा है।




### उद्योग आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर जोर दिया

उन्होंने गोवा में भी ऐसे उद्योग आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में गोवा में एकीकृत कौशल विकास केंद्र, मॉडल करियर सेंटर और अंतरराष्ट्रीय रोजगार सुविधा केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत आतिथ्य, समुद्री, लॉजिस्टिक्स और विनिर्माण क्षेत्रों के लिए युवाओं को घरेलू और वैश्विक रोजगार के अवसरों के अनुरूप प्रशिक्षित करने की योजना पर चर्चा की गई। महिला उद्यमिता और घरेलू आजीविका को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा हुई। सीआईआई ने उत्पाद डिजाइन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार उपलब्ध कराने में सहयोग का प्रस्ताव रखा।

## चिंतन

# अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है जहाजों पर हमले

समुद्र केवल देशों की सीमाओं को जोड़ने वाला माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत से अधिक व्यापार का संचालन समुद्री मार्गों से ही होता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चल रहे व्यापारिक जहाजों पर हमले होने लगे, तो यह केवल किसी एक देश पर हमला नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती है। यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। ओमान तट के पास व्यापारी जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' पर हुआ हमला इसी बढ़ते खतरे का ताजा उदाहरण है। इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक नाविक अब भी लापता है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए स्पष्ट कहा है कि व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश में जुटा है। चिंता की बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया पहले से ही ईरान-अमेरिका तनाव, परमाणु विवाद और सैन्य टकराव के कारण अस्थिर बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है। वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, तेल की कीमतों, माल ढुलाई और पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। ईरान के वरिष्ठ नेता होर्मुज को अपनी रणनीतिक शक्ति बता रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई तेज कर रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता टकराव केवल दो राष्ट्रों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि इसका खामियाजा उन निर्दोष नाविकों और व्यापारिक जहाजों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका किसी सैन्य संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि युद्ध या तनाव की स्थिति में भी व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद यदि ऐसे हमले जारी रहते हैं, तो यह नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। भारत के लिए यह मामला और भी महत्वपूर्ण है। देश का अधिकांश विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और लाखों भारतीय नागरिक दुनिया भर के व्यापारिक जहाजों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, समुद्री व्यापार की निर्बाध आवाजाही और ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा राष्ट्रीय हित का विषय है। भारत को केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपनी समुद्री सुरक्षा नीति को और मजबूत करना होगा। भारतीय नौसेना की सक्रिय तैनाती, मित्र देशों के साथ खुफिया सहयोग, समुद्री निगरानी और संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव क्षमता को और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को अपनी संतुलित विदेश नीति का उपयोग करते हुए तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। भारत की विश्वसनीय छवि और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे इस दिशा में प्रभावी योगदान देने का अवसर देती है। समुद्र किसी एक देश की जागीर नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं। यदि व्यापारिक जहाज युद्ध का निशाना बनने लगे, तो इसका असर हर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ऐसे हमलों के खिलाफ ठोस और सामूहिक कार्रवाई करनी होगी।



राम मंदिर
उज्ज्वल दीपक

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई है। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा।

# आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है । सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई हैं। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा। श्रद्धालुओं को अपने द्वारा दान की गई राशि या गहने इत्यादि के विषय में भी आशंका उत्पन्न हुई। कुछ सवाल जो आम जनमानस में हैं कि क्या इससे अयोध्या के भव्य मंदिर की महिमा कम होने की सम्भावना है, क्या सनातन धर्म कमजोर हो जाएगा, क्या करोड़ों लोगों की आस्था समाप्त हो जाएगी, या ये सिर्फ कुछ अपराधियों द्वारा व्यवस्था की कमजोरी का लाभ उठाने की घटना है? इस पूरे घटनाक्रम का एक पक्ष ऐसा भी है, जिसकी चर्चा होनी चाहिए!

इस घटना पर पर्दा डालने का कोई प्रयास नहीं किया गया, सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया, मंदिर प्रबंधन ने जांच और आवश्यक कार्रवाई में सहयोग किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने भी किसी दोषी को बचाने की वकालत नहीं की, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और धर्म की मर्यादा की रक्षा की बात कही। यही तो सनातन की सबसे बड़ी विशेषता है। यह आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक है, और व्यवस्था की चूक का समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाकर होगा, आस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर नहीं! श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में सबसे लंबे सामाजिक आंदोलनों में से एक है। यह किसी संगठन का अभियान मात्र नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की सांस्कृतिक चेतना का विषय है। पूरे विश्व से लोग जुड़े, गांव -गांव से कारसेवकों ने अपने अपने स्तर पर योगदान किया, साधु-संतों ने अग्रणी भूमिका निभाई, विश्व हिंदू परिषद ने जन जागरण किया,स्वयंसेवकों ने दशकों तक समाज को संगठित रखा और भारतीय जनता पार्टी, चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, ने इस विषय को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा और श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता माना। आज की युवा पीढ़ी शायद कल्पना भी नहीं कर सकती कि राम जन्मभूमि आंदोलन कितनी लंबी यात्रा का परिणाम था । 1949 से लेकर 1980 के दशक तक, 1984 की धर्म संसद से लेकर 1990 की कार सेवा तक, 1992 की घटनाओं से लेकर दशकों तक अदालतों में चली सुनवाई तक। फिर सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय और संवैधानिक प्रक्रिया के आधार पर अंततः भव्य मंदिर का निर्माण। इसलिए यह मंदिर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक विश्वास और करोड़ों श्रद्धालुओं के धैर्य का प्रतीक है। जिस मंदिर को देखे बिना हजारों-लाखों साधु-संत स्वर्गवासी हो गए, लाखों कार्यकर्ता बूढ़े हो गए, जिस मंदिर के लिए सैकड़ों परिवारों ने अपनी संतान खो दी और हजारों कारसेवकों



को जेल की हवा कहानी पड़ी, उस मंदिर के दानपात्र से जब चोरी जैसी घटना सामने आती है तो उसका सबसे अधिक दर्द उसी समाज को होता है जिसने इस मंदिर के लिए सबसे अधिक संघर्ष किया है। यह मंदिर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि पांच सौ वर्षों के धैर्य का परिणाम है। सनातन धर्म व्यक्ति की नहीं, धर्म की रक्षा करता है। यदि कोई अपराध करता है तो वह चाहे कितना ही निकट क्यों न हो, उसके कृत्य का समर्थन नहीं किया जा सकता, और यही धर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 3 जुलाई 2026 को जारी अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि यह घटना करोड़ों रामभक्तों की भावना को आहत करने वाली है। उन्होंने दोषियों को कठोर दंड देने की अपेक्षा व्यक्त की और मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने समाज से धैर्य बनाए रखने और इस घटना का उपयोग कर हिंदू समाज को बदनाम करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। और यही अंतर है। यहां अपराधी बचाने की संस्कृति नहीं है। यहां आत्ममंथन करने की परंपरा है। यही किसी उत्तरदायी समाज की पहचान होती है। दुनिया भर के धार्मिक संस्थान ऐसी घटनाओं से अछूते नहीं रहे हैं । यूरोप के अनेक चर्चों में दानपात्रों की चोरी की सहित ऐतिहासिक चर्चों से बहुमूल्य कलाकृतियां की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। मलेशिया, अमेरिका एवं भारत सहित कई देशों की विभिन्न मस्जिदों में भी चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं । लेकिन इन घटनाओं के आधार पर किसी धर्म की पवित्रता पर प्रश्न नहीं उठाया गया। अपराधियों को दोषी माना गया, धर्म को नहीं। इसी परिपक्वता की जरूरत अब हमारे देश भारत में भी है। हमारा दुर्भाग्य है कि देश की राजनीति में हर घटना को वैचारिक युद्ध का हथियार बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सरकार की जवाबदेही तय करना लोकतंत्र का हिस्सा है और विपक्ष एवं समाज का उस पर प्रश्न पूछना भी उचित है। लेकिन यदि किसी अपराध को पूरे हिंदू समाज, श्री राम मंदिर आंदोलन या सनातन पर हमला करने के अवसर के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो वह स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाता और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करता है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और धार्मिक आस्था के बीच की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों एवं संगठनों की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस घटना की जांच पर ध्यान दें, न कि उस आंदोलन को कटघरे में खड़ा करें जिसने संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। आज एक ऐसा नरेटिव फ़ैलाने की कोशिश की जा रही है जहां पूरे सनातन धर्म पर प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं. ये दोहरा चरित्र का प्रदर्शन है और इस भ्रम को पूरे देश में फ़ैलाने का काम कुछ लोग करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में आत्ममंथन एक सतत प्रक्रिया है। जब भी भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में कठिन निर्णय लिए, उन्होंने स्वयं मर्यादा को सदैव सर्वोपरि रखा। यदि किसी ने मंदिर की संपत्ति पर हाथ डाला है तो वह केवल कानून का अपराधी नहीं, श्रद्धा का भी अपराधी है। उसे कठोर दंड मिलना चाहिए।

इतिहास गवाह है कि सनातन सभ्यता ने अनेक आक्रमण झेले। श्री राम के मंदिर में चोरी हुई है तो अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे दंड मिलना चाहिए। यही श्री राम का न्याय है। क्योंकि सनातन का इतिहास यही कहता है, हम व्यक्ति के साथ नहीं, धर्म के साथ खड़े होते हैं। हम अपराध को छिपाकर आस्था की रक्षा नहीं करते, अपराध को दंडित करके आस्था को और मजबूत बनाते हैं। यही श्री राम का मार्ग है, यही मर्यादा है और यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी।

( लेखक छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



परियोजनाएं
विवेक मिश्रा

# सामरिक प्रभुत्व तय करती है निर्माण कार्यों की गति

बहुराष्ट्रीय परियोजनाएं, देशों के मध्य व्यावसायिक उत्कर्ष, सुगम नागरिक संपर्क और सामरिक श्रेष्ठता की स्थापत्य कलाकृति होतीं हैं। स्वकेंद्रित प्रभुत्व के सामने, यह समत्व के समन्वयकारी विस्तार को मान्यता देती है। जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के सैद्धांतिक प्रतिकार में खड़ी भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट योजना। यद्यपि इन परियोजनाओं की सफलता, प्रारंभिक सैद्धांतिक मान्यता से कहीं बढ़कर वास्तविक निर्माण तीव्रता पर निर्भर करती है। विदेश नीति में भी निर्माण गति का विशेष महत्व है। रणनीतिक क्षेत्रों तक त्वरित, सरल व सुदृढ़ शांतिपूर्ण उपस्थिति, सुरक्षा की प्रथम दीवार बनती है। इन दिनों बांग्लादेश के द्वारा मोंगला पोर्ट के विनिर्माण विकास अधिकार भारत से वापस लेकर, चीन को सौंपे जाने की चर्चाएं चहुंओर हो रही हैं। कारणों में, वर्ष 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन को प्रधान्यता के साथ उठाया गया, लेकिन इस शोर में हमने उस तथ्य का वेष्टन किया है, जो हमारे क्रियान्वयन के घोंघा चाल से उजागर होता है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा के तहत, तय हुए अनुबंध में, भारत को 110 एकड़ क्षेत्र पर आर्थिक गलियारा विकसित करने का अधिकार प्राप्त हुआ था। भारत की सुस्पष्ट लाइन ऑफ क्रेडिट योजना से इसका वित्तपोषण होना था। इस योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत निर्माण सामान व सेवाएं भारत से प्राप्त करना होता है। भारत सरकार से जारी फंड की प्राप्ति पर, संबंधित देश औपचारिक निविदा जारी कर आवंटन करते हैं। सरकार से सरकार (जी टू जी) स्तर पर हुए, मोंगला पोर्ट विकास समझौते को मूर्त रूप देने के लिए एक लंबी जटिल कागजी कार्रवाई चली, जिसके बाद सन 2018 में भारत सरकार से फंड जारी हुआ। बांग्लादेश की ओर से 2019 में सलाहकार (पीएमसी) की नियुक्ति के संबंध में कड़े प्रावधानों को प्रस्तावित किया गया। इनमें कंसल्टेंसी समूहों से ऊंचे टर्न ओवर, नेटवर्थ, वृहद् कार्यक्षेत्र और विशिष्ट तकनीकी अनुभव की मांग अपेक्षित की गई । इन शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में, अडानी ग्रुप और एलएनटी समूह को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी समूह सक्षम नहीं थे। योग्यता के बावजूद इन दोनों बड़े समूहों का भागीदारी न दिखाना, तात्कालिक भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों, लाभांश और सीमित स्वतंत्र कार्यशैली की वजह से था। विपक्ष, सरकार पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के आरोपों के साथ हावी था, स्वयं अडानी समूह भी इस प्रोजेक्ट में सरकार द्वारा हीरानंदानी ग्रुप को नामित कर देने के बाद सलाहकार फर्म के तौर पर, मात्र 80 करोड़ के सर्विस कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य करने को इच्छुक न था। जबकि एलएनटी समूह लाइन ऑफ क्रेडिट जैसी योजनाओं की बाध्यकारी नियमावली में कार्य करने के बजाए स्वतंत्र रूप से कार्य करने में भरोसा रखता है। इस सब का अंततोगत्वा परिणाम यही निकला कि 9 वर्षों के लम्बे विलंब और 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन के साथ उपजी भारत विरोधी भावनाओं में मोंगला पोर्ट के विकास अधिकार चीनी सरकारी कम्पनियों के ओर बह गए। पड़ोसी देशों में रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर पिछड़ते भारतीय प्रोजेक्ट हमारी वैश्विक कूटनीतिक बढ़त को बेहद कमजोर कर देते हैं। उदाहरण सिर्फ बांग्लादेश का ही नहीं है, म्यांमार में वर्ष 2008 में स्वीकृत और 2010 से कार्यरत कलादान मल्टी मॉडल प्रोजेक्ट, सिलीगुड़ी कॉरिडोर के जरिए पूर्वोत्तर राज्यों की एकमात्र पहुंच को वैकल्पिक मार्ग देता है। शिथिल कार्यशैली के चलते यह प्रोजेक्ट भी तय समय सीमा, वर्ष 2014 तक पूरा न हो सका। इसके बाद 2019 में कोरोना महामारी और म्यांमार में साल 2021 के सैन्य तख्ता पलट से निर्मित अनिश्चितताओं के चलते, यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज भी पूर्ण होने की राह देख रहा है। म्यांमार से जुड़ा एक और अहम, भारत - म्यांमार - थाईलैंड राजमार्ग का कार्य , 2002 में विचारित, 2012 से आरंभित और 2016 को पूर्णता के प्रति लक्षित था। भारत इसे कंबोडिया,लाओस व वियतनाम तक प्रसारित कर ईस्ट वेस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर का रूप देना चाहता है, हाल फिलहाल यह आशंकाओं से घिरा है। अपेक्षाकृत अधिक भागीदारीपूर्ण, सुरक्षित और किफायती होने के बावजूद यह भारतीय योजनाएं , पड़ोसी देशों में अपनी जटिल प्रक्रिया व दीर्घ कार्यावधि के कारण चीन की आक्रामक , महंगी लेकिन तेज निर्माण गति वाली बी.आर.आई जैसी योजनाओं से पिछड़ती नजर आती है। आवश्यक है कि, इन विषमताओं का सामना भारत सरकार प्रक्रियाओं को सरल व त्वरित बना कर एवं निर्माणाधीन कंपनियां लाभांश के अनुपातिक आंकलन से ऊपर उठकर राष्ट्रहितों के अनुकूल सैन्य चपलता से करें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य में ऐसी शक्ति जो सौ झूठ से बचाए



संकलित
## दर्शन

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं।

# हनुमान ने सूर्यदेव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
## प्रेरणा

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## सटाका




## आज की पाती

### सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़कें, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ–सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपए प्रति माह होनी चाहिए। *– मानिया सैनी , रेवाड़ी*

## करंट अफेयर

# भारतीय शादियों के लिए श्रीलंका बना नया गंतव्य

विदेशों में होने वाली भारतीय शादियों के लिए 2025 में श्रीलंका सबसे तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में सामने आया है और इसकी लोकप्रियता में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।



वहीं, पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद वर्ष 2026 में भारतीय जोड़ों के अपनी विशेष समारोह की योजनाओं में बड़ी कटौती करने की संभावना कम है।


शादी की योजना बनाने वाले मंच 'वेडमीगुड' की 'डेस्टिनेशन वेडिंग रिपोर्ट 2026' के अनुसार, आसान पहुंच, भारत से नजदीकी, शानदार आतिथ्य सुविधाओं और यादगार अनुभवों वाले आयोजनों के कारण श्रीलंका तेजी से एक प्रमुख विवाह गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्षों में श्रीलंका में भारतीय शादियों की बुकिंग में सालाना 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। हालांकि, थाईलैंड अब भी भारतीयों के लिए सबसे लोकप्रिय विदेशी विवाह गंतव्य बना हुआ है। वर्ष 2025 में वहां करीब 25 लाख पर्यटक पहुंचे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। यह रिपोर्ट 'वेडमीगुड' के उपभोक्ता और उद्योग नेटवर्क के माध्यम से किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

## ऑफ बीट

# मेरी मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है

जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना–देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है । हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना–देना नहीं है। वास्तव में, जैसा कि हम में से एक (रॉबर्ट एंड्रयू रॉबर्ट्स) ने लंबे समय से तर्क दिया है, कोशिकाएं लैक्टेट का उत्पादन करती हैं, लैक्टिक एसिड का नहीं। यह प्रक्रिया वास्तव में मांसपेशियों और रक्तप्रवाह में एसिड के निर्माण का विरोध नहीं करती है। दुर्भाग्य से, लोग अभी भी व्यायाम के संबंध में 'लैक्टिक एसिड' शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप व्यायाम करते हैं तो लैक्टेट उन मांसपेशियों के लिए बड़ी समस्या पैदा नहीं करता है जिनका उपयोग आप करते हैं।



## ट्रेंड

### जानकी अम्मा को नमन

मशहूर प्लेबैक सिंगर एस. जानकी अम्मा का निधन संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और पूरे संगीत जगत के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री




### आत्मनिर्भर भारत

भारतीय नौसेना में आईएनएस महेंद्रगिरि का शामिल होना न केवल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रमाण है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के शानदार उदय का भी प्रतीक है। यह युद्धपोत, नए भारत की तकनीकी क्षमता, औद्योगिक शक्ति और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### स्वास्थ्य सुविधाएं

बेहतर इलाज के लिए लोगों को पहाड़ों के मुश्किल रास्तों पर मीलों का सफर करना पड़ता था। इसी चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस कदम उठाए। उन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि हिमाचल स्वास्थ्य सुविधाओं में नए दौर में प्रवेश कर रहा है।
-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश



### चावल घोटाला

आज मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के राज में भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। एक घोटाला खत्म भी नहीं हो पाता कि दूसरा सामने आ जाता है। अब, इथेनॉल के नाम पर 200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

आईसीएआई भोपाल शाखा और एसएआई के संयुक्त आयोजन में सीए, विद्यार्थी शामिल

# फिट इंडिया का संदेश देने के लिए सड़कों पर उतरे सीए, 100 से ज्यादा लोगों ने की साइकिलिंग...



साई परिसर से शूटिंग अकादमी तक लोगों ने साइकिल चलाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिट इंडिया मूवमेंट के तहत रविवार सुबह शहर में स्वास्थ्य और फिटनेस का संदेश देने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सड़कों पर उतरे। 'द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' (आईसीएआई) की शाखा और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई ) के संयुक्त साइकिलिंग अभियान में 100 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विद्यार्थियों और उनके परिवारजनों ने भाग लिया। साइकिलिंग रैली की शुरुआत परिसर से हुई, जहां प्रतिभागी शूटिंग अकादमी तक पहुंचे और वहां से वापस परिसर लौटे।




## फिट इंडिया और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश...

आईसीएआई के अध्यक्ष सीए आदित्य पी. श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित व्यायाम और फिटनेस स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है। ऐसे आयोजन लोगों को जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। शाखा के सचिव सीए अभिषेक जैन ने बताया कि सदस्यों और विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए शाखा समय-समय पर खेल और फिटनेस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती है। कार्यक्रम में शाखा के पदाधिकारी, प्रबंध समिति के सदस्य, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, सीए विद्यार्थियों ने फिट इंडिया, हेल्दी इंडिया का संदेश लोगों तक पहुंचाना था।

बोट क्लब पर जाम...



भोपाल। रविवार को अवकाश एवं मौसम सुहाना होने पर बोट क्लब पर राजधानी के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। इससे शाम के वक्त जाम की स्थिति बन गई।

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव में आज और कल डाले जाएंगे टेंडर वोट

**भोपाल।** जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव के लिए टेण्डर वोटिंग सोमवार एवं मंगलवार दो दिन होगी। प्रातः: 11 बजे से शाम 4 बजे तक ऐसे अधिवक्ता अपने टेंडर वोट डाल सकेंगे जो बीमार हैं अथवा उन्हें मतदान के दिन आवश्यक कार्य से भोपाल से बाहर जाना हो। मुख्य चुनाव अधिकारी वासू वासवानी ने रविवार को जिला अभिभाषक संघ के कार्यालय में चुनाव अधिकारियों रवींद्र तिवारी , राकेश गोहिल,पीएन सिंह राजपूत, यश विद्यार्थी, सुनील शर्मा ,एपीएस परिहार,हाशिम अली, जगदीश गुप्ता, कैलाश मालवीय,दीपेश श्रीवास्तव, आरएस अहिरवार, इसहाक मंसूरी, मनोहर माली, अमित सोनी, नसीम कुरैशी, मंजू जैन सिंह,जितेंद्र जादवानी, शशांक पांडेय, हेमंत पाल , योगेश वर्मा, सुहाग सिंह सोलंकी,मो. साबिर खान, कमल रोचिरमानी, मलखान सिंह ठाकुर, भरत सिंह तोमर, रफीक खान, राकेश शर्मा, रवि पंथ, शंकर प्रसाद शुक्ला, रोशन पड़वार और विपिन पंड्या समेत अन्य चुनाव अधिकारियों की बैठक आयोजित कर टेंडर वोटिंग कराए जाने के निर्देश दिए। जिला अभिभाषक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर जगदीश सिंह परमार, उपाध्यक्ष पद पर सिद्धार्थ त्रिलोक त्यागी, अमित दुबे, सचिव पद पर शुभम मीना बब्लू,मुकेश नागपुरे,संदीप उमरे, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर मो.अब्दुल खालिक और कनिष्ठ कार्यकारिणी पुरुष पद पर विनम्र कुमार कोठारी समेत कुल 89 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा।

कार्रवाई के लिए मंत्री गोविंद सिंह ने केंद्र को लिखा पत्र

# बालाघाट प्रकरण में एथेनॉल निर्माता कंपनी एवं राइस मिलर की भूमिका

- एफसीआई के चावल की हेराफेरी में राज्य सरकार का कोई संबंध नहीं
- एथेनॉल चावल मामले की प्रारंभिक जांच में राइस मिलर और कंपनी की भूमिका उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्पष्ट किया कि प्रारंभिक जांच में एथेनॉल उत्पादन के लिए एफसीआई की ओर से उपलब्ध कराए गए टीटी चावल की कथित हेराफेरी में संबंधित एथेनॉल निर्माता कंपनी एवं राइस मिलर की भूमिका सामने आई है। एथेनॉल उत्पादन के लिए प्रदाय किए जाने वाले चावल में होने वाली किसी प्रकार की





इस मामले में पुलिस ने अब तक कुल 10 ट्रकों को जब्त किया है।

गड़बड़ी रोकने तथा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखकर अविलंब कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। जो भी व्यक्ति अथवा संस्था दोषी पाई जाएगी, उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में एथेनॉल उत्पादन के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की ओर से प्रदाय किए गए चावल की कथित हेराफेरी के मामले में मप्र खाद्य विभाग एवं मप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम की न तो कोई भूमिका है और न ही उनका इस प्रकरण से कोई संबंध है।

मंत्री राजपूत ने कहा कि एथेनॉल उत्पादन योजना भारत सरकार की योजना है। इसके तहत भारतीय खाद्य निगम की ओर से निर्धारित दरों पर एथेनॉल निर्माता कंपनियों को चावल उपलब्ध कराया जाता है। इसके पश्चात एथेनॉल निर्माता तेल विपणन कंपनियों को एथेनॉल की आपूर्ति करते हैं।

### राज्य सरकार अथवा उसकी किसी संस्था की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका नहीं होती

मंत्री राजपूत ने कहा कि इस संपूर्ण व्यवस्था में चावल का आवंटन, मूल्य निर्धारण, परिवहन एवं संचालन संबंधी सभी प्रक्रियाएं केंन्द्रीय एजेंसियों की ओर से संचालित की जाती हैं। राज्य सरकार अथवा उसकी किसी संस्था की इसमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भूमिका नहीं होती। राजपूत ने बताया कि बालाघाट जिले में प्राप्त शिकायत के बाद कलेक्टर की ओर से कराई गई जांच में एफसीआई के एवीजे एग्रिको प्राइवेट लिमिटेड, बोरगांव (जिला छिंदवाड़ा) को एथेनॉल उत्पादन के लिए प्रदाय किया गया 242.55 क्विंटल (490 बोरी) चावल ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेडी 3147 में संचेती राइस मिल, वारासिवनी (जिला बालाघाट) के परिसर में पाया गया। प्रथम दृष्टया चावल के व्यपवर्तन की पुष्टि होने पर एवीजे एग्रिको प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि तथा संचेती राइस मिल के संचालक के विरुद्ध वारासिवनी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। राज्य सरकार पुलिस जांच में पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

पहले चरण में 40 मार्गों पर 17,500 किमी का सफर

# चालीस साल बाद आदिवासी अंचलों में दौड़ेंगी सरकारी बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार करीब 25 वर्ष बाद सार्वजनिक यात्री परिवहन को नए स्वरूप में शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत पहली बार आदिवासी बहुल जिलों को बड़े शहरों से जोड़ने के लिए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन विभाग ने पहले चरण में 40 मार्गों को अधिसूचित करते हुए 17,500 किलोमीटर से अधिक के नेटवर्क का रोडमैप तैयार किया है।

विभाग ने इन प्रस्तावित मार्गों पर आमजन से सुझाव भी मांगे हैं। योजना के तहत आलीराजपुर, बुरहानपुर, धार, बैतूल, नीमच, खंडवा, खरगौन और रतलाम जैसे आदिवासी बहुल जिलों को प्रमुखता से जोड़ा जाएगा। प्रस्तावित मार्गों में इंदौर-रीवा, इंदौर-रीवा (अन्य रूट) और आलीराजपुर-शाजापुर सहित कई लंबे रूट शामिल हैं। इन मार्गों पर केवल परिवहन विभाग से अनुबंधित बसों का ही संचालन किया जाएगा। बिना अनुबंध किसी भी बस को संचालन की अनुमति नहीं होगी।




फाइल फोटो

### सभी बसों में लगेंगी व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस

परिवहन विभाग के अनुसार इस पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड करेगा। सभी बसों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाई जाएंगी, जो हर पांच से दस सेकंड में बस की लोकेशन और गति की जानकारी राज्य स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर तक भेजेंगे। यही जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से यात्रियों को भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे बसों की लाइव स्थिति देख सकेंगे।

### ई-टिकटिंग सिस्टम लागू किया जाएगा

सभी बसों में इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। टिकट पर यात्रा का प्रारंभिक स्थान, गंतव्य और निर्धारित किराया स्पष्ट रूप से अंकित रहेगा, जिससे अधिक किराया वसूलने की शिकायतों पर रोक लगेगी। विभाग वैज्ञानिक सर्वे के आधार पर नियमित समय-सारिणी भी तय करेगा, ताकि व्यस्त समय में यात्रियों को पर्याप्त बसें उपलब्ध हो सकें। साथ ही हेल्पलाइन नंबर और सुरक्षा संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बड़े शहरों के साथ आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों को भी सुगम एवं सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह रोडमैप तैयार किया गया है। वहीं सिंगरौली निवासी रिंकू कोल ने कहा कि इस योजना से आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और रोजगार की तलाश में आने-जाने वाले युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार का मानना है कि नई परिवहन व्यवस्था से दूरस्थ क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

भोपाल जीआरपी ने पकड़ा

# ट्रेनों में यात्रियों का सामान चुराने वाला चोर 11 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों के सामान चुराने वाले कुख्यात सांसी गैंग के चोर सत्यभान को जीआरपी भोपाल ने 11 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी 40 साल का सत्यभान हरियाणा के भिवानी जिले का है। उस पर पूरे देश में 15 स्थाई और गिरफ्तारी वारंट थे, जिसमें 13 भोपाल और 2 इटारसी जीआरपी के थे। सत्यभान सांसी 'सांसी गैंग' का सक्रिय सदस्य है। यह गिरोह ट्रेनों के जनरल डिब्बों और स्लीपर कोच में सवार होकर यात्रियों के बैग या वॉलीबैग में चाकू या ब्लेड से चीरा लगाकर कीमती सामान, नकदी और जेवरात चोरी करता था।


पिछले एक दशक में इस गिरोह ने मप्र, राजस्थान, उप्र, हरियाणा, पंजाब और असम समेत कई राज्यों में वारदातों को अंजाम दिया। भोपाल जीआरपी ने पिछले कई महीनों से पुराने स्थायी वारंटों की तामील के लिए एक विशेष अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सत्यभान की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों में भिवानी, हिसार और हरियाणा के अन्य इलाकों में लगातार दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। जीआरपी ने साइबर सेल भोपाल की मदद से आरोपी के मोबाइल का डेटा निकाला गया और उसकी लोकेशन ट्रैक की गई। कुछ दिनों तक उसके मूवमेंट पर नजर रखी गई। अचानक जब उसका मोबाइल गुवाहाटी (असम) में बंद हो गया। जीआरपी को संदेह हुआ कि वह वहां किसी अपराध में गिरफ्तार गया है।

जीआरपी ने थाना जालुकबाड़ी, गुवाहाटी से संपर्क किया। वहां से पुष्टि मिली कि सत्यभान को स्थानीय अपराध में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके बाद भोपाल की अदालत से प्रोडक्शन वारंट जारी कराया गया और उसे गुवाहाटी सेंट्रल जेल से भोपाल लाया गया। वहां उसके खिलाफ दर्ज सभी 15 वारंटों की तामील की गई।

प्रदेश में हालात और बिगड़े : अगले 3 से 4 दिन बारिश में कमी बनी रहेगी

जून में अच्छी बारिश जुलाई के कोटे को कवर कर रही

# 1 जून से 8 जुलाई तक औसत से 10 फीसदी अधिक बारिश... अब घटकर मात्र एक प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो दिन से बारिश में कमी के साथ मानसून मीटर के आंकड़े पिछड़ने लगे हैं। रविवार तक कुछ जिलों को छोड़कर शेष स्थानों पर बारिश की स्थिति और बिगड़ गई है।

इससे पहले एक जून से 8 जुलाई तक प्रदेश में औसत से 10 फीसदी अधिक बारिश दर्ज हुई थी, जो अब घटकर मात्र एक प्रतिशत रह गई है। बारिश में कमी के बीच रविवार तक यह पूर्वी मप्र में औसत 14 प्रतिशत कम और पश्चिमी हिस्से में 15 फीसदी अधिक है। जून में अच्छी बारिश हो चुकी है, जो अब जुलाई के कोटे को फिलहाल कवर कर रही है। मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में अब तक दीर्घावधि औसत से एक प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। भोपाल में एक जुलाई से अब तक कुल 129 मिमी तक बारिश हुई है। यह जुलाई में अब तक के कोटे से 122.7 मिमी ज्यादा है। एक जून से अब तक भोपाल में कुल 400.3 मिमी पानी बरस गया है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले तीन से चार दिन बारिश में कमी बनी रहेगी।

### आज यहां हल्की बौछारें पड़ेंगी

सोमवार को भोपाल, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, धार, इंदौर, देवास, शाजापुर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, मैहर, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला,

### आज यहां हल्की बारिश के आसार

बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा में हल्की बारिश हो सकती है।

परीक्षण के बाद स्पष्टीकरण को माना संतोषजनक

# ईएनसी के जवाब से बैकफुट पर आया जल संसाधन विभाग, नहीं लगेगा दंड

### गलत आंकड़े प्रस्तुत करने के मामले में प्रभारी प्रमुख अभियंता को राहत,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग ने प्रभारी प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा को बड़ी प्रशासनिक राहत देते हुए उनके खिलाफ जारी कारण बताओ सूचना पत्र समाप्त कर दिया है। विभाग ने उपलब्ध अभिलेखों और अधिकारी द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण करने के बाद उनके जवाब को संतोषजनक माना और बिना किसी दंड के प्रकरण समाप्त करने का आदेश जारी किया है। जल संसाधन विभाग ने विनोद कुमार देवड़ा पर प्रमुख अभियंता के पद पर पदस्थ रहते हुए त्रुटिपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 3 जुलाई 5 के माध्यम से मध्यप्रदेश सिविल

### शासन ने मुख्य अभियंता विनोद कुमार देवड़ा से वापस लिया कारण बताओ नोटिस

सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर उनसे जवाब मांगा गया था।

आदेश में कहा देवड़ा ने 8 जुलाई को अपना बचाव पक्ष विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद विभाग ने मामले से संबंधित समस्त अभिलेखों और अधिकारी के स्पष्टीकरण का विस्तृत परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रस्तुत जवाब समाधानकारक है। इसके आधार पर शासन ने प्रशासनिक स्तर पर कारण बताओ सूचना पत्र समाप्त करने का निर्णय लिया। राज्य शासन ने आदेश में स्पष्ट किया है कि 3 जुलाई को जारी कारण बताओ सूचना पत्र को बिना किसी दंड के समाप्त किया जाता है। यानी इस प्रकरण में देवड़ा पर कोई विभागीय कार्रवाई या दंड नहीं लगाया जाएगा।

**अब नहीं होगी देवड़ा पर कोई कार्रवाई**

थाना ईंटखेड़ी एवं सूखी सेवनिया से अभियान का किया शुभारंभ

आईजी की अभिनव पहल, हर रविवार थाना परिवार की समीक्षा

# जनसेवा प्रभावी बनाने पुलिसकर्मियों के शारीरिक-मानसिक तनावमुक्त, स्वस्थ, अनुशासन एवं कार्यकुशलता पर देंगे जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस महानिरीक्षक, भोपाल (देहात) जोन रुचिवर्धन मिश्रा की अभिनव पहल हर रविवार थाना परिवार के अंतर्गत भोपाल (देहात) जिले के थानों में विशेष स्वास्थ्य एवं कार्य समीक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हुए स्वस्थ, तनावमुक्त, अनुशासित एवं कार्यकुशल पुलिस बल का निर्माण करना है, जिससे कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



पुलिसकर्मियों को उत्तम स्वास्थ्य का प्रशिक्षण देते आईजी।

**इन पुलिस के अफसरों ने कार्यक्रम में की सहभागिता**

अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक रुचिवर्धन मिश्रा ने थाना ईंटखेड़ी तथा पुलिस अधीक्षक भोपाल (देहात) पंकज कुमार पांडेय ने थाना सूखी सेवनिया में कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सोनकर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बिलखिरिया अंतिमा समाधिया ने थाना बिलखिरिया, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ईंटखेड़ी मंजू चौहान ने थाना परवलिया सड़क तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बैरसिया वैशाली कराहलिया ने थाना बैरसिया में उपस्थित होकर अभियान में सहभागिता की।


### स्वास्थ्य परीक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश

सभी अधिकारियों ने सुबह गणना में सहभागिता करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, ध्यान एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन किया तथा नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त विश्राम, मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक जीवनशैली एवं वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं सकारात्मक सोच प्रभावी पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट जनसेवा की आधारशिला है।

# सात माह में 5,560 किमी नापा जंगल, अग्नि सबसे तेज, ज्वाला ने तय की सबसे लंबी दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में अफ्रीका और नामीबिया से लाए गए चीते अब भारतीय जंगलों के वातावरण में तेजी से खुद को ढाल रहे हैं। भारत में चीता पुनर्स्थापना परियोजना से जुड़ी ताजा अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार खुले जंगल में छोड़े गए आठ चीतों ने सात महीने में मिलकर 5,560 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि शुरुआती दौर में नए क्षेत्रों की खोज करने के बाद अधिकांश चीतों ने अब अपना स्थायी क्षेत्र (होम रेंज) विकसित करना शुरू कर दिया है, जो भारतीय परिस्थितियों में उनके सफल अनुकूलन का संकेत माना जा रहा है। नर चीता अग्नि सबसे अधिक सक्रिय रहा। उसने 214 दिनों में 672.7 किमी की दूरी तय की और प्रतिदिन औसतन 6.05 किमी चला, जो सभी चीतों में सबसे अधिक है। वहीं मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावकों ने 893.5 किमी की सबसे लंबी सामूहिक यात्रा दर्ज की। गामिनी और उसके चार शावकों ने 166 दिनों में 767.5 किमी का सफर तय किया। अकेली मादा चीता आशा ने शुरुआती एक महीने में लगभग 385 वर्ग किमी क्षेत्र में भ्रमण किया, लेकिन बाद में उसका सक्रिय क्षेत्र घटकर 47 वर्ग किमी रह गया। विशेषज्ञों के अनुसार इसका अर्थ है कि उसने जंगल में अपना स्थायी इलाका स्थापित कर लिया है। दूसरी ओर शावकों के साथ रहने वाली मादा चीताओं ने भोजन और सुरक्षा की जरूरतों के कारण अधिक बड़े क्षेत्रों में आवाजाही की। गामिनी और उसके शावकों का होम रेंज 6,888 वर्ग किलोमीटर दर्ज किया गया, जो अध्ययन में सबसे बड़ा रहा।



# गुरु वंदना के साथ शंभो-शंभो और 'नर्मदाष्टकम्' ने जीता दिल

## रंगश्री लिटिल बैले में नृत्यगुरू शंकर होंबल की स्मृति में नृत्यांजलि का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामल नृत्य कला अकादमी ने रविवार को रंगश्री लिटिल बैले दूप सभागार में प्रसिद्ध नृत्यगुरू शंकर होंबल की स्मृति में नृत्य संध्या 'नृत्यांजलि' का आयोजन किया गया, जिसमें अकादमी की शिष्याओं द्वारा विभिन्न नृत्यों की प्रस्तुति की गई।जहां 'गुरु वंदना', शिव स्तुति शंभो शंभो एवं मां नर्मदा की महिमा 'नर्मदाष्टकम' की प्रस्तुति मे भरतनाट्यम नृत्य के पारंपरिक रूप से सटीक पद एवं अंग संचालन की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, वहीं नवधा भक्ति जैसे रोचक एवं भक्तिभाव से परिपूर्ण विषय को नृत्य नाटिका के रूप में भरतनाट्यम नृत्य शैली में प्रदर्शित किया गया, जिसकी भावपूर्ण एवं रोचक प्रस्तुति को दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देख आनंदित हुए। इस प्रस्तुति की परिकल्पना एवं निर्देशन डॉ श्रीमती सुषमा मिश्रा द्वारा तथा आलेख एवं गीत-संगीत श्री मोरिस लाज़रस द्वारा किया गया।






### आठ-नौ माह पूर्व शुरू हुई थी इसकी परिकल्पना

नृत्य निर्देशिका डॉ सुषमा मिश्रा ने बताया कि इसकी परिकल्पना लगभग आठ-नौ माह पूर्व प्रारम्भ हुई। कई ग्रंथों जैसे श्रीमदभागवत के अवलोकन के पश्चात नवधा भक्ति के वर्णन करते हुए सन्दर्भ मिले, जिनको खोजना कठिन किन्तु रोचक कार्य था। इनमे से कुछ प्रसंगों को भरतनाट्यम नृत्य शैली में प्रदर्शित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्वयं श्री राम ने भी शबरी के समक्ष भक्ति के नौ रूपों का उल्लेख किया है जिसे नवधा भक्ति कहा गया है, श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पदसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य एवं आत्म निवेदन, ये भक्ति की विधि नहीं अपितु एक भावना है।

---

**बच्चों ने पुराने कपड़ों से दिखाई नई सोच**

**45** महिलाओं ने रैंप वॉक के जरिए अपने जीवन को किया प्रस्तुत


महिलाओं, युवतियों के साथ 30 बच्चों ने भी किया रैंप वॉक

# रैंप पर दिखी भारतीय संस्कृति, महिलाओं ने आत्मविश्वास का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होटल जहांनुमा पैलेस में आकार वूमेन फॉर वूमेन क्लब द्वारा आयोजित 'रिवाज़ 2026' कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और रचनात्मकता का संगम बना। कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिक सोच का सुंदर मेल देखने को मिला।






### 'किड्ज़ रनवे' से हुई शुरुआत...

इसमें 30 बच्चों ने पुराने कपड़ों को नई डिजाइन और रचनात्मकता के साथ रैंप पर पेश किया। किसी ने मां की साड़ी से नया परिधान बनाया तो किसी ने स्कूल यूनिफॉर्म को नए अंदाज में प्रस्तुत किया। बच्चों ने संदेश दिया कि पुराने संसाधनों का भी बेहतर उपयोग किया जा सकता है।



### ये थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिओम जटिया, अरुणा सुधेश राय, क्लब की अध्यक्ष मोहबीब उन्नीसा और आकाशा अहमद ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। आयोजन ने महिला आत्मनिर्भरता और भारतीय संस्कृति का प्रभावी संदेश दिया।

### परिवार, करियर और स्वास्थ्य के बीच संतुलन

इसके बाद 'रिवाज़-ए-नारी' में 45 महिलाओं ने रैंप वॉक के जरिए अपने जीवन के अलग-अलग पड़ावों को प्रस्तुत किया। बेटी, पत्नी, मां और सफल प्रोफेशनल महिला की भूमिका को आत्मविश्वास के साथ मंच पर दिखाया गया। प्रतिभागियों ने बताया कि आज की महिला परिवार, करियर और अपने स्वास्थ्य के बीच बेहतर संतुलन बनाकर आगे बढ़ रही है।



---

# शाम-ए-सिनेमा' में 'पद्मावत' का चला जादू, 15 मिनट की प्रस्तुति ने दिलाया पहला पुरस्कार

## सफल उद्यमियों ने नॉन-एक्टर्स होकर किया दमदार अभिनय; आदर्श शर्मा के निर्देशन में टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जैन सोशल ग्रुप 'लीजेंड' द्वारा बेवर्ली हिल्स में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'शाम-ए-सिनेमा' में फिल्म 'पद्मावत' की प्रस्तुति सबसे प्रभावशाली रही। महज 15 मिनट में फिल्म के प्रमुख दृश्यों को जीवंत अंदाज में मंच पर उतारते हुए टीम ने प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। प्रतियोगिता में ग्रुप के सदस्यों को तीन टीमों में बांटा गया था और प्रत्येक टीम को एक फिल्म का डांस-ड्रामा के रूप में मंचन करना था। एक टीम के नेतृत्व की जिम्मेदारी गुंजन और शिखा कोठारी ने संभाली।

**कलाकारों ने फिल्म के दृश्यों को किया जीवंत**



मंच पर अभिनय करते कलाकार।

### उद्यमी बने कलाकार...

■ मोहब्बतें व स्त्री मूवी का भी मंचन

निर्देशन के लिए रंगकर्मी आदर्श शर्मा को आमंत्रित किया गया उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि टीम के सभी सदस्य सफल उद्यमी थे और अभिनय की दुनिया से उनका कोई संबंध नहीं था।

इसके बावजूद कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय, संवाद, नृत्य और मंचीय अभिव्यक्ति से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में अन्य टीमों ने 'मोहब्बतें' और 'स्त्री' फिल्मों का मंचन किया, लेकिन 'पद्मावत' की प्रस्तुति अपनी सशक्त प्रस्तुति, प्रभावी निर्देशन, कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के अध्यक्ष दीपेश जैन और मिताली जैन ने की, जबकि अमित चौधरी कार्यक्रम के संयोजक रहे।

विजेता प्रस्तुति का आर्ट, डांस-ड्रामा आदर्श शर्मा और उनकी टीम ने तैयार किया,जिसे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन घोषित करते हुए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

---

**आशा सक्सेना व विजया तेलंग को दी श्रद्धांजलि**

# हिंदी लेखिका संघ की वार्षिक सभा में प्रतिवेदन व नवाचारों की सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी लेखिका संघ, मप्र की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन रविवार को विश्व संवाद केंद्र में हुआ। अध्यक्षता संघ की पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजश्री रावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार उषा जायसवाल उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि संघ की पूर्व अध्यक्ष अनीता सक्सेना तथा डॉ. कुंकुम गुप्ता थीं। मौजूदा अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराडे ने आय-व्यय विवरण, लेखा-जोखा तथा संस्था की गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सह सचिव शेफालिका श्रीवास्तव ने साहित्यिक, गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. राजश्री रावत ने कहा, हिंदी लेखिका संघ की संस्थापक स्व. सुशीला द्वारा बोया गया साहित्यिक बीज आज एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है। मुख्य अतिथि उषा ने कहा कि संस्था ने साहित्य को नई पीढ़ी से जोड़ने में सार्थक प्रयास किए हैं। विशिष्ट अतिथि अनीता सक्सेना एवं डॉ. कुंकुम गुप्ता ने भी संस्था की सक्रियता, नियमित कार्यक्रमों की प्रशंसा की। संचालन उपाध्यक्ष वर्षा चौबे ने किया, जबकि उपाध्यक्ष साधना शुक्ला ने आभार जताया। सभा के अंत में हिंदी लेखिका संघ की दिवंगत सदस्य, वरिष्ठ साहित्यकार आशा सक्सेना एवं प्रख्यात व्यंग्यकार विजया तेलंग को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---



## मैनिट में डेटा विश्लेषण प्रशिक्षण में शिक्षकों को मिले आधुनिक शोध के नए हुनर

**भोपाल**। मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग में आयोजित एक सप्ताह का डेटा विश्लेषण प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण उच्च शिक्षा विभाग की स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के तहत किया गया।

### प्रदेशभर के प्राध्यापकों ने लिया हिस्सा

शासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों को एसपीएसएस, स्टाटा और आर-स्टूडियो जैसे आधुनिक डेटा विश्लेषण सॉफ्टवेयर का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर शोध और शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना था। इसमें प्रदेश के महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने भाग लिया। समापन समारोह में प्रो. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और सार्वजनिक नीति जैसे क्षेत्रों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डेटा विश्लेषण की समझ जरूरी है।

वहीं प्रो. शैलेंद्र जैन ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शोध, नवाचार और डेटा साक्षरता को बढ़ावा देते हैं। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी अपने-अपने संस्थानों में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और युवा शिक्षकों को आधुनिक शोध तकनीकों से प्रशिक्षित कर सकेंगे।

---

# जनजातीय संग्रहालय में सजा लोक संस्कृति का रंग: करमा, राई नृत्य व कठपुतली की प्रस्तुति

'संभावना' में कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुतियां, लोक कला और परंपराओं से कराया परिचय





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में आयोजित 'संभावना' गतिविधि के तहत रविवार को लोक संस्कृति और जनजातीय परंपराओं की प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम में गोण्ड जनजाति का करमा नृत्य, बुंदेलखंड का प्रसिद्ध राई नृत्य और कठपुतली प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अनूपपुर से आए सुरेंद्र सिंह मरावी और उनके साथियों ने गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य श्रम, प्रकृति और सामूहिक जीवन का प्रतीक माना जाता है। इसमें युवक-युवतियां मिलकर गीत और नृत्य के माध्यम से जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत करते हैं। करमा नृत्य मप्र के कई क्षेत्रों में लंबे समय से लोक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

इसके बाद अशोकनगर के रामदयाल लोधी और उनके साथियों ने ऊर्जा और उत्साह से भरपूर राई नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आकर्षण भोपाल के दुलारे भट्ट और उनके साथियों का कठपुतली प्रदर्शन रहा। कलाकारों ने रोचक अंदाज में लोक कथाओं और मनोरंजक प्रसंगों को कठपुतलियों के माध्यम से जीवंत किया, जिसे बच्चों और बड़ों ने खूब सराहा।

---

## आरएनटीयू में नौ दिवसीय 'राष्ट्रीय छात्र अध्ययन यात्रा' आज से

**भोपाल**। केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, विश्व रंग फाउंडेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि एवं सतत शिक्षा विभाग, बरकत उल्ला विवि, के संयुक्त तत्वावधान में छात्र अध्ययन यात्रा का आयोजन 13-21 जुलाई तक किया जा रहा है। छात्र अध्ययन यात्रा का मुख्य संयोजन विश्व रंग फाउंडेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि, द्वारा किया जाएगा। वरिष्ठ कवि-कथाकार, विश्व रंग के निदेशक एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के मार्गदर्शन में यह आयोजन आर.एन.टी.यू. में किया जा रहा है। डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, प्रतिकुलाधिपति, आर.ए.टी.यू., कुलगुरु, डॉ. रविप्रकाश दुबे, कुलसचिव, डॉ. संगीता जौहरी के नेतृत्व में हिंदी निदेशालय, भारत सरकार की सहायक निदेशक तमन्ना रानी, विश्व रंग फाउंडेशन के सीईओ विकास अवस्थी एवं सचिव संजय सिंह राठौर इस नौ दिवसीय कार्यक्रम का संयोजन करेंगे।

---

**मुख्यमंत्री ने कहा-हमारी प्रतिभाओं ने देश और दुनिया में इंसानियत को जीवित करने का काम किया**

# मुख्यमंत्री ने किया 591 प्रतिभाओं का सम्मान, बोले-यह प्रेरणा बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी अपनी संस्कृति और पहचान हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तुलना की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि मैं केंद्र से एक रुपए भेजता हूं तो नीचे स्तर तक महज 15 पैसे पहुंचता था। उस दौर में उनके सामने यह एक बड़ी चुनौती सामने थी। किंतु आज मोदी सरकार एक रुपए भेजती है तो पूरा पैसा हितग्राही तक पहुंचता है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव रवींद्र भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने 591 प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि पूर्म पीएम मनमोहन सिंह ने अपने भाषण में कहा था कि जीरो बेलेंस पर खाता खोलने में 37 रुपए का खर्चा आता है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने डीबीटी के माध्यम से जीरो बैलेंस में न सिर्फ खाते खुलवाए बल्कि उन्हें उनका हक भी दिया। मुख्यमंत्री ने विधायक भगवानदास सबनानी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने यह शानदार आयोजन किया है। यह प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का मंच हैं। सभी को इनसे प्रेरणा लेना चाहिए। यह कार्यक्रम नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति की ओर से आयोजित तीसरा प्रतिभा सम्मान समारोह था। इस मौके पर विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि विधानसभा परिवार की बेटियों ने प्रदेश का नाम बढ़ाया है। हमारे यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है।



### विद्यार्थियों और उनके परिजनों से भरा था पूरा सभागार

समारोह में कक्षा 10 वीं के 291, कक्षा 12 वीं के 179, स्नातक, स्नातकोत्तर के 48 मेघावी विद्यार्थी एवं खेल, कला, साहित्य में 73 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। पूरा सभागार विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों से भरा हुआ था, जो इस कार्यक्रम के प्रति लोगों के उत्साह को दर्शा रहा था। इस मौके पर डीपीआई की राज्य समन्वयक डॉ. मिनी मेहरा ने कहा कि प्रतिभा सफलता के द्वार खोलती है, लेकिन मूल्य चरित्र का निर्माण करते हैं। उपलब्धियों को पहचान मिलने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। इस मौके पर भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के संस्थापक निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह एवं डीपीआई की राज्य समन्वयक डॉ. मिनी मेहरा ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

---

**दीर्घ साहित्य साधना के लिए....**

# साहित्यकार पटवा को मिला भारतेंदु हरिश्चंद्र साहित्य सम्मान




**भोपाल**। वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश पटवा को उनकी दीर्घ साहित्यिक साधना के लिए भव्या प्रकाशन द्वारा दुष्यंत स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में "भारतेंदु हरिश्चंद्र साहित्य सम्मान" से विभूषित किया गया।

कांग्रेस में बगावत की आग और भड़की

# आखिरकार... बागियों को नहीं मना पाए बघेल, 12 विधायकों और 3 सांसदों के साथ चन्नी ने किया शक्ति प्रदर्शन, अब मामले का दिल्ली दरबार में ही होगा निराकरण

## पूर्व मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी को दिखाई ताकत

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस में बगावत की आग और भड़क गई है। मोरिंडा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी गुट के नाराज नेताओं ने शनिवार को चंडीगढ़ में कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल के सामने शक्ति प्रदर्शन किया। शनिवार को बघेल जब वह विधायक राणा गुरजीत सिंह के घर पहुंचे तो वहां चन्नी के साथ 92 विधानसभा क्षेत्रों में से 82 हलका प्रभारी, 12 विधायक, 3सांसद तथा कई पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री पहले से मौजूद थे। बैठक में पंजाब मामलों के सह प्रभारी सूरज सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। बैठक में चन्नी गुट के सभी नेताओं ने बारी-बारी से अपनी बात रखी।

### बघेल हाईकमान से मिलेंगे

बघेल ने नेताओं को भरोसा दिया कि उनकी भावनाओं से हाईकमान को अवगत कराया जाएगा। ऐसे में पंजाब कांग्रेस की इस अंदरूनी खींचतान को खत्म करने की जिम्मेदारी अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पाले में पहुंच गई है।

### समझौतावादी नेता नहीं चाहिए


चन्नी गुट ने किया शक्ति प्रदर्शन

नेताओं ने कहा कि उन्हें समझौतावादी नेता नहीं चाहिए। विधानसभा चुनाव जीतना है तो प्रदेश संगठन का नेतृत्व ऐसे नेता के हाथ में होना चाहिए, जो सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ सके। नेताओं ने कहा कि चन्नी पंजाब में सर्वस्वीकार्य चेहरा हैं। इस पर नेताओं ने हाथ खड़े कर समर्थन जताया। परगट सिंह ने कहा,इसे बगावत नहीं बल्कि परिस्थितियों के संदर्भ में नेताओं और कार्यकर्ताओं के मतभेद के रूप में देखा जाना चाहिए।

### कई बार फैसले वापस लेने पड़ते हैं : रंधावा

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि उनकी प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन प्रदेश नेतृत्व राज्य सरकार के खिलाफ अपेक्षित आक्रामकता नहीं दिखा रहा। यदि पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनानी है तो इस फैसले पर भी पुनर्विचार करना होगा।

### तेल देखेंगे, तेल की धार देखेंगे : चन्नी

चन्नी ने कहा कि प्रभारी भूपेश बघेल के साथ बातचीत हो गई है। सभी नेताओं ने अपने मन की बात उनके सामने रख दी है। अब फैसला हाईकमान को करना है। उन्होंने कहा कि 'अब तेल देखेंगे, तेल की धार देखेंगे', यानी आगे पार्टी नेतृत्व की प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगे।

### फैसले में कोई बदलाव नहीं होगा : बघेल



बघेल ने कहा कि परिवार में बातें होती रहती हैं, जिन्हें बाहर नहीं बोला जा सकता। हाईकमान ने चुनाव संबंधी समितियों के गठन में जो फैसला लिया है, उसमें बदलाव नहीं होगा। सभी की बात पार्टी नेतृत्व तक पहुंचा दी जाएगी। पार्टी में कोई भी कॉम्प्रोमाइज्ड नेता नहीं रहेगा। यदि ऐसा मिला तो उसे हर हाल में बाहर किया जाएगा।

---

## खबर संक्षेप

### डूंगरपुर में नहाने गए 4 बच्चे तालाब में डूबे



**डूंगरपुर।** जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के लिखी बड़ी गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। वाक़ेक तालाब में नहाने गए 6 बच्चों में से 4 की डूबने से मौत हो गई, जबकि2 बच्चों को ग्रामीणों ने समय रहते बचा लिया। मृतकों में तीन सगे भाई-बहन और उनकी फुफेरी बहन शामिल हैं।

### जोधपुर एयरपोर्ट पर उतरी पहली फ्लाइट



**जोधपुर।** प्रधानमंत्री के उद्घाटन के 8 दिन बाद रविवार को जोधपुर के नए एयरपोर्ट टर्मिनल से नियमित उड़ानों का संचालन शुरू हो गया। सुबह बेंगलुरु से आई पहली फ्लाइट ने नए टर्मिनल पर लैंडिंग की, जबकि कुछ ही देर बाद पहली उड़ान बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वागत किया।

### बदरीनाथ चढ़ावा चोरी अहम सुराग मिले



**बदरीनाथ।** मंदिर के चढ़ावे की हेराफेरी मामले की जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पुलिस को मंदिर परिसर और गणना कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से अहम साक्ष्य मिले हैं। फुटेज में बीकेटीसी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल मोबाइल फोन के नीचे नोटों की गड्डी, सोने-चांदी जैसे सिक्के और वस्तुएं लेकर निकलता दिखा है।

### 7 कर्मचारी राज्य बीमा स्वास्थ्य सेवाएं कल से



**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 14 जुलाई को तेलंगाना के सनथनगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल से देशभर में 7 कर्मचारी राज्य बीमा स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे नए ओपीडी ब्लॉक का प्रत्यक्ष उद्घाटन करेंगे।

---

## गृहमंत्री शाह ने अहमदाबाद में की पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत

# 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' शुरू किया करोड़ों के विकास प्रोजेक्ट की सौगात दी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पहल शुरू की थी और यह जन आंदोलन बन गई। अर्धसैनिक बलों ने 7 वर्ष में 7 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य पूरा किया

### अहमदाबाद में विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में आयोजन किया गया



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में 'मिशन फाइव मिलियन ट्रीज' के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने करीब 405 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। अहमदाबाद महानगर निगम की ओर से 'मिशन फाइव मिलियन ट्री' के तहत विज्ञान भवन, साइंस सिटी, सोला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' पहल शुरू की थी और यह जल्द ही जन आंदोलन बन गई। शाह ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने सात वर्ष में सात करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य शनिवार को पूरा किया।

### 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया

शाह ने 101 ऑक्सीजन पार्क और हेरिटेज पार्क का ई-लोकार्पण किया। इसके अलावा अहमदाबाद नगर निगम, औडा और सड़क व भवन विभाग की लगभग 405 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम भूपेंद्र पटेल, मेयर हितेश बारोट, कई मंत्री, सांसद, विधायक, पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


परियोजनाओं का उद्घाटन करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए

अहमदाबाद नगर निगम की ओर से विकसित 101 ऑक्सीजन पार्कों में लगभग 9 लाख 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में 22 लाख 71 हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें से 62 पार्क गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हैं, जहां लगभग 16 लाख पौधरोपण किया गया है। इन पार्कों से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ेगा।

### इलेक्ट्रिक बीआरटीएस बसों का शुभारंभ भी किया

शाह ने 80 नई एयर-कंडीशंड इलेक्ट्रिक बीआरटीएस बसों का शुभारंभ किया। जेबीएम कंपनी की ओर से जीसीसी मॉडल के तहत संचालित इन बसों पर हर वर्ष लगभग 42 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन बसों के शुरू होने से यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक, वातानुकूलित और प्रदूषण मुक्त यात्रा की सुविधा मिलेगी।फिलहाल यहां 333 बसें हैं, जिनमें 200 संचालित हो रही हैं। अब पहले चरण में 80 नई इलेक्ट्रिक एसी बसें शामिल की जा रही हैं। भविष्य में पूरी बीआरटीएस सेवा को इलेक्ट्रिक फ्लीट में बदलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए एएमटीएस और बीआरटीएस के लिए कुल 325 इलेक्ट्रिक एसी बसों की मंजूरी पहले ही दी जा चुकी है।

### एक पेड़ मां के नाम अब जन आंदोलन बन गया

शाह ने कहा कि भारत का हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान जन आंदोलन बन चुका है और भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को रहने योग्य बनाए रखने की दृष्टि से यह बेहद महत्वपूर्ण है। गृहमंत्री शाह ने अहमदाबाद नगर निगम के पौधरोपण कार्यक्रम और विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि वह 2029 तक अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में हरित आवरण 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।


### योगी ने शुरू किया 'पौधरोपण महायज्ञ'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर से 'प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ-2026' का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप और आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाया। इस मौके पर योगी के साथ मंत्री संजय निषाद व अरुण कुमार सक्सेना समेत कई लोग मौजूद रहे।

---

## संसद का मानसून सत्र

# 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक में सरकार बताएगी विधायी एजेंडा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले 19 जुलाई को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी। संसद के प्रत्येक सत्र से पहले आयोजित होने वाली इस बैठक में सरकार अपने विधायी एजेंडे की जानकारी देगी, जबकि विपक्षी दल उन मुद्दों को सामने रखेंगे जिन्हें वे सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं।अधिकारियों का कहना है कि सरकार का विधायी एजेंडा इस बार काफी व्यापक है और सत्र के दौरान कई अहम विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। कुछ विपक्षी दलों में मतभेद और विभाजन के कारण सत्र हंगामेदार रह सकता है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा था कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से 13 अगस्त 2026 तक बुलाने को मंजूरी दी है।

### बंगाल चुनावों के बाद हो रहा सत्र

विधानसभा चुनावों में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में उथल-पुथल देखने को मिली है। पार्टी के 20 सांसदों ने 'नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' में विलय कर लिया है। इन सांसदों ने लोकसभा में अलग «बैठने की व्यवस्था की मांग भी की है। इसके अलावा, पार्टी के तीन सांसदों ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है।

### विपक्ष इन मुद्दों को उठाएगा

शिवसेना (यूबीटी) में भी विभाजन हुआ है। लोकसभा में पार्टी के 6 सांसद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। राज्यसभा में आपके 7 सांसद पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं। सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से नीट-यूजी पेपर लीक का मामला और ऑपरेशन सिंदूर में हुई हताहतों को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणियों का मुद्दा उठाए जाने की संभावना है। कांग्रेस ने रक्षा मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस भी दिया है। प्रस्तावित 130वें संविधान संशोधन विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट अपनाने की उम्मीद है। इसके बाद समिति संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

---

## कर्नाटक में परिवहन मंत्री ही शिकार

# छुट्टे पैसे नहीं दे सकते तो उतरो कंडक्टर ने बस से नीचे उतारा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक के परिवहन मंत्री बायराथी सुरेश ने बेंगलुरु में शनिवार रात एक औचक निरीक्षण करने निकले और वह एक बस में चढ़े। कंडक्टर ने मंत्री को बस से नीचे उतरने की हिदायत दे दी। मंत्री ने बेंगलुरु में 2 घंटे तक 10 से अधिक बीएमटीसी बसों में मास्क पहनकर सफर किया, ताकि सेवाओं का निरीक्षण कर सकें। ड्राइवर और कंडक्टर को सस्पेंड कर दिया। खुले पैसे न होने से उन्हें उतार दिया।

### मंत्री चुपचाप उतर गए

100 रुपए का नोट देख कंडक्टर ने उनसे खुल्ले पैसे मांगे। जब मंत्री ने कहा कि उनके पास खुल्ले पैसे नहीं है तो कंडक्टर ने कहा उसके पास भी छुट्टा पैसे नहीं है। उसने कहा कि अगर उनके पास छुट्टा पैसे नहीं है तो वह बस से उतर जाएं। कंडक्टर को इस बात का जरा भी आभास नहीं था कि वह राज्य के परिवहन मंत्री हैं। इसके बाद मंत्री चुपचाप बस से उतर गए।

## कोलकाता में 'स्पेशल 26' की तरह लूट

# पुलिस के भेष में आए लुटेरों ने कारोबारी से लूटे 2 करोड़

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



राजधानी कोलकाता के एक कारोबारी के दफ्तर में शुक्रवार को पुलिस का भेष बनाकर आए लुटेरों ने रेड के बहाने कथित तौर पर 2 करोड़ रुपए लूट लिए। यह घटना फिल्म स्पेशल 26 से मेल खाती है। पुलिस ने कहा कि लुटेरों ने दक्षिणी कोलकाता के कारोबारी को बताया कि वे पुलिस डिटेक्टिव हैं और प्रतापादित्य रोड पर स्थित उनके ऑफिस में भारी मात्रा में कैश की तलाशी लेने आए हैं।

### कारोबारी और कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए


पुलिस ने बताया कि लुटेरों ने पहले कारोबारी को फर्जी पहचान पत्र दिखाए और फिर कारोबारी और उनके कर्मचारियों के फोन भी जब्त कर लिए। लुटेरों ने कर्मचारियों को धमकाया कि उनसे ऑफिस में रखे कैश के बारे में पूछताछ की और पता लगाया कि वह एक वॉल्ट (तिजोरी) में रखा है।

## दो शहरों में महिलाओं ने पार्टी पर लगाए सनसनीखेज आरोप

यूटीबी के पूर्व सांसद पर बहू के गंभीर आरोप

# गोमूत्र पिलाया, बाल नोचे और मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना दी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



उद्धव ठाकरे गुट के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद विनायक राउत के परिवार के खिलाफ उनकी बहू गिरिजा राउत ने मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना और अंधविश्वास से जुड़े कई सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। बहू की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दरअसल, विनायक राउत की बहू गिरिजा राउत ने आरोप लगाया है कि पति की बांझपन की समस्या को लेकर ससुराल वालों ने उसे तांत्रिकों के पास जाने, अंधविश्वास के नाम पर बाल नोचने और जबरन गोमूत्र पीने पर मजबूर किया।

### पूर्व टीएमसी विधायक पर आरोप

### बाल मुंडवाए, ब्लेड से जीभ काटने की कोशिश भी की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बरुईपुर में छठी की छात्रा के साथ कुछ दिन पहले ही रेप और हत्या का मामला सामने आया था। इसके कुछ दिनों बाद 30 साल की एक महिला ने आरोप लगाया है कि नरेंद्रपुर में प्रॉपर्टी के झगड़े को लेकर टीएमसी की पूर्व विधायक फिरदौसी बेगम से जुड़े कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की। उसके साथ मारपीट की गई, उसके बाल मुंडवा दिए गए और हमलावरों ने ब्लेड से उसकी जीभ काटने की कोशिश की।

---

## कालेश्वरम प्रोजेक्ट पर बीआरएस और रेवंत रेड्डी भिड़े

# किसी ने साइको कहा तो कोई बेल्ट ट्रीटमेंट पर उतरा, बीआरएस ने माफी की मांग की

### सियासी विवाद और तेज हो गया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



तेलंगाना में कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना को लेकर सियासी विवाद और तेज हो गया है। सीएम रेवंत रेड्डी की प्रोजेक्ट पर की गई टिप्पणियों को लेकर विपक्षी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने कड़ा विरोध जताया है।बीआरएस ने रेड्डी से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है। विवाद की वजह सीएम का वह बयान था जिसमें उन्होंने विपक्षी नेताओं को 'बेल्ट ट्रीटमेंट' देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनका खून, अहंकार और चर्बी खेतों में गिरे तो किसान उसकी खाद के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने बीआरएस नेताओं केटी.रामाराव और टी. हरीश राव पर भी तीखा हमला बोलते हुए, उन्हें कालेश्वरम परियोजना में कूद जाने तक की टिप्पणी कर दी।

### बीआरएस ने रेड्डी पर साधा निशाना

बीआरएस के हरीश राव ने कहा कि अगर किसानों को पानी देने में उनका खून ही बाधा है तो वे इसके लिए भी तैयार हैं, लेकिन किसानों को सिंचाई का पानी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विपक्ष का खून खेतों में बहाने या बेल्ट ट्रीटमेंट जैसी भाषा का प्रयोग स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक गलती स्वीकार कर बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।

## केंद्रीय मंत्री बिट्टू का 'सतलुज' के निर्माताओं को चैलेंज

# '25 हजार लापता' वाले आंकड़े को सही साबित करो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिलजीत दोसांझ की फिल्म सतलुज को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि फिल्म के निर्माताओं ने विवादित दावों को स्थापित इतिहास के तौर पर पेश करने के लिए क्रिएटिव फ्रीडम की ढाल का इस्तेमाल नहीं कर सकते। बिट्टू ने कहा कि मैं निर्माताओं और डायरेक्टर को खुली चुनौती देता हूं कि वे पंजाब के लोगों के सामने वे सभी डॉक्यूमेंट्री सबूत, रिकॉर्ड, न्यायिक नतीजे और प्रमाणित डेटा पेश करें।



### प्रमाणित डेटा पेश करें, जिसके आधार पर इसे पेश किया

### संवैधानिक और कानूनी विकल्प पर विचार करेंगे



बिट्टू ने कहा कि अगर सतलुज के निर्माता सही समय में डॉक्यूमेंट्री सबूत पब्लिक करने में नाकाम रहे, तो वह सभी मौजूद संवैधानिक और कानूनी विकल्प पर विचार करेंगे ताकि यह पक्का हो सके कि इतिहास देश के सामने फैक्ट्स के उलट तरीके से पेश न किया जाए। पंजाब के मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर बनी फिल्म सतलुज इन दिनों पंजाब के कई गांवों में दिखाई जा रही है। ऐसा ही एक गांव लुधियाना के जंगपुर में है, जहां एक गुरुद्वारे के बगल में खाली प्लॉट में गुरुवार की रात को फिल्म की स्क्रीनिंग की गई।

### इतिहास कहानियों के आधार पर नहीं लिखा जा सकता

बिट्टू ने कहा कि पंजाब का इतिहास चुनिंदा कहानियों के आधार पर दोबारा नहीं लिखा जा सकता। हमेशा प्रोपेगेंडा से, फैक्ट्स को फिक्शन से और सबूतों को इमोशंस से ज्यादा जीतना चाहिए। पंजाब में मिलिटेंट्स द्वारा हिंदुओं, बस पैसेंजर्स, दुकानदारों, कर्मचारियों को क्यों दिखाया गया।

### अनुमान के आधार पर क्यों पेश किया गया?

बिट्टू ने कहा कि अगर यह आंकड़ा सिर्फ एक अनुमान या आरोप पर आधारित है, तो इसे फिल्म में एक निर्विवाद ऐतिहासिक तथ्य के रूप में क्यों पेश किया गया है? दर्शकों को यह क्यों नहीं बताया गया कि यह संख्या किसी न्यायिक कमीशन द्वारा पक्के तौर पर स्थापित नहीं की गई है? इससे भी ज्यादा परेशान करने वाली बात यह है कि पंजाब के उग्रवाद के दौर के इतिहास को एकतरफा तरीके से पेश किया गया है।

# पहलगाम में बादल फटा, कई सड़कें बह गईं उत्तराखंड में लैंडस्लाइड से 126 रास्ते हुए बंद

## केदारनाथ यात्रा पर बारिश की मार, सोनप्रयाग के पास भूस्खलन से हाईवे बंद


डोडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जहां मानसून की रफ्तार थमी है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। शनिवार रात जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सड़क बह गई। उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड हुआ। कई गाड़ियां और मशीनें मलबे में दब गईं। रविवार को उत्तराखंड में भारी बारिश से लैंडस्लाइड हुआ, जिससे दो नेशनल हाईवे समेत 126 सड़कें बंद हो गईं।

▶▶ देहरादून में दीवार गिरने से महिला की मौत, कई घर खाली कराए गए

▶▶ यमुनोत्री हाईवे पर मरम्मत का काम लैंडस्लाइड के कारण बंद


पहलगाम


ऋषिकेश

### कई परिवारों ने घर छोड़े

वहीं, देहरादून में दीवार गिरने से एक महिला घायल हो गई और सात परिवारों को अपना घर खाली करना पड़ा। यमुनोत्री हाईवे पर मरम्मत का काम चल रहा है, जो स्यानाचट्टी में लैंडस्लाइड की वजह से पिछले तीन दिनों से बंद है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, पिछले 24 घंटों से लगातार बारिश की वजह से हुए लैंडस्लाइड की वजह से पूरे राज्य में सड़क संपर्क टूट गया।


अनंतनाग

### केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीएमओ) नंदन सिंह राजवार ने कहा कि भूस्खलन के कारण बाधित सड़क के अलावा केदारनाथ यात्रा सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रभावित मार्ग जल्द ही फिर से खोल दिया जाएगा। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार हो रही बारिश के कारण हुए भूस्खलन ने केदारनाथ यात्रा में परेशानी खड़ी कर दी है।

### उत्तराखंड में 120 सड़कें और 3 नेशनल हाईवे बंद

- **रुद्रप्रयाग (सोनप्रयाग):** मुनकटिया के पास भारी भूस्खलन से केदारनाथ नेशनल हाईवे बंद हुआ है।
- **उत्तरकाशी:** यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर स्यानाचट्टी के पास भूस्खलन के कारण लगभग 100 मीटर सड़क पूरी तरह बह गई, जिससे सैकड़ों तीर्थयात्री फंस गए (जिन्हें एसडीआरएफ ने रस्सियों के सहारे सुरक्षित निकाला)। गंगोत्री हाईवे पर नालू पानी के पास भी भारी मलबा आने से रास्ता बाधित हुआ।
- **टिहरी गढ़वाल:** मसूरी मोड़ (कैम्प्टी) के पास लैंडस्लाइड की वजह से नैनबाग रूट प्रभावित रहा।
- **हिमाचल:** पहाड़ दरक रहे हैं और नदियों का जलस्तर बढा
- **शिमला:** शिमला के संजौली (बोथवेल एस्टेट) इलाके में भीषण भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है, जिसके चलते कई मकानों के ढहने की आशंका है और लोग रातभर घरों से बाहर रहने को मजबूर हुए। इसके अलावा राजहाना गांव और शिमला की मुख्य कार्ट रोड पर भारी मलबा और पेड़ गिरने से गाड़ियाँ दब गईं और ट्रैफिक ठप हो गया।
- **किन्नौर व सांगला:** किन्नौर में लैंडस्लाइड और बाढ़ के कारण सांगला में एक बेली ब्रिज (**Bailey bridge**) ढह गया और लिप्पा में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया।

#### उत्तर-पूर्वी राज्य

- **मेघालय और मिजोरम:** भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर-पूर्वी राज्यों, विशेषकर मेघालय के पहाड़ी इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश के कारण छोटे पैमाने पर भूस्खलन और सड़कें ब्लॉक होने की खबरें हैं।

## खबर संक्षेप

### भारत ने रूस से 49 हजार करोड़ का तेल खरीदा




**ढाका।** भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 4.5 अरब यूरो (करीब 49 हजार करोड़ रुपये) का कच्चा तेल खरीदकर दुनिया को चौंका दिया है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि में भारत ने रूस से कुल 5.5 अरब यूरो के हाइड्रोकार्बन आयात किए, जिनमें 83% हिस्सेदारी अकेले क्रूड ऑयल की रही। मई के मुकाबले यह खरीद 34% अधिक रही। इसके साथ ही भारत, चीन के बाद रूस से कच्चा तेल खरीदने वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है।

### भारत पर 500% टैरिफ की धमकी देने वाले का निधन



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम का 71 वर्ष की उम्र में संक्षिप्त और अचानक हुई बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके कार्यालय ने मौत की पुष्टि करते हुए परिवार की ओर से निजता बनाए रखने की अपील की है।दक्षिण कैरोलिना से सीनेटर रहे ग्राहम हाल के महीनों में रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत के मुखर आलोचक रहे थे। उन्होंने रूस से ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर 500% तक टैरिफ लगाने के प्रस्तावित विधेयक का समर्थन किया था।

## ओमान तट के पास एक व्यापारी जहाज जीएफसी गैलेक्सी पर हमला हुआ

# जिस जहाज पर 11 भारतीय सवार थे उसी पर दाग दी मिसाइल, एक हुआ लापता 10 सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान तट के पास एक व्यापारी जहाज जीएफसी गैलेक्सी पर हमला हुआ। भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। इनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है।

भारत ने हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मस्कट में भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश और बचाव अभियान पर लगातार नजर रखे हुए है। भारत ने इस अभियान में सहयोग के लिए ओमानी अधिकारियों का धन्यवाद भी दिया।

भारत ने कहा कि क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। साथ ही तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के जहाजों की आवाजाही जल्द बहाल होनी चाहिए। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर ने बताया कि हमले का शिकार हुए मालवाहक जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' से 23 नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि, एक नाविक की तलाश अब भी जारी है।

होर्मुज बंद होने से भड़का अमेरिका किए कई हमले | ईरान ने कहा होर्मुज ही हमारी ताकत है नहीं खोलेंगे


एआई इमेज

### होर्मुज बंद करने पर भड़का अमेरिका, भीषण बमबारी

पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद करने और साइप्रस के एक मालवाहक जहाज पर हमला करने के जवाब में अमेरिकी सेना ने ईरान पर जोरदार हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, ईरान के तटीय शहरों बंदर अब्बास और सिरिक में स्थित रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। अमेरिका के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा ईरान ने बेहद गलत फैसला किया है। अब उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। यह कार्रवाई दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए कमजोर सीजफायर समझौते को तोड़ती नजर आ रही है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान ने वाणिज्यिक जहाजों पर हमला कर अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है।

### बहरीन बोला- ईरान नागरिकों को निशाना बना रहा

बहरीन की सेना ने आरोप लगाया है कि ईरान लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहा है, जिनमें नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है। सेना ने दावा किया कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। अल जजीरा के मुताबिक बहरीन ने बयान में कहा कि देश की सभी सैन्य इकाइयां पूरी तरह सतर्क हैं और देश की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार हैं। बहरीन ने अपने नागरिकों से भी सतर्क रहने की अपील की। उसने कहा कि ईरान की ये कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन है।

### अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर अचूक मिसाइलों से हमला

होर्मुज पर बढ़ते तनाव के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने रविवार को अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भीषण हमला कर तबाही मचाई है। आईआरजीसी द्वारा जारी फुटेज के अनुसार, इस हमले में ईरान ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए सबसे घातक और 'रेसिजन गाइडेड बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इस हमले में मिसाइलों के साथ आत्मघाती ड्रोन्स का भी सैल्वो अटैक किया गया। जॉर्डन और बहरीन स्थित अमेरिकी बेस को निशाना बनाने वाले इस हमले के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में हड़कंप मच गया है और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं।

### ईरान के बड़े हथियारों ने यूएस को हैरान किया

**कद्र:** 2,000 किमी रेंज वाली इस मध्यम दूरी की मिसाइल ने रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया।

**एमाद:** 1,700 किमी रेंज और री-एंट्री व्हीकल तकनीक से लैस, जो हवा में दिशा बदलकर डिफेंस सिस्टम को चकमा देती है।

**खैबर शेकन:** 1,450 किमी रेंज वाली इस ठोस ईंधन मिसाइल ने अपनी तीव्र गति से दुश्मन के मिसाइल डिफेंस को भेदा।

**फतेह-110 व जोल्फाग़ार:** कम व मध्यम दूरी की इन मिसाइलों ने सटीक और मल्टीपल विस्फोटों (सबमुनिशन) से भारी नुकसान पहुंचाया।



## 21 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था

# वियतनाम से 16 भारतीय पर्यटक लौट रहे, एक लड़ रहा जिंदगी से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास हुए दर्दनाक स्पीडबोट हादसे में बचाए गए 16 भारतीय पर्यटक अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद स्वदेश लौट रहे हैं। वहीं हादसे में जीवित बचे एक भारतीय पर्यटक का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस हादसे में 15 भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई थी। हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि हादसे में बचाए गए 15 पर्यटकों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और वे भारत लौट रहे हैं।

- मृतकों में 10 तमिलनाडु, 3 आंध्र प्रदेश और 2 केरल के हैं

गंभीर रूप से घायल दो मरीजों में से एक को भी अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और वह भारत के लिए रवाना हो गया है। जबकि दूसरा घायल अब भी फु क्वोक के एक अस्पताल में उपचाराधीन है। भारतीय दूतावास ने बताया कि दूतावास और वाणिज्य दूतावास की टीमें फु क्वोक में मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध करा रही हैं। भारतीय दूतावास की ओर से साझा की गई सूची के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले 15 भारतीयों में 10 तमिलनाडु, तीन आंध्र प्रदेश और दो केरल के रहने वाले थे। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। सभी 15 शव बरामद कर लिए गए हैं। फिलहाल हादसे की सटीक वजह का पता नहीं चल सका है। मामले की जांच जारी है।

### वियतनाम सरकार करा रही जांच

*स्थानीय मीडिया के अनुसार, वियतनाम के प्रधानमंत्री ले मिन्ह हुंग ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।*

## दक्षिण चीन सागर विवाद

# ड्रैगन के दावों पर 14 देशों और ईयू ने जताई आपत्ति, बीजिंग ने फैसला नकारा

एजेंसी ▶▶ मनीला

दक्षिण चीन सागर पर चीन के वर्चस्व को लेकर वैश्विक मंच पर एक बार फिर तनाव गहरा गया है। अमेरिका और ब्रिटेन समेत 14 देशों और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ (ईयू) ने 2016 के अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता फैसले का समर्थन दोहराते हुए चीन के बड़े दावों को गैरकानूनी करार दिया है।

संयुक्त बयान में इन देशों ने विवादित समुद्री क्षेत्र में चीन की अस्थिरता पैदा करने वाली सैन्य कार्रवाइयों को क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा बताया है। बता दें 12 जुलाई 2016 को हेग स्थित



अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण ने फिलीपींस के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून समझौते के तहत दक्षिण चीन सागर के संसाधनों पर चीन के ऐतिहासिक दावों का कोई कानूनी आधार नहीं है। यह फैसला अंतिम और कानूनी रूप से बाध्यकारी है। चीन ने इस फैसले को शुरू से ही अमान्य और एकतरफा बताते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया है।

### चीन ने कहा किसी दावे को स्वीकार नहीं करेंगे

चीनी विदेश मंत्रालय का कहना है कि वह इस फैसले के आधार पर किए गए किसी भी दावे को स्वीकार नहीं करेगा। आज भी चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा ठोकता है। हाल के वर्षों में इस व्यस्त व्यापारिक मार्ग में चीनी तटरक्षकों द्वारा फिलीपींस और वियतनाम के जहाजों पर पानी की बौछार करने, लेजर का इस्तेमाल करने और रास्ता रोकने जैसी हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि फिलीपींस के जहाजों या बलों पर सशस्त्र हमला हुआ।

## बेटा भी मिला खून से लथपथ

# भारतीय मूल की गूगल अधिकारी शीतल की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में भारतीय मूल की गूगल की वरिष्ठ टेक्नोलॉजी एग्जीक्यूटिव शीतल व्रजेसियन की कथित तौर पर उनके पति ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में उनका 23 वर्षीय बेटा जेसन व्रजेसियन भी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी 56 वर्षीय किर्क बी. व्रजेसियन को अटलांटा के पास कॉब काउंटी स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, स्मर्ना शहर में मंगलवार रात गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां घर के अंदर 57 वर्षीय शीतल गंभीर रूप से घायल मिलीं। अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं, बेटा जेसन घर के बाहर घायल अवस्था में मिला, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। कॉब काउंटी पुलिस ने आरोपी पर हत्या, गंभीर मारपीट और हथियार रखने समेत कई आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं 1 लाख सुरक्षाकर्मी



**नई दिल्ली।** तीन जुलाई से शुरु हुई और 57 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत की गई है।जम्मू-कश्मीर और यात्रा मार्गों (बालटाल और पहलगाम दोनों रूटों) पर 1 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की लगभग 670 कंपनियां सुरक्षा ग्रिड, बेस कैंपों, राजमार्गों और संवेदनशील ऊंचाइयों पर तैनात की गई हैं, जिसमें भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पहले ही हफ्ते में अब तक 1 लाख 60 हजार से अधिक भक्त पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर मत्था टेक चुके हैं। इस वर्ष यात्रा के लिए करीब 4 लाख लोगों ने एडवांस रजिस्ट्रेशन कराया है।


## पीएम मोदी ने भारत का सच्चा मित्र बताया

# पूर्व अमीर शेख के निधन पर पीएम ने जताया शोक, झंडा झुका रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के पूर्व अमीर और 'फादर अमीर' शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर उन्होंने शेख हमद को दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कतर ने विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित किए।

पीएम मोदी ने उन्हें भारत का सच्चा मित्र भी बताया उन्होंने कतर के मौजूदा अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी, शाही परिवार और देश की जनता के प्रति उन्होंने



संवेदनाएं भी व्यक्त कीं। वही राष्ट्रीय शोक के दिन पूरे देश में उन सभी सरकारी और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां नियमित रूप से तिरंगा फहराया जाता है।

साथ ही इस दिन कोई भी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा।

## उग्रवादी नारे और साबिर को धारदार हथियार के साथ धमकी देते हुए दिखाया गया

वीडियो में हथियार और विस्फोटक भी दिखाया गया

# ढाका में मार्शल आर्ट्स संस्था की आड़ में चल रहे आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़, विदेशी कनेक्शन भी सामने आया

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण संस्थान की आड़ में चल रहे एक संदिग्ध उग्रवादी संगठन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ढाका महानगर पुलिस की आतंकवाद-विरोधी और सीमा पार अपराध इकाई ने इस जांच के सिलसिले में संगठन के प्रमुख शाह अमानत साबिर सहित कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश संवाद संस्था की रिपोर्ट के अनुसार, पकड़े गए सभी लोग खुलना स्थित मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण संस्थान फतह कॉम्बेट सिस्टम के छात्र और प्रशिक्षक हैं। जांचकर्ता इस गुप्त नेटवर्क के प्रमुख शाह अमानत साबिर के मोबाइल फोन से मिले एक वीडियो क्लिप की गहन जांच कर रहे हैं।


### *आतंकी गतिविधियों के मामले में एक दर्जन लोगों के नाम सामने आए*



### *अरबी भाषा के गाने से किया जा रहा था प्रचार, वीडियो भी आया*

*पुलिस के मुताबिक, लगभग ढाई मिनट के इस वीडियो में रात के समय एक ग्रामीण सड़क पर विस्फोट, उग्रवादी नारे और साबिर को धारदार हथियार के साथ धमकी देते हुए दिखाया गया है, जिसके बैकग्राउंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस के प्रचार से जुड़ा एक अरबी गीत चल रहा था। इस मामले में नेशनल सिटिजन्स पार्टी के एक सदस्य की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है, जिसका गठन साल 2024 में शेख हसीना विरोधी छात्र आंदोलनों के बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान हुआ था। आतंकवाद-विरोधी अभियान के तहत गिरफ्तार लोगों में इस पार्टी की शहर संयोजक समिति के संयुक्त सदस्य सचिव अताउल्लाह शाह भी शामिल हैं, जिन्हें गिरफ्तारी के बाद पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। शाह को जत्राबाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र से छह अन्य लोगों के साथ पकड़ा गया था।*

### मुंबई के ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी



मुंबई के ताज महल पैलेस होटल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रविवार को नवी मुंबई पुलिस के पास आए एक अज्ञात कॉल में धमकी दी गई ताज होटल को बम उड़ा दिया जाएगा।

### दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के तीन शूटर गिरफ्तार



दिल्ली में रोहिणी जिला स्पेशल स्टाफ टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आजमगढ़ और एक दिल्ली का रहने वाला है।

# अल्वारेज के जादू से सेमीफाइनल पहुंची अर्जेंटीना, स्विट्जरलैंड लौटी घर

अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा हालांकि यह मुकाबला उतना आसान नहीं था, जिनका सोचा जा रहा था।

एजेंसी ▶▶| कंसास सिटी




विश्व कप में लगातार गोल करने का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला टूट गया लेकिन लगातार दूसरे खिताब से अब वह सिर्फ दो जीत दूर हैं। सेमीफाइनल में उसे इंग्लैंड से खेलना है। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा और पहली बार फीफा रैंकिंग की शीर्ष चारों टीमें विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

दूसरा हाफ काफी नाटकीय रहा और एक बार फिर रैफरी के फैसले के बाद आलोचक मुखर हो जाएंगे कि टूर्नामेंट में अर्जेंटीना का पक्ष लिया जा रहा है।

स्विटरजलैंड ने 67वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बराबरी की थी जब ब्रील एम्बोलो से टकराने के कारण लिएंड्रो पेरेदेस को येलो कार्ड दिखाया गया। वीडियो से हालांकि जाहिर था कि स्विस खिलाड़ी एम्बोलो अर्जेंटीना के मिडफील्डर से टकराने से पहले ही गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले ही येलो कार्ड मिल चुका था, जो उसे रेडकार्ड में बदल दिया गया। स्विटजरलैंड को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस विश्व कप में दूसरी बार येलो कार्ड का फैसला बदला गया है।

## लगातार गोल का मेस्सी का सिलसिला टूटा

विश्व कप में लगातार गोल का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला आखिरकार स्विटजरलैंड के खिलाफ टूट गया लेकिन अर्जेंटीना को स्विटजरलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में उन्होंने अहम योगदान दिया। इस विश्व कप में फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे के साथ सर्वाधिक आठ गोल कर चुके मेस्सी ने दसवें मिनट में कॉर्नर किक हासिल की और अपने कलात्मक खेल से बॉक्स के भीतर एलेक्सिस मैक एलिस्टर को गेंद सौंपी, जिन्होंने अर्जेंटीना को बढत दिलाई। दूसरे हाफ में दाहिने घुटने के पास ठोकर लगने से मेस्सी को ट्रेनर की मदद लेनी पड़ी थी। स्विटजरलैंड ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल किया लेकिन अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल के दम पर अर्जेंटीना ने 3-1 से जीत दर्ज की। मैच से पहले स्विटजरलैंड के कोच मुरात याकिन से पूछा गया था कि मेस्सी को कैसे रोकेंगे, जो विश्व कप के कैरियर में अब तक 21 गोल कर चुके हैं और पिछले नौ मैचों में गोल किया है। इस पर उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा,' यह काफी हैरान करने वाला सवाल है। कई विकल्प है, जिनमें से हम सर्वश्रेष्ठ चुनेंगे।' स्विटजरलैंड ने मेस्सी को गोल नहीं करने दिया।

## एम्बोलो को रेडकार्ड से आगबबूला स्विटजरलैंड टीम



स्विजटरलैंड के फॉरवर्ड ब्रील एम्बोलो को अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वार्टर फाइनल मैच के दूसरे हाफ में वीडियो रिव्यू के बाद रेडकार्ड दिखाए जाने के फैसले पर विवाद हो गया है और यह तो तय है कि इससे पूरे टूर्नामेंट में रैफरियों की ओर से अर्जेंटीना का पक्ष लिए जाने की आलोचना करने वाले और मुखर हो जाएंगे।स्विटजरलैंड के लिए डैन एनडोये ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा । इसके बाद




अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पेरेडेस को एम्बोलो से टकराने के कारण येलो कार्ड दिखाया गया लेकिन वीडियो रिव्यू में नजर आया कि पेरेडेस से टकराने से पहले ही एम्बोलो गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले येलो कार्ड मिल चुका था, जिसकी वजह से उन्हें रेडकार्ड दिया गया। मैच 1-1 से बराबर होने के बाद स्विटजरलैंड को दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा।



## 2018 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड, नहीं चला हालैंड का जादू

- अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से महामुकाबला
- इंग्लैंड ने नॉर्वे को 2-1 से हराया, बेलिंगहम ने दागे 2 गोल

**मियामी गार्डंस।** जूड बेलिंगहम के दो गोल की मदद से इंग्लैंड ने एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को 2-1 से हराकर 2018 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बेलिंगहम ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में विजयी गोल से पहले शुरुआती हाफ में बराबरी का गोल भी किया था। बेलिंगहम के अब हैरी केन के बराबर छह गोल हो गए हैं और वह आठ गोल करने वाले फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड (सात गोल) से ही पीछे हैं। इस विश्व कप के हर मैच में गोल करने वाले छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का जादू इस मैच में नहीं चल सका। उन्होंने अंतिम 16 के मुकाबले में सह मेजबान मैक्सिको के खिलाफ भी दो गोल किए थे। पिछले 60 साल में खिताब नहीं जीत सकी विश्व कप 1966 विजेता इंग्लैंड का सामना अब अर्जेंटीना से होगा।

### क्वार्टर फाइनल में चमक नहीं बिखेर सके हालैंड



**मियामी।** इस विश्व कप के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में से एक और 'वाइकिंग रो' (नॉर्वे का जश्न मनाने का अनूठा अंदाज) के सबसे बड़े स्टार एर्लिंग हालैंड इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल चमक नहीं बिखेर सके और नॉर्वे की टूर्नामेंट से निराशाजनक विदाई हुई। मैच में छह फुट पांच इंच लंबे स्ट्राइकर हालैंड कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके। अतिरिक्त समय के अंतिम 15 मिनट में नॉर्वे बराबरी का गोल नहीं दाग सकी। इंग्लैंड ने उसे 2-1 से हराया और इस विश्व कप में पहली बार हालैंड के नाम कोई गोल नहीं चढा। टूर्नामेंट में सात गोल कर चुके हालैंड को दूसरे अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा।

### नहीं रहे दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर एडम्स



**जोहानिसबर्ग।** विश्व कप खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर जेडेन एडम्स का 25 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला और संस्कृति मंत्री गेटोन मैकेंजी ने उनके निधन की पुष्टि की। मैकेंजी ने एक्स पर लिखा,' बहुत दुख और भारी मन से यह बता रहा हूं कि मुझे जेडन एडम्स के निधन के बारे में पता चला है, जो टीम के मिडफील्डर थे। वह 25 वर्ष के थे।' उन्होंने लिखा,' दक्षिण अफ्रीका फुटबॉल ने अपने सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक को खो दिया। उनके परिवार, टीम और लाखों प्रशंसकों के साथ पूरा देश शोक में है।'


## खबर संक्षेप

### एवियन चैंपियनशिप : संयुक्त 33वें स्थान पर अदिति



**एवियन-लेस-बैंस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया, जिससे वह एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गईं। अदिति ने पार-71 वाले कोर्स पर शुरुआती दो राउंड में एक समान 70 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे राउंड में दो बोगी की और चार बर्डी बनाईं।

### पाकिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच मैकडरमॉट ने दिया इस्तीफा



**लाहौर।** पाकिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच शेन मैकडरमॉट ने एक साल तक काम करने के बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के आगामी दौरे से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि मैकडरमॉट टीम के साथ इन दौरों पर नहीं जाएंगे। पीसीबी ऑस्ट्रेलिया के इस कोच की जगह मंसूर अमजद को नियुक्त करने का इच्छुक है, जिन्होंने शाहीन (पाकिस्तान ए टीम) और अंडर-19 टीमों के साथ काम किया है।

## टीम इंडिया में करारी हार के बाद दो बदलाव, प्रिंस और बिश्नोई को मौका

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत की आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में क्रमशः प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है। प्रिंस, राणा की जगह इंग्लैंड में भारतीय एकदिवसीय टीम से जुड़ेंगे।

### बिश्नोई को मिला एक और मौका

ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के 17वें ओवर में 29 रन खर्च कर भारत की हार के कारण बने लेग स्पिनर बिश्नोई को जिम्बाब्वे में इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चक्रवर्ती की जगह एक और मौका मिला है।





बीसीसीआई ने कहा, 'राणा ने ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान अपने दाहिने पैर में अचानक तकलीफ महसूस की। बाद में हुए स्कैन में 'ग्रेड-एक हैमस्ट्रिंग' चोट की पुष्टि हुई।' बयान के अनुसार, ''उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। चक्रवर्ती 'ग्रेड-दो हैमस्ट्रिंग' चोट से जूझ रहे हैं। इस चोट के कारण उनके पूरी तरह फिट होने में तीन से छह महीने का समय लग सकता है।

### इंग्लैंड के खिलाफ वनडे अपडेटेड टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़ और प्रिंस यादव।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अपडेटेड टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) और रवि बिश्नोई।

## महिला टेस्ट : इंग्लैंड पर बड़ी जीत से 4 विकेट दूर टीम इंडिया

- इंग्लैंड के सामने 457 रन का मुश्किल लक्ष्य



**लंदन।** विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया के शानदार शतक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने रविवार को तीसरे दिन परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए लार्ड्स पर पहले महिला टेस्ट में मेहमान टीम को इंग्लैंड पर बड़ी जीत के करीब पहुंचा दिया। यास्तिका (158 गेंद में 14 चौके से 158 रन) इस मशहूर मैदान पर पर टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं, जिससे भारत ने तीसरे दिन चाय के विश्राम से पहले दूसरी पारी 7 विकेट पर 341 रन पर घोषित कर इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 457 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। ते ज गेंदबाज क्रांति गौड़ के 'सीम मूवमेंट' का सामना करने में नाकाम रही घरेलू टीम की बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन किया और स्टंप के समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 130 रन था। टीम अब भी 327 रन से पीछे है जबकि भारत को बस चार विकेट की दरकार है।

### 'लॉर्ड्स' में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला बनीं यास्तिका

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बन गई हैं। यास्तिका ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर जारी टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी के दौरान 113 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 158 गेंदों का सामना करते हुए 14 चौके लगाए। यह लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जा रहा पहला महिला टेस्ट मैच है। यास्तिका टेस्ट की तीसरी या चौथी पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज भी बन गई हैं। वह इस मामले में पहली शतकवीर भी हैं। इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर संध्या अग्रवाल हैं, जिन्होंने साल 1985 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध लखनऊ के मैदान पर 98 रनों की पारी खेली थी।

## वनडे सीरीज: वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को दी मात, बनाई 1-0 की बढ़त

**प्रोविडेंस।** केसी कार्टी के 95 और शाइ होप के नाबाद 87 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने 5 मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराकर बढत बना ली। कार्टी अपना पांचवां वनडे शतक बनाने से पांच रन से चूक गए लेकिन उनकी और होप की 131 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 267 रन का लक्ष्य सात गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। होप ने शेरफान रदरफोर्ड (नाबाद 22) के साथ 31 गेंद में 45 रन की अटूट साझेदारी की।



### न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने जड़ा शतक

न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल ने शतक लगाया जबकि विल यंग ने 49 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़े। इसके बाद हेनरी निकोल्स (27), माइकल ब्रेसवेल (29), मार्क चैपमैन (27), टॉम लैथम (25) और मिचेल सेंटनेर (21) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

## तीरंदाजी विश्व कप : धीरज और कीर्ति पदक से चूके, रिकर्व वर्ग में उम्मीदें


**मैड्रिड।** धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा की भारतीय रिकर्व मिश्रित जोड़ी 3-1 से बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में इटली से 3-5 से हारकर कांस्य पदक से चूक गई। अंताल्या विश्व कप चैंपियन धीरज के लिए यह विश्व कप निराशाजनक रहा। उन्होंने पिछले महीने तीसरे चरण में कुमकुम मोहद के साथ रिकर्व मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था लेकिन मैड्रिड से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ेगा। भारत की रिकर्व वर्ग में उम्मीदें अब पूरी तरह से कीर्ति पर टिकी हैं, जो व्यक्तिगत सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी। इस मैच में जीत हासिल करने पर 19 वर्षीय कीर्ति विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने में सफल रहेंगी।



# मेस्सी का जादू, एमबाप्पे की रफ्तार या केन की कप्तानी, अंतिम चार में किसे चुनेंगे?

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना या कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस या फिर हैरी केन की इंग्लैंड ? फुटबॉल के महासमर से अगर आपकी पसंदीदा टीम बाहर हो गई है और आपको समझ में नहीं आ रहा कि सेमीफाइनल में किस टीम का समर्थन करें तो यह आपके लिए है। इसके लिए सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों के बारे में हम संक्षिप्त जानकारी दे रहे हैं ताकि आप खुद चयन कर सकें।




### अर्जेंटीना

#### स्टार खिलाड़ी : मेस्सी

अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बनना चाहती है। मेस्सी विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक 21 गोल कर चुके हैं और इस बार टूर्नामेंट में आठ गोल करके शीर्ष पर हैं। क्वार्टर फाइनल में अतिरिक्त समय में दो गोल करके अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3- से हराया।

**नारा :** ''वामोस, वामोस अर्जेंटीना ''।

**अर्जेंटीना को क्यों चुने :** शर्तिया अच्छा प्रदर्शन, दस नंबर की जर्सी वाले (मेस्सी) का जादुई खेल।



### फ्रांस

#### स्टार खिलाड़ी : एमबाप्पे, माइकल ओलिसे

2018 में चैंपियन 2022 में उपविजेता और इस साल की प्रबल दावेदार। विश्व कप के दिग्गज फ्रांस के कोच दिदियेर डेसचैम्प्स बतौर कप्तान 1998 में खिताब जीत चुके हैं जब जिनेदीन जिदान टीम में हुआ करते थे। वहीं 20 साल बाद बतौर कोच टीम को खिताब दिलाया।

**नारा :** 'एलेज लेस ब्लूज '।

**फ्रांस को क्यों चुने :** अगर आपको गगनचुंबी इमारतें, शैंपेन, फैशन, फ्रेंच ब्रेड पसंद है। फुटबॉल में जबर्दस्त आक्रमण पंक्ति।



### इंग्लैंड

#### स्टार खिलाड़ी : हैरी केन, जूड बेलिंगहम

इंग्लैंड फुटबॉल टीम ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है। इंग्लैंड ने फुटबॉल का अविष्कार किया लेकिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। 'वाइकिंग रो' स्टार एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को हराकर अंतिम चार में पहुंची इंग्लैंड।

**नारा :** 'इट्स कमिंग होम'।

**इंग्लैंड को क्यों चुने :** बरसों की नाकामी का दर्द। इसके अलावा ब्रिटिश रॉकबैंड ओएसिस, शेर, मछली और चिप्स



### स्पेन

#### स्टार खिलाड़ी : लमाइन यमल, रोड्री

स्पेन ने टूर्नामेंट में बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल तक एक भी गोल नहीं गंवाया। यमल जैसा विंगर टीम में है, जिसके कमाल के प्रदर्शन से टीम ने 2024 में यूरोपीय चैंपियनशिप जीती थी। सोमवार को यमल 19 साल का हो जाएगा।

**नारा :** 'लोलोलोलो' ।

**स्पेन को क्यों चुने :** गेंद पर कमाल का नियंत्रण, जबर्दस्त विंगर और अगर आप स्पेनिश व्यंजनों के दीवाने हैं।






# हनुमान अंश के टीजर में नीम करोली बाबा की कहानी

**नई दिल्ली।** श्री नीम करोली बाबा की कहानी पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' 31 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म का मकसद आस्था, विनम्रता और सेवा की भावना के सफर को पर्दे पर उतारना है। विशाल चतुर्वेदी की लिखित और निर्देशित इस फिल्म में शोभिना डब्ल्यू. सत्या, विहान एस. हेगड़े, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी, अनिल के. रस्तोगी और गुलशन पांडे लीड रोल्स में हैं। इसे रागिनी एस., नम्रता जी. सिंह, अनुप्रिया ए. नागर और विशाल चतुर्वेदी ने प्रोड्यूस किया है। रिलीज से पहले, मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी जारी कर दिया है। फिल्म 'हनुमान अंश' आस्था, विनम्रता और असीम प्रेम की यात्रा पर आधारित है। इस फिल्म का मकसद उस संत की कहानी को सामने लाना है।

लाइफ Style

# दिशा

## ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म का बनीं हिस्सा

प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और तब्बू जैसी अदाकाराओं के बाद अब दिशा पाटनी ने भी हॉलीवुड में कदम बढ़ा दिए हैं। वे ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'हॉलीगार्ड्स सागा- द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आएंगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म के जरिए वे इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। हाल ही में दिशा ने स्पेसी के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए। फिल्म 'हॉलीगाड्र्स सागा' में दिशा के साथ डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरेस गिब्सन, ब्रायना हिल्डेब्रांड और एरिक रॉबर्ट्स जैसे बड़े ग्लोबल स्टार्स अहम भूमिकाओं में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में दिशा ने हॉलीवुड में सफल होने के लिए जरूरी चीजों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक्टर्स सिर्फ भारत में बैठकर इंटरनेशनल ऑडिशन, टैलेंट रिप्रेजेंटेशन और वीजा से जुड़ी मुश्किल प्रक्रियाओं को समझे बिना ग्लोबल रोल पाने की उम्मीद नहीं कर सकते। दिशा पाटनी ने कहा, 'वे (केविन स्पेसी) कमाल के हैं। एक एक्टर होने के नाते, वे अपने एक्टर्स को समझते हैं। एक्सपेरिमेंट करने के लिए काफी आजादी देते हैं। वे हमसे कहते थे कि हम अपने अनुभवों का इस्तेमाल करें। वह हमें ऐसे सवाल सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जैसे- 'आप ऐसी स्थिति में कैसा रिएक्ट करेंगे?' 'क्या आप रोएंगे?' 'आप कैसा महसूस करेंगे?' 'आप अपनी भावनाएं कैसे जाहिर करेंगे?' हर सुबह, वे हमारे साथ बैठते थे और हमें सीन समझाते थे। मुझे यह बात बहुत खास लगी।




हॉलीवुड मसाला



## द ओडिसी के प्रीमियर से पहले लिया ब्रेक

**मुंबई।** हॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता टॉम हॉलैंड की फिल्म 'द ओडिसी' जल्द ही भारत में रिलीज होने वाली है। इसके प्रीमियर के लिए अभिनेता टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन भारत आए हैं। ये सभी लोग फिल्म के प्रीमियर के लिए जा रहे थे। इससे पहले एक होटल में चाय के लिए रुके। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और क्रिस्टोफर नोलन अपनी गाड़ी से उतरे और एक कॉफी हाउस में पहुंचे। होटल के कर्मचारियों ने उन्हें चाय परोसी और इसके साथ बन भी दिया।



## फिर साथ रहने लगे विल और पत्नी जेडा?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ और पत्नी जेडा पिंकेट की शादी को लगभग 29 साल हो चुके हैं। 57 वर्षीय विल स्मिथ और 54 वर्षीय जेडा की शादी 1997 में हुई थी। 2023 में जेडा स्मिथ ने खुलासा किया कि वह और विल स्मिथ 2016 से अलग रह रहे थे। हालांकि उन्होंने कभी तलाक के लिए अर्जी नहीं दी। विल स्मिथ और उनकी पत्नी जेडा पिंकेट पिछले दो साल से फिर से एक ही घर में रह रहे हैं। जबकि पहले वे अलग-अलग घरों में रहते थे। एक सूत्र ने पीपल्स मैगजीन को बताया कि जेडा पिंकेट और विल स्मिथ साथ रहकर खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। वह खुश हैं, एक-दूसरे से प्यार करते हैं।'बीते दिनों भी इस कपल को पेरिस फैशन वीक के दौरान साथ देखा गया। वह अपने बेटे जेडन स्मिथ को सपोर्ट करने पहुंचे थे।



## बेटी को ट्रोल करने वालों पर आगबबूला

**मुंबई।** अभिनेत्री और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर ने अपनी बेटियों, अवंतिका और आनंदिता का बचाव करते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। हाल ही में, बेटी की शादी के बाद लुक को लेकर खुशबू की बेटी को ऑनलाइन ट्रोल किया गया था। खुशबू सुंदर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करके इसकी आलोचना की है और साफ कहा है कि परिवार पर निशाना साधने पर वे चुप नहीं रहेंगी। खुशबू सुंदर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी चुप्पी को कभी भी सहमति नहीं समझा जाना चाहिए। ट्रोल करने वालों को जवाब देते हुए उन्होंने अपने परिवार के सफर का जिक्र किया और कहा कि यह वर्षों की कड़ी मेहनत, त्याग और लगन से बना है।



## आंख पर बैठी मक्खी भी नहीं हटाई...

**नई दिल्ली।** सनी देओल और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म 'इक्का' में तिलोत्तमा शोम ने पहली बार वकील की भूमिका निभाई है। एक बातचीत में उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक ऐसा किस्सा साझा किया। तिलोत्तमा कहती हैं, 'यह घटना शायद मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक सीन की शूटिंग कर रहे थे। पहले सनी सर का हिस्सा शूट हुआ। फिर कैमरा मेरी तरफ आ गया। सनी सर बिल्कुल मेरे सामने खड़े थे और मैं अपना लंबा संवाद बोल रही थी। इसी दौरान कई मक्खियां उनके चेहरे के आसपास मंडराने लगीं। फिर एक मक्खी उनकी आंख के बिल्कुल किनारे जाकर बैठ गई। मैं मन ही मन सोच रही थी कि अब तो शूटिंग जरूर रोक दी जाएगी, क्योंकि ऐसी स्थिति किसी के लिए भी असहज हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

टीवी मसाला

## जोक्स जिन्हें सुनाने के बाद स्टेज के पीछे जाकर रोते हैं कॉमेडियन

**नई दिल्ली।** लंबे वक्त से कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो से जुड़े आर्टिस्ट राजीव ठाकुर का शुरुआती दौर काफी मुश्किल रहा है। राजीव खुद एक



इंटरव्यू में यह बता चुके हैं कि उनका बचपन बहुत गरीबी में बीता था और उन दिनों ने उनके जीवन पर बहुत प्रभाव डाला। राजीव ने बताया कि वह कई बार अपने उन दिनों के अनुभवों को अपने जोक्स में डालने की कोशिश करते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं। भले ही वह उन तजुर्बों की मदद से लोगों को हंसा देते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं, और पर्दे के पीछे जाकर रोते हैं। एक बातचीत में राजीव ने बताया कि उन्हें अपने बचपन के बारे में याद करके बहुत तकलीफ होती है। राजीव ने कहा, 'मेरी जर्नी उन हालातों में शुरू हुई थी, जिन्हें मैं याद भी नहीं करना चाहता हूं। अगर मैं आज लोगों को इसके बारे में बताऊं, तो यह आपको किसी काल्पनिक कहानी जैसा लग सकता है। क्योंकि कोई ऐसा नहीं है जो इसकी पुष्टि कर सके।' राजीव ने बताया कि क्यों वह अक्सर अपने बचपन और करियर के शुरुआती दिनों को अपनी कॉमेडी में उतारने से बचते हैं। राजीव ठाकुर ने कहा, 'लोग मुझसे अक्सर कहते हैं कि आपको अपने दर्द को स्टैंडअप कॉमेडी में बदल देना चाहिए।

### 'कोई दूध का धुला नहीं होगा'

**नई दिल्ली।** अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा रियलिटी शो 'लॉक अप- सच या सजा' से बाहर हो गई हैं। बीते दिन शनिवार को 'जजमेंट डे'



एपिसोड में गोविंदा और उनकी बेटी टीना आहूजा उन्हें शो से बाहर ले जाने के लिए आए थे। शो के दौरान, सुनीता ने कई बार शादी में धोखा देने का जिक्र किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गोविंदा के कई वर्षों तक कई अफेयर रहे हैं। इसके बावजूद, उन्होंने कहा कि वह कभी भी उन्हें छोड़कर नहीं जाएंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि तमाम मुश्किलों के बावजूद शादी में उनका भरोसा और प्यार अटूट बना हुआ है। सुनीता आहूजा ने 'लॉक अप 2' से निकलने के बाद बातचीत में शादी में धोखे के बारे में खुलकर बात की।

## किशोर कुमार ने मांगी थी मोटी फीस तो बेटे से गंवाया 'पर्दा है पर्दा' गाना...



**नई दिल्ली।** 1977 में मनमोहन देसाई की चार बड़ी फिल्में रिलीज हुई थीं। उनमें से एक थी 'अमर अकबर एंथनी'। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना और ऋषि कपूर लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी तीन ऐसे भाइयों की होती है जिन्हें उनका पिता एक पार्क में छोड़ आता है। बाद में तीनों भाइयों का अलग धर्मों में पालन पोषण होता है। इस फिल्म की कहानी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। लेकिन, इसके गानों की अपनी एक अलग जगह रही। इस फिल्म ने उस साल के सबसे बेहतरीन गाने दिए। भक्ति गीत हो या कव्वाली, इस फिल्म का अहम हिस्सा रहे।

### अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक

फिल्म अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक उस समय की सबसे हिट जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने तैयार किया था। फिल्म में कुल 7 गाने थे। शिरड़ी वाले साई बाबा, तैय्यब अली प्यार के दुश्मन हाय हाय, टाइटल सॉंग अमर अकबर एंथनी, हमको तुमसे हो गया है प्यार क्या करें जैसे गाने शामिल थे। लेकिन, जिस गाने को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली वो था ऋषि कपूर पर फिल्माया 'पर्दा है पर्दा' था। फिल्म के इस कव्वाली गाने को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से सजाया था और इसके गीत लिखे थे आनंद बक्शी ने। ये गाना उस साल का नंबर 2 पर था जिसे दुनियाभर में खूब सुना गया।

गाने में ऋषि कपूर की एक्टिंग और एक्सप्रेशन आज भी हिट है। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की एक लाइन गाने के लिए पहले किशोर कुमार से बात की गई थी। लेकिन, वो सिर्फ एक लाइन के लिए इस गाने का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे।

### आज भी पसंद किया जाता है यह गाना

किशोर कुमार ने फिल्म के गाने 'पर्दा है पर्दा'में एक लाइन गाने के लिए मोटी फीस की मांग कर दी। ऐसे में म्यूजिक डायरेक्टर की जोड़ी निराश हो गई। बाद में ये लाइन किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार ने कम पैसों में गाकर पूरी की।

**एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है**

## 9 भाषाएं, 24 फिल्में, सिनेमा में 98 साल पुराना और गहरा है देवदास का इतिहास


*मुंबई । स्व. शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का कालजयी उपन्यास देवदास एक शताब्दी से भारतीय सिनेमा की धड़कन बना हुआ है। संदीप भूतोड़िया के अनुसार यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि मानवीय कमजोरियों और बदलते सामाजिक मूल्यों का ऐसा जीवंत आईना है जो हर पीढ़ी को अपना सा लगता है।*

### सिनेमा में साहित्य

भारतीय साहित्य की बहुत कम कृतियों को सिनेमा की दुनिया में ऐसा जादुई और असाधारण जीवन मिला है, जैसा शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के कालजयी उपन्यास देवदास को मिला। वर्ष 1917 में प्रकाशित यह लघु उपन्यास एक युवा जमींदार के बेटे देवदास की कहानी कहता है। देवदास का अपने बचपन के प्यार पार्वती (पारो) के साथ रिश्ता पारिवारिक घमंड और कठोर सामाजिक रूढ़ियों की भेंट चढ़ जाता है।

### देवदास की कहानी

अपनी दुविधा और भावनात्मक कमजोरी के कारण देवदास पारो को एक अधिक अमीर परिवार में ब्याहे जाते हुए देखता है। इसके बाद शराब की लत में डूबकर वह तवायफ चंद्रमुखी के संपर्क में आता है, जिसकी सच्ची सहानुभूति देवदास की जीवन से भागने की लाचारी से बिल्कुल अलग दिखती है। यह कहानी भारतीय साहित्य के सबसे दर्दनाक मोड़ पर खत्म होती है, जहां देवदास आखिरी बार पारो से मिले बिना उसके घर के बाहर दम तोड़ देता है।




### हिंदी में सहगल को किया कास्ट

इसकी भारी सफलता के बाद उन्होंने अगले ही वर्ष इसे हिंदी में बनाया और के.एल. सहगल को कास्ट किया। सहगल के अभिनय और अमर गानों ने पूरे भारत में देवदास को अमर कर दिया। बरुआ ने बाद में इसका असमिया संस्करण भी बनाया, जिससे यह भारतीय सिनेमा के शुरुआती बहुभाषी प्रोजेक्ट्स में से एक बना। बरुआ ने अकेले ट्रेन का सफर और बंद दरवाजों के बाहर मौत जैसे दृश्यों से एक ऐसा विजुअल ढांचा तैयार किया, जिसे बाद के निर्देशक हमेशा दोहराते रहे।

### 24 फिल्में अब तक बनी हैं देवदास उपन्यास पर

9 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में पर्दे पर उतरी है देवदास की कहानी। यह हैं हिंदी, बंगाली, तेलुगु, तमिल,मलयालम, असमिया, भोजपुरी, ओड़िया और उर्दू। अकेले निर्देशक पी.सी. बरुआ ने ही 3 अलग भाषाओं (बंगाली, हिंदी, असमिया) में इस पर तीन फिल्में बनाईं। 3 अन्य देशों (पाकिस्तान, बांग्लादेश और सिंगापुर) में भी देवदास पर फिल्में बनी हैं।

### दुनिया के सामने भव्य प्रदर्शन

वर्ष 2002 में संजय लीला भंसाली की देवदास के साथ इस कहानी में एक बहुत बड़ा और नाटकीय बदलाव देखने को मिला। शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित के अभिनय से सजी इस फिल्म ने यथार्थवाद को पूरी तरह छोड़कर एक भव्य और ओपेरा जैसी नाटक शैली को अपनाया। आलीशान सेट, चमचमाते महंगे कपड़े और गानों के भव्य दृश्यों ने शरत चंद्र की इस भावुक और शांत त्रासदी को एक विशाल सिनेमाई उत्सव में बदल दिया। कान फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के बाद इस फिल्म को वैश्विक पहचान मिली और दुनिया भर के दर्शकों ने देवदास को जाना। जहां पुरानी शैली के आलोचक इसके भारी तड़क-भड़क पर सवाल उठा रहे थे, वहीं भंसाली ने यह साबित कर दिया कि कहानी की मूल आत्मा को खोए बिना इसे नए युग की भव्यता के साथ पेश किया जा सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930